www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 6 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक-272 | पृष्ठ-10 | मूल्य-3.00 रुपए





सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के दौर से ... 02

■ जन सुरक्षा के लिए गोकुलपुर ड्रेन को छह माह के...
■ शहरीकरण की पूरी क्षमता को सामने लाने ... 03

■ इजरायली गोलीबारी में 14 फिलिस्तीनियों की मौत
■ बीस देश मिलकर करेंगे हाउती हमलों का मुकाबला 07

गोल्डन साड़ी में जान्हवी कपूर ने अपनाया ... 10

# पश्चिम बंगाल में ईडी की टीम पर हमला

## टीएमसी नेता के घर छापेमारी कर रही थी ईडी की टीम, कारों के शीशे तोड़े

**कोलकाता,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में शुक्रवार को ईडी और सीआरपीएफ की टीम पर भीड़ ने जानलेवा हमला कर दिया। करीब 200 लोगों ने जांच एजेंसी के दो वाहनों में तोड़फोड़ की। इसमें कुछ अफसरों के सिर में चोट आई हैं। उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा।

■ कुछ अफसरों के सिर में चोट आई
■ ईडी टीम ने 15 ठिकानों पर रेड की

**राशन घोटाला मामला**



ईडी की टीम शुक्रवार को राशन घोटाला मामले में राज्य के 15 ठिकानों पर रेड की। टीम साउथ 24 परगना जिले के संदेशखली गांव में तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां और बोंगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या के घर रेड के लिए पहुंची थी। तो तृणमूल समर्थकों ने उन्हें घेर लिया और उन पर हमला कर दिया। शेख शाहजहां उत्तर 24 परगना जिला परिषद के मत्स्य एवं पशु संसाधन अधिकारी होने के साथ-साथ संदेशखाली का ब्लॉक अध्यक्ष भी है। वह राज्य के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी भी है। मल्लिक खुद राशन घोटाले में जेल में बंद हैं। अफसरों ने बताया कि टीम पर हमला तब हुआ, जब शाहजहां के घर का ताला तोड़ा जा रहा था। टीम ने शाहजहां को कई बार फोन कर बुलाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं आए। जिले के पुलिस अधीक्षक से भी बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने भी बात नहीं की।

कलकत्ता हाईकोर्ट के जज ने कहा

### पश्चिम बंगाल में संवैधानिक ढांचा ढह रहा



***कोलकाता।*** *कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में संवैधानिक ढांचा ढह रहा है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस इस मामले में कोई बयान क्यों नहीं दे रहे हैं। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने यह टिप्पणी तब की जब हाईकोर्ट के एक वकील ने उन्हें उत्तरी 24 परगना जिले के संदेशखली में तृणमूल कांग्रेस नेता शेख साजहान के आवास पर छापा मारने की कोशिश के दौरान स्थानीय गुंडों द्वारा ईडी के अधिकारियों और केंद्रीय बलों के जवानों पर हमले के बारे में अवगत कराया। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने पूछा कि राज्यपाल राज्य में संवैधानिक ढांचे के पतन पर कोई बयान क्यों नहीं दे रहे हैं। उन्होंने इस मामले में राज्य पुलिस की भूमिका के बारे में भी पूछताछ की।*

### राज्यपाल ने गृह सचिव और डीजीपी को तलब किया

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद राज्य के गृह सचिव और डीजीपी को तलब किया है। बोस ने कहा- यह एक भयानक घटना है। यह चिंताजनक और निंदनीय है। लोकतंत्र में बर्बरता और बर्बरता को रोकना एक सभ्य सरकार का कर्तव्य है। यदि कोई सरकार अपने मूल कर्तव्य में विफल रहती है, तो भारत का संविधान अपना काम करेगा।

### वन मंत्री ज्योतिप्रिय किए जा चुके हैं गिरफ्तार

ईडी ने कथित राशन घोटाले मामले में 26 अक्टूबर 2023 को ममता सरकार के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के ठिकानों पर रेड की थी। इसके बाद 27 अक्टूबर को उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। ज्योतिप्रिय पहले खाद्य मंत्री रह चुके हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने चीन पर सरकार को घेरा

# चीनी राजनयिक के आरएसएस मुख्यालय पहुंचने की वजह बताए



**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि चीन के साथ भारत के संबंध सामान्य नहीं हैं इसके बावजूद चीनी राजनयिक के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस मुख्यालय पहुंचने की खबरें हैं और इस पर यह बताना जरूरी है कि आखिर राजनयिक किस मकसद से आरएसएस मुख्यालय गए। श्री खडगे ने कहा, एक तरफ़ मोदी सरकार के विदेश मंत्रालय ने पहली बार माना कि चीन के साथ रिश्ते नार्मल नहीं हैं और दूसरी तरफ़, ख़बरों के अनुसार चीन के राजनयिक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय गये, क्यों गए, किसलिए गए, क्या बातचीत हुई। पीएलआई स्कीम में निर्माण के लिए चीनी पेशेवरों, तकनीशियनों को मोदी सरकार ने वीजा में छूट दी है। क्यों दी है, क्या चीन ने हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एशियन गेम्स के लिए नत्थी वीजा नहीं दिया था। क्या 2020 में चीन से सैनिकों से लड़ते हुए हमारे 20 वीर जांबाजों ने गलवान में प्राणों की आहुति नहीं दी थी। उन्होंने कहा, मोदी सरकार को तय कर लेना चाहिए कि उनकी चीनी नीति क्या है-'न कोई हमारी सीमा में घुसा' वाली मोदी जी की चीन को क्लीन चिट है या उन्हीं के विदेश मंत्रालय वाली 'नॉट नार्मल' है जिसमें उन्होंने एप बैन के अलावा कुछ नहीं किया। लद्दाख समेत, पूरा देश स्पष्ट रूप से जानना चाहता है।

### 22 से पहले अयोध्या जा सकते हैं कांग्रेस नेता

अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है। भाजपा इसका पूरा श्रेय लेने की कोशिश कर रही है। इस बीच खबर है कि कांगेस नेता भी राममंदिर दर्शन करने जा सकते हैं। लेकिन वे प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन से पहले ही अयोध्या जाएंगे। माना जा रहा है कि 14 जनवरी के बाद किसी भी दिन कांग्रेस नेता राममंदिर दर्शन के लिए पहुंच सकते हैं। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

## सार संक्षेप

### मंत्रिमंडल ने 4797 करोड़ की पृथ्वी योजना को मंजूरी दी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की 4797 करोड़ रुपए की व्यापक योजना पृथ्वी विज्ञान (पृथ्वी) को मंजरी दे दी । पृथ्वी विज्ञान योजना को 2021-26 की अवधि के के लिए मंजूरी दी गई है। इस योजना में पांच उप-योजनाएं, वायुमंडल और जलवायु अनुसंधान-मॉडलिंग अवलोकन प्रणाली और सेवाएं , महासागर सेवाएं, मॉडलिंग अनुप्रयोग, संसाधन और प्रौद्योगिकी, ध्रुवीय विज्ञान शामिल हैं।

### अलका लांबा महिला कांग्रेस की नई अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने महिला कांग्रेस में बड़ा फेरबदल करते हुए वरिष्ठ नेता अलका लांबा को संगठन का नया अध्यक्ष बनाया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी ने छात्र नेता वरुण चौधरी को अपनी छात्र इकाई राष्ट्रीय छात्र संगठन-एनएसयूआई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए छानबीन समितियां का भी गठन किया है।

### धोनी का पूर्व पार्टनर पर 15 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप



**रांची।** महेंद्र सिंह धोनी ने अरका स्पोर्ट्स मैनेजमेंट नामक कंपनी पर 15 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए रांची की अदालत में मुकदमा दर्ज कराया है। इस कंपनी के साथ महेंद्र सिंह धोनी ने ग्लोबल लेवल पर क्रिकेट एकेडमी की स्थापना को लेकर 2017 में करार किया था। करार की शर्तों का पालन न करने पर उन्होंने कंपनी को कई नोटिस दिए थे।

### संसद सुरक्षा सेंध मामले में 5 आरोपियों का पॉलीग्राफी टेस्ट होगा



**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले 6 आरोपियों में से 5 का पॉलीग्राफ टेस्ट होगा। 2 आरोपियों मनोरंजन और सागर ने नार्को एनालिसिस और ब्रेन मैपिंग टेस्ट के लिए कोर्ट में अपनी सहमति दी है। बाकी तीन आरोपी अमोल, ललित और महेश भी पॉलीग्राफी टेस्ट के लिए तैयार हो गए। छठवीं आरोपी नीलम आजाद ने पॉलीग्राफ टेस्ट कराने से मना कर दिया है।

### मप्र की गणतंत्र दिवस की झांकी में दिखेगी आत्मनिर्भर नारी

**भोपाल।** गणतंत्र दिवस के मौके पर नई दिल्ली में आयोजित होने वाले समारोह में विभिन्न राज्यों की झांकियां का प्रदर्शन किया जाता है। इस मौके पर मध्य प्रदेश की प्रदर्शित की जाने वाली झांकी की थीम 'विकास का मंत्र-आत्मनिर्भर नारी है।

# उत्तर भारत में पड़ रही हाड़ कंपाने वाली ठंड



■ अगले हफ्ते ही ठंड से कुछ राहत मिलने का अनुमान
■ आठ व नौ जनवरी को हल्की बारिश की है संभावना

**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर-पश्चिम दिशाओं से चल रही बर्फीली हवाओं के चलते उत्तर भारत में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ रही है। गुरुवार को ठंड ने लोगों को दिनभर ठिठुराया और अधिकतम तापमान 12-18 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जो मौसम के हिसाब से सामान्य से कई डिग्री कम है।

मौसम विभाग ने कहा कि दिन में लगातार बादल छाए रहने और सूरज के नहीं दिखाई देने के कारण पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से 2-6 डिग्री सेल्सियस नीचे गिर गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, आठ और नौ जनवरी को हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना है। मौसमी दशाओं में बदलाव के कारण बारिश से तापमान में बढ़त हो सकती है। अगर अधिकतम तापमान मौसम के हिसाब से सामान्य से 4.5-6.4 डिग्री नीचे गिरता है तो ठंडा दिन घोषित किया जाता है। यदि तापमान सामान्य से 6.5 डिग्री कम हो तो गंभीर ठंडा दिन घोषित किया जाता है। दिल्ली के सफदरजंग वेधशाला में गुरुवार को अधिकतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 6.8 डिग्री नीचे है। हरियाणा के हिसार में अधिकतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य से 6.8 डिग्री कम है।

### घने कोहरे की भी भविष्यवाणी

गर्म और नम दक्षिण-पश्चिमी हवाओं से रविवार के बाद न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। मप्र, राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में अगले सप्ताह की शुरुआत में हल्की से बहुत हल्की बारिश हो सकती है। इसके अलावा मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा और उत्तरी राजस्थान के कुछ हिस्सों में घने से बहुत घने कोहरे की भी भविष्यवाणी की है।

# चुनाव आयोग ने ईवीएम पर कांग्रेस का अनुरोध ठुकराया

**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) तथा वीवीपैट को लेकर आयोग से चर्चा करने संबंधी अनुरोध को यह कहते हुए ठुकरा दिया है कि ईवीएम के इस्तेमाल आयोग को पूरा भरोसा है इसलिए इस बारे में किसी चर्चा की आवश्यकता नहीं है। आयोग ने कहा है कि ईवीएम को लेकर जो कुछ जानकारी जनता के बीच है। ईवीएम से जुड़ी पूरी जानकारी सवालों तथा उनके जवाब के साथ व्यापकता से दिए गए हैं। इन सवालों तथा उनके जवाब में ईवीएम से जुड़े सभी आशंकाओं का निराकरण है।

ईवीएम से मतदान के बाद वीवीपैट की व्यवस्था पर आयोग ने कहा कि ईवीएम में डाले गए वोट की व्यवस्था कांग्रेस सरकार के शासनकाल में 2013 में शुरू की गई थी। आयोग ने यह भी कहा कि ईवीएम तथा वीवीपैट को लेकर पहले भी व्यापक जानकारी दी जा चुकी है।





■ आयोग ने कहा, ईवीएम पर भरोसा, चर्चा की जरूरत नहीं
■ वीवीपैट पर कहा, कांग्रेस शासनकाल में शुरू की गई थी

**आयोग से मिलना चाहते थे इंडिया गठबंधन के नेता**

आयोग ने यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार को लिखे पत्र के जवाब में कही है जिसमें उन्होंने आयोग से अनुरोध किया था कि विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के नेताओं का एक दल वीवीपैट पर अपना मत रखने को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त तथा उनके सहयोगियों से मिलना चाहता है। आयोग ने कहा है कि ईवीएम से जुड़ी सारी जनकारी बाजाद में मौजूद दस्तावेजों में उपलब्ध है। इंडिया गंठबंधन के नेताओं से मुलाकात के एजेंडे को लेकर जो तथ्य दिए गए हैं उनमें कुछ भी नया नहीं है।

### ईवीएम का लेकर विरोध तेज हुआ



वकीलों व सिविल सोसाइटी के लोगों ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** ईवीएम को लेकर अब राजनीतिक दल ही नहीं आम लोग भी सवाल करने लगे हैं। इसलिए अब देश में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग तेज होती जा रही है। शुक्रवार को भी दिल्ली में बड़ा प्रदर्शन हुआ। वकीलों और सिविल सोसाइटी के लोगों ने पटियाला हाउस कोर्ट से रैली निकालते हुए चुनाव आयोग के कार्यालय की ओर मार्च किया। लेकिन पुलिस ने चुनाव कार्यालय तक मार्च को नहीं पहुंचने दिया। इस दौरान वरिष्ठ वकील महमूद प्राचा ने कहा कि ने कहा कि हम किसी भी कीमत पर ईवीएम से चुनाव नहीं होने देंगे। हमारे प्रदर्शन में सभी विपक्षी दलों का भी समर्थन मिलेगा। इस दौरान आज हमें भले ही पुलिस ने रोक दिया है लेकिन हम फिर आएंगे ।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इनकार

# मथुरा की शाही मस्जिद को हटाने की याचिका खारिज

### शाही ईदगाह को कृष्ण जन्मभूमि घोषित करने के लिए याचिका दायर की थी



■ हाई कोर्ट भी इस तरह की याचिका कर चुका है खारिज
■ भूमि के संबंध में समझौतों की वैधता पर सवाल उठाया था

**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद स्थल को कृष्ण जन्मभूमि के रूप में मान्यता देने और मस्जिद को हटाने के लिए एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया। इसके पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी इस तरह की याचिका खारिज की थी, जिसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की गई थी. हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता किसी भी कानून की वैधता को चुनौती देते हुए एक अलग याचिका दायर कर सकता है।

सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष शुक्रवार को सुनवाई हुई. पिछले अक्टूबर में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा जनहित याचिका खारिज करने के बाद अधिवक्ता महक माहेश्वरी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। उन्होंने विवादित स्थल को हिंदू भगवान कृष्ण के वास्तविक जन्मस्थान के रूप में मान्यता देने की मांग की थी और कृष्ण जन्मभूमि जन्मस्थान के लिए एक ट्रस्ट की स्थापना के लिए जमीन हिंदुओं को सौंपने का आग्रह किया था। जनहित याचिका के माध्यम से, वकील ने दावा किया था कि यह स्थल इस्लाम से पहले का है और अतीत में विवादित भूमि के संबंध में किए गए समझौतों की वैधता पर सवाल उठाया था। सुनवाई की शुरुआत में, न्यायमूर्ति खन्ना ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से कहा कि जनहित याचिका की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि एक ही मुद्दे पर कई सिविल मुकदमे लंबित हैं।

# इसरो ने अपने ईंधन सेल का किया सफल परीक्षण



■ इससे अंतरिक्ष में बिजली और पानी बन सकेगा
■ परीक्षण में गैसों से 180 डब्ल्यू बिजली उत्पन्न की गई

**चेन्नई,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि उसने अंतरिक्ष में अपने ईंधन सेल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इससे अंतरिक्ष में बिजली और पानी बन सकेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, उसने 1 जनवरी को पीएसएलवी-सी58 रॉकेट पर लॉन्च किए गए अपने कक्षीय प्लेटफ़ॉर्म, पीओईएम3 में 100 डब्ल्यू श्रेणी के पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन ईंधन सेल आधारित पावर सिस्टम (एफसीपीएस) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इसरो ने कहा कि प्रयोग का उद्देश्य अंतरिक्ष में पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन ईंधन सेल संचालन का आकलन करना और भविष्य के मिशनों के लिए सिस्टम के डिजाइन की सुविधा के लिए डेटा एकत्र करना है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि छोटी अवधि के परीक्षण के दौरान, उच्च दबाव वाले जहाजों में ऑन-बोर्ड पीओईएम पर संग्रहीत हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैसों से 180 डब्ल्यू बिजली उत्पन्न की गई।

# आप ने स्वाति मालीवाल को बनाया राज्यसभा उम्मीदवार

### संजय सिंह व एनडी गुप्ता को भी दिया दूसरा मौका




**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को राज्यसभा के लिए अपना उम्मीदवार नामित किया है। जबकि, जबकि संजय सिंह और एनडी गुप्ता को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से नामांकित किया है। स्वाति मालीवाल को राज्यसभा में सुशील कुमार गुप्ता की जगह मौका दिया गया है। आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीतिक मामलों की समिति ने 19 जनवरी को दिल्ली में होने वाले आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने नामांकन को अंतिम रूप दिया।

इलाज | *भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर ने किया शोध*

# कैंसर व मस्तिष्क विकारों के उपचार की जगी आशा

**कानपुर, 5 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी-के) के शोध ने कैंसर और मस्तिष्क विकारों जैसे अल्जाइमर और पर्किंसंस रोगों के उपचार में नई आशाएं जगाई हैं। जी प्रोटीन-युग्मित रिसेप्टर्स (जीपीसीआर) और केमोकाइन रिसेप्टर डी6 के अध्ययन के साथ बायोमेडिकल शोध में मिली इस सफलता से उपचार के नए विकल्प सामने आए हैं।**

शोध से मिली जानकारी रोग की स्थितियों के तहत इन रिसेप्टर्स को नियंत्रित करने के लिए नई दवाओं जैसे अणुओं को डिजाइन करने की संभावना खोलती है। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर एस गणेश ने कहा कि यह शोध लक्षित चिकित्सा में एक नए युग के द्वार खोलता है जो दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए कैंसर और न्यूरोलॉजिकल स्थितियों का समाधान प्रदान कर सकता है। ये बीमारियां, जो अत्यधिक पीड़ा और आर्थिक बोझ का कारण बनती हैं, इन निष्कर्षों के आधार पर प्रभावी उपचार का एक नया युग विकसित हो सकता है। इस शोध परियोजना की सफलता दुनिया भर के वैज्ञानिकों के साथ हमारे सफल सहयोग का भी प्रमाण है।



■ बायोमेडिकल शोध में उपचार के नए विकल्प सामने आए

**दूसरे देश के शोधकर्ताओं के साथ काम किया**

इस परियोजना में आईआईटी कानपुर की टीम ने जापान, कोरिया गणराज्य, स्पेन और स्विट्जरलैंड के शोधकर्ताओं के साथ काम किया। प्रोफेसर अरुण शुक्ला और टीम को हार्दिक बधाई, जो जीपीसीआर जीव विज्ञान में उत्कृष्ट शोध कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं को शामिल करने वाला यह सहयोगात्मक प्रयास न केवल जटिल बीमारियों की समझ को बढ़ाता है, बल्कि नवोन्मेषी जैव चिकित्सा अनुसंधान में अग्रणी के रूप में भारत की स्थिति को भी मजबूत करता है और कुछ सबसे गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए आईआईटी कानपुर की प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

जी प्रोटीन-युग्मित रिसेप्टर्स मस्तिष्क कोशिकाओं की सतह पर छोटे एंटेना की तरह होते हैं, जो उन्हें संचार करने में मदद करते हैं और मस्तिष्क के कई कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# देश

**उवाच** "भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी है। गरीबों के हितों को छोड़कर, पूंजीपतियों को लाभ पहुंचा रही है। तहसीलें भ्रष्टाचार का अड्डा बन गई हैं, योगी सरकार में कोई भी अधिकारी बिना रिश्वत के कोई काम नहीं कर रहा है। पूंजीपतियों के कर्जे माफ किए जा रहे हैं।

**–शिवपाल सिंह यादव, सपा के राष्ट्रीय महासचिव**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 14.0 | 06.0 |
| मुंबई | 26.0 | 21.0 |
| कोलकाता | 22.0 | 15.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 26.0 |

# सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा भारत : ओम बिरला

**नई दिल्ली, 5 जनवरी (देशबन्धु)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को संसद भवन

■ **बुल्गारिया के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने की लोस अध्यक्ष से मुलाकात**

परिसर में रिपब्लिक ऑफ बुल्गारिया की नेशनल असेंबली के प्रेसीडेंट रॉसेन जेल्याजकोव के नेतृत्व में भारत के दौरे पर आए संसदीय शिष्टमंडल के साथ बैठक की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विश्व में भारत के बढ़ते कद का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि भारत सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। भारत और बुल्गारिया के बीच वर्षों पुराने और सुदृढ़ मैत्रीपूर्ण संबंधों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों देश लोकतंत्र, रूल ऑफ लॉ, जन केंद्रित शासन व्यवस्था और पारदर्शिता के साझे मूल्यों में विश्वास करते हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उल्लेख किया कि दिसम्बर 2024 में दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे हो रहे हैं। दोनों देशों के घनिष्ट संसदीय संबंधों पर चर्चा के दौरान बुल्गारिया की नेशनल असेंबली में



**जन केंद्रित शासन व्यवस्था व पारदर्शिता के साझे मूल्यों में विश्वास करते हैं दोनों देश : ओम बिरला**

फ्रेंडशिप ग्रुप फॉर इंडिया के गठन पर बिरला ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह समूह दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ करने में सक्रिय योगदान देगा। बिरला ने शिष्टमंडल को सूचित किया कि भारत की संसद में भी फ्रेंडशिप ग्रुप का गठन किया गया है।

**भारत की लोकतांत्रिक विरासत का किया उल्लेख**

भारत की लोकतांत्रिक विरासत का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि कि आजादी के 75 वर्षों में भारतीय लोकतंत्र और अधिक मजबूत हुआ है तथा इसकी जड़ें और गहरी हुई हैं। दोनों देशों के सांझे मूल्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की शक्ति के कारण आज दोनों देश विकास और समृद्धि के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। बिरला ने दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ाने की अपार संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी, शिक्षा, व्यापार और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग में और वृद्धि हो। उन्होंने विचार व्यक्त किया कि नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वाहन और कृषि के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की पर्याप्त संभावनाएं हैं। भारत और बुल्गारिया के बीच वैश्विक मंचों पर सहयोग की लंबी परंपरा का जिक्र करते हुए बिरला ने सुझाव दिया कि बुल्गारिया भारत द्वारा शुरू की गई अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन जैसी अंतर्राष्ट्रीय पहलों में शामिल होने पर भी विचार करे। इस अवसर पर बुल्गारिया की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष रोसेन जेल्याजकोव ने बिरला को धन्यवाद दिया।

## आज वैश्विक एजेंडा तय कर रहा है भारत : लोस अध्यक्ष

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली मजबूत और स्थिर सरकार के कारण भारत वैश्विक समस्याओं का समाधान प्रदान कर रहा है और वैश्विक एजेंडा तय कर रहा है। जी-20 में भारत के नेतृत्व के विषय में उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन के दौरान, अपने लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर भारत वैश्विक एजेंडा निर्धारित करने और कई महत्वपूर्ण और विवादास्पद मुद्दों पर आम सहमति बनाने में सक्षम रहा।

## ईडी अधिकारियों पर हमला निंदनीय : आनंद बोस

**कोलकाता, 5 जनवरी (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने शुक्रवार को कहा कि वह उन हमलावरों के खिलाफ संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार उचित कार्रवाई करेंगे जिन्होंने उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में टीएमसी नेता शेख साजहान के आवास पर छापा मारने गए ईडी और सीएएफपी टीमों पर हमला किया था। राज्यपाल ने कहा, ऐसे बर्बर कृत्यों को रोकना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन यदि राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारियों के अनुसार कार्रवाई शुरू करने में विफल रहती है, तो संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार सही समय पर सही कदम उठाए जाएंगे।



उन्होंने हमले को लेकर निंदा की। उन्होंने राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए एक नोट भी जारी किया कि यदि सरकार अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में विफल रहती है तो परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार को इस तरह के बर्बर कृत्यों को रोकने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। राज्य सरकार को जमीनी स्तर की वास्तविकताओं को समझना चाहिए अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। उनका बयान कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि पश्चिम बंगाल में संवैधानिक ढांचा ढह रहा है।

# कांग्रेस एकमात्र सच्ची व सबसे बड़ी धर्मनिरपेक्ष पार्टी : शर्मिला

**नई दिल्ली, 6 जनवरी (एजेंसियां)।** वाईएसआर तेलंगाना पार्टी के कांग्रेस में विलय के एक दिन बाद, वाई.एस.शर्मिला ने शुक्रवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश की एकमात्र सच्ची और सबसे बड़ी धर्मनिरपेक्ष पार्टी करार देते हुए उन्होंने कहा कि इसने हमेशा सभी वर्गों की सेवा करने और भारत के लोगों को एकजुट करने की भारत की संस्कृति को बरकरार रखा है। राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना मेरे पिता का सपना था। मुझे खुशी है कि मैं इसे साकार करने में हिस्सा लेने जा रही हूं। इसके बाद उन्होंने कहा कि कांग्रेस उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, वह लेने को तैयार हैं।

शर्मिला ने पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस पार्टी उन्हें जिम्मेदारी देने पर विचार कर रही है, जिस पर उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे से चर्चा की है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस.जगन मोहन रेड्डी की बहन और पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला ने कहा कि जैसा कि मैंने पहले भी कहा है कि मुझे जो कोई भी जिम्मेदारी दी जाएगी, मैं उसे लेने के लिए तैयार हूं। बाद में उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट करते हुए लिखा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलकर खुशी हुई। आगे बढ़ने और विभिन्न मोर्चों पर पार्टी को मजबूत करने के बारे में उनका मार्गदर्शन लिया। आगे और नया क्या होगा, इसके लिए उत्साहित हूं। शर्मिला ने उन्हें दी जाने



**मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर की मुलाकात**

वाली जिम्मेदारी पर चर्चा के लिए एआईसीसी महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल से भी मुलाकात की। उन्हें उम्मीद है कि उनकी जिम्मेदारी पर एक या दो दिन में स्थिति साफ हो जाएगी। शर्मिला ने बाद में मीडियाकर्मियों से कहा था कि वह वाईएसआर तेलंगाना पार्टी का कांग्रेस में विलय कर खुश हैं। उन्होंने कहा कि उनके पिता वाईएसआर ने न केवल अपना पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी की सेवा की, बल्कि कांग्रेस पार्टी की सेवा में अपना जीवन भी दे दिया।

जब उनसे पूछा गया कि क्या वह आंध्र प्रदेश में जिम्मेदारी स्वीकार करने के लिए तैयार हैं, तो उन्होंने पत्रकारों से कहा, मैं पार्टी द्वारा दी गई कोई भी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हूं।

## सार संक्षेप

### बुल्गारिया के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने की धनखड़ से मुलाकात

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शुक्रवार को बुल्गारिया की राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष रोजेन झेल्याजकोव के नेतृत्व में एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि धनखड़ से बुल्गारिया की राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष रोजेन झेल्याजकोव ने उप राष्ट्रपति निवास पर बैठक की। इस बैठक में बुल्गारिया का एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल भी साथ रहा। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों और लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लेख किया।

### बिहार में महिला की पीट-पीटकर मार डाला

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले के फुलवरिया थाना क्षेत्र में बच्चे के पेशाब करने को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि एक महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी। दरअसल, यह पूरा मामला बारुगाछी गांव का है। जहां एक बच्चे के पेशाब करने से नाराज पड़ोसियों ने उसके परिजनों की पिटाई कर दी, जिससे एक महिला की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतक महिला की पहचान शाहीन परवीन के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मृतक महिला परिवार का एक बच्चे ने गुरुवार की रात पड़ोसी की एक खाली जमीन पर पेशाब कर दिया, जिससे पड़ोसी के परिजन नाराज हो गए।

### तेलंगाना के पूर्व मंत्री पर जमीन हड़पने का आरोप

**हैदराबाद।** तेलंगाना के पूर्व मंत्री मल्ला रेड्डी पर उनकी जमीनें हड़पने का आरोप लगाते हुए लोगों के एक समूह ने शुक्रवार को प्रजा वाणी कार्यक्रम के दौरान यहां प्रजा भवन में विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि भारत राष्ट्र समिति नेता ने दुलापल्ली में मल्ला रेड्डी विश्वविद्यालय के पास उनकी जमीन हड़पने के लिए फर्जी दस्तावेज बनाए। पीड़ितों ने कहा कि 360 भूखंडों में से मल्ला रेड्डी और उनके सहयोगियों ने 130 पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने वर्तमान ए.रेवनाथ रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार से उन्हें न्याय दिलाने का आग्रह किया।

### संतान की चाहत में तांत्रिक ने ली महिला की जान

**झाबुआ।** मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में परिवार की संतान पाने की चाहत में महिला को तांत्रिक के हवाले कर दिया। तांत्रिक ने महिला को लोहे की जंजीरों से बांधकर इतना पीटा कि उसकी जान ही चली गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मामला मेघनगर के नागनवाट गांव का है, यहां की रंजीता की लगभग डेढ़ दशक पहले प्रकाश के साथ शादी हुई थी।

# गुजरातियों को ठग कहकर बुरे फंसे तेजस्वी यादव

**पटना, 5 जनवरी (देशबन्धु)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 22 जनवरी के लिए टल गई है। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को हुई सुनवाई में उनके वकील कपिल सिब्बल ने तेजस्वी के बयान पर सफाई देते हुए हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा। मार्च में दिए बयान में तेजस्वी ने गुजरातियों को ठग कहा था।



इसके खिलाफ अहमदाबाद में मानहानि का केस दर्ज हुआ है। बाद में इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया अब इसी मामले में हुई सुनवाई में शीर्ष न्यायालय तेजस्वी यादव के ममाले की अगली सुनवाई 22 जनवरी तक टाल दी है। तेजस्वी पर आरोप है कि उन्होंने कथित रूप से कहा था कि वर्तमान स्थिति में केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं, और उनकी धोखाधड़ी (अपराध) माफ कर दी जाएगी। इस पर शिकायतकर्ता ने दावा किया कि बयान सार्वजनिक रूप से दिया गया था और पूरे गुजराती समुदाय को ठग कहना सभी गुजरातियों को सार्वजनिक रूप से बदनाम और अपमानित करता है। उन्होंने तेजस्वी यादव के लिए अधिकतम सजा की मांग करते हुए कहा, एक ठग एक दुष्ट, धूर्त और आपराधिक व्यक्ति है और पूरे समुदाय के साथ इस तरह की तुलना से लोग गुजरातियों को संदेह की नजर से देखेंगे।

**मध्य प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर बोला हमला**

# चुनावी वादे पूरा करती नजर नहीं आ रही मप्र सरकार

**जबलपुर, 5 जनवरी (एजेंसियां)।** मध्य प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज की है, इसी

■ **विधानसभा चुनाव परिणाम आए हुए एक महीना हुआ पूरा**

दौरान भाजपा की ओर से प्रदेशवासियों से अनेक वादे किए गए। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा की सरकार किए गए वादों को पूरा करती नजर नहीं आ रही है, जनवरी के अंत तक यदि वादे पूरे नहीं होंगे तो कांग्रेस सड़कों पर आंदोलन करेगी। जबलपुर पहुंचे कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि चुनाव से पहले भाजपा ने जनता से वादा किया था कि लाडली बहना योजना में बहनों को 3000 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे, किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान और 2,700 रुपए प्रति क्विंटल के रेट से गेहूं की खरीद की जाएगी, इसके अलावा रसोई गैस का सिलेंडर 450 रुपए में दिया जाएगा।



**जनवरी में वादे पूरे नहीं तो कांग्रेस आंदोलन करेगी : जीतू पटवारी**

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव परिणाम आए हुए एक महीना दो दिन हो चुके हैं, लेकिन, अब तक सरकार ने कोई भी वादा नहीं निभाया है।

विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री ने भाजपा का वचन पत्र हाथ में लेकर कहा था कि यह हमारी रामायण और गीता है तो मैं जानना चाहता हूं कि दो-तीन दिन पहले जबलपुर में कैबिनेट की जो बैठक हुई, उसमें इस रामायण और गीता का एक भी वचन पूरा करने का फैसला क्यों नहीं लिया गया। जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को चुनौती देते हुए कहा है कि यह जनवरी पूरा आपका है, लेकिन, फरवरी से विपक्ष अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अब कार्यकर्ता ही पार्टी का नेतृत्व करेगा। बैठक में लोकसभा चुनाव के साथ ही राहुल गांधी की यात्रा को लेकर योजना बनाई जाएगी। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के संबंध में एक सवाल के जवाब में पटवारी ने कहा कि भगवान राम का मंदिर बने, कांग्रेस पार्टी हमेशा इसकी पक्षधर रही है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा कहा कि कोर्ट जो निर्णय लेगा, उसका सम्मान करेगी और देश के हर नागरिक ने उसका स्वागत किया। हम भी उसमें सम्मिलित हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश स्तर पर चुनाव से जुड़ी समिति के लिए इस बैठक में चर्चा होगी। इसके साथ राहुल गांधी की यात्रा के लिए भी समितियां बनाई जानी हैं। इन सभी का निर्णय भी इसी बैठक में होगा। प्रदेश के नेताओं के बीच समन्वय के लिए भी समिति बनाई जा सकती है।

आठ जनवरी को होने वाली बड़ी बैठक से पहले शनिवार को भी एक अहम बैठक प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में होने वाली है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने विस चुनाव में हारे हुए सभी उम्मीदवारों को इस बैठक में बुलाया है।

## जनता को न्याय दिलाने के लिए हो रही न्याय यात्रा

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में पटवारी ने कहा कि यह न्याय यात्रा जनता को न्याय दिलाने के लिए हो रही है। 90 प्रतिशत लोग महंगाई से जूझ रहे हैं, क्यों जूझ रहे हैं? आर्थिक असमानता क्यों आई है। सामाजिक असमानता, आर्थिक असमानता, शैक्षिक असमानता, राजनीतिक असमानता को दूर करने के लिए राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। जीतू पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा आगामी दिनों में प्रदेश के 9 जिले से गुजरेगी, जिसमें 30 विस व 5 लोकसभा क्षेत्र भी होंगे।

# शोपियां के चोटीगाम में आतंकी ढेर

**श्रीनगर, 5 जनवरी (एजेंसियां)।** दक्षिण कश्मीर में शोपियां जिले के चोटीगाम इलाके में शुक्रवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के



एक आतंकी को मार गिराया। पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकवाद विरोधी अभियान में प्रतिबंधित आतंकी संगठन के एक आतंकवादी को ढेर कर दिया। पुलिस ने कहा कि शोपियां के गांव चोटीगाम इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष सूचना मिली थी।

जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस, सेना और सीआरपीएफ ने तड़के संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी अभियान के दौरान जैसे ही संयुक्त दल संदिग्ध स्थान की ओर पहुंचा, छिपे हुए आतंकियों ने उन पर फायरिंग कर दी। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस ने कहा, मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। मुठभेड़ स्थल से उसका शव बरामद कर लिया गया है।

## मुठभेड़ स्थल से हथियार व गोला-बारूद बरामद

पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से एक एके सीरीज राइफल, तीन मैगजीन सहित आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। पुलिस ने आगे कहा कि वह कश्मीरी पंडित सुनील कुमार भट्ट की हत्या और चोटीगाम के रहने वाले अन्य कश्मीरी पंडित प्रीतिम्बर नाथ को हमला कर घायल करने में भी शामिल था। वह चोटीगाम निवासी स्थानीय बाल कृष्ण उर्फ सोनू पर हुए हमले में भी शामिल था। इसके अलावा, वह स्थानीय युवाओं को आतंकवादी रैंकों में शामिल होने के लिए उकसाने में भी शामिल था। उसने 12 स्थानीय युवाओं को आतंकवादियों के रैंक में शामिल किया था। अन्य आतंकी अपराधों के अलावा, वह एक गिरफ्तार आतंकवादी की हत्या में भी शामिल था, जो वर्ष 2022 में नौगाम में सीएएसओ के दौरान खोज दल का नेतृत्व कर रहा था।

## कोविड संक्रमण के 761 नए मामले दर्ज

**नई दिल्ली, 5 जनवरी (एजेंसियां)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि भारत में शुक्रवार को पिछले 24 घंटों में 761 नए कोविड-19 के मामले सामने आए हैं। वहीं, 12 लोगों की मौत हो गई है।

मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 24 घंटे की अवधि में एक दर्जन नई मौतें हुईं, जिनमें केरल में पांच, कर्नाटक में चार, महाराष्ट्र में दो और यूपी में एक मौत हुई। गुरुवार को दो मौतें हुईं, जिनमें से एक केरल और एक कर्नाटक से थी। इस बीच सक्रिय मामलों की कुल संख्या गुरुवार के 4,423 से गिरकर 4,334 हो गई। जनवरी 2020 में फैलने के बाद से अब तक भारत में कोरोना वायरस मामलों की कुल संख्या 4,50,16, 604 तक पहुंच गई है, जबकि कोविड मामलों से संबंधित मौतों की संख्या 5,33,385 हो गई है।

नया वैरिएंट जेएन.1 सबवेरिएंट, ओमीक्रॉन सबवेरिएंट का वंशज है, जिसे बीए.2.86 या पिरोला के नाम से जाना जाता है, केरल इस मामले की रिपोर्ट करने वाला पहला राज्य है।

# सीतामढ़ी लोकसभा सीट को लेकर गहराता जा रहा विवाद

**पटना, 5 जनवरी (देशबन्धु)।** इंडिया अलायंस महागठबंधन में सीतामढ़ी लोकसभा सीट को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस बार जेडीयू और राजद के नेताओं ने मिलकर संभावित जदयू प्रत्याशी देवेश चंद्र ठाकुर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसको लेकर सीतामढ़ी जिले के महागठबंधन के सभी विधायकों, पूर्व विधायकों एवं पूर्व सांसद ने अहम बैठक की है।

बताया जा रहा है कि अगर जल्दी की इस विवाद का निबटारा नहीं किया गया तो महागठबंधन के भीतर इसको लेकर खींचतान आगे बढ़ सकती है। दरअसल, विधानपरिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर की सीतामढ़ी सीट से दावेदारी के बाद विरोधी गुट सक्रिय हो गया है। पटना के एक बड़े होटल में टिकट की दावेदारी को लेकर बैठक हुई है। जिसमें जेडीयू नेता रंजू गीता, रामेश्वर महतो, राम कुमार शर्मा, राणा रणधीर, राज किशोर कुशवाहा सहित



■ **देवेश चंद्र ठाकुर की उम्मीदवारी पर जदयू-राजद नेताओं का विरोध**

कई नेता मौजूद रहे। इस मीटिंग में राजद से कब्बू खिरहर, सुनील कुशवाहा, अर्जुन राय सहित अन्य नेताओं की उपस्थिति रही।

बता दें कि सीतामढ़ी लोकसभा सीट से महागठबंधन ने अपना उम्मीदवार लगभग तय कर लिया है। बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने दावा किया था कि उनको राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनाव की तैयारी करने के लिए कहा है।

**राजनीति** *जदयू का सीट बंटवारे को लेकर खुला ऐलान*

# लोकसभा चुनावों में 16 सीट से कम का कोई सवाल नहीं

**पटना, 5 जनवरी (देशबन्धु)। अगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार के महागठबंधन या इंडिया गठबंधन में घमासान बढ़ने की संभावना दिखने लगी है। लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर जेडीयू ने अपना स्टैंड क्लीयर कर दिया। जेडीयू ने कहा है हमारे 16 सीटिंग सांसद हैं, इससे कम सीट मंजूर नहीं बल्कि इससे ज्यादा सीटें चाहिए।**

जेडीयू ने ये भी क्लीयर किया है कि कांग्रेस और लेफ्ट पार्टी अपनी सीटों को लेकर राजद से बात करें। सीट शेयरिंग पर जेडीयू की बात सिर्फ राजद से होगी। लोकसभा में सीट शेयरिंग पर जेडीयू के स्टैंड को आज नीतीश के खास माने जाने वाले मंत्री संजय झा ने स्पष्ट किया। पटना में मीडिया से बात करते हुए संजय झा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर हमारी बातचीत सिर्फ राजद से होगी।



■ **कांग्रेस अपनी बात आरजेडी से करे, हमें कोई मतलब नहीं : झा**

कांग्रेस या लेफ्ट पार्टियों को अगर सीट शेयरिंग पर बात करनी है तो वे राजद से बात करें। जब उनकी बातचीत फाइनल हो जायेगी तो हमारी बातचीत राजद से होगी। संजय झा ने कहा कि फिलहाल जेडीयू के 16 लोकसभा सांसद हैं। इससे कम सीटों पर लड़ने की बात कहां उठती है। संजय झा ने इशारों में कहा कि जेडीयू की दावेदारी 16 सीटों से ज्यादा पर है। उन्होंने कहा कि जब राजद से बात होगी तो सीट को लेकर जेडीयू की दावेदारी की चर्चा होगी। फिलहाल बात नहीं हुई है। मंत्री संजय झा ने कहा कि इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग में लगातार देर हो रही है। नीतीश कुमार ने जब विपक्षी एकता की नींव रखी थी, तभी से वे कह रहे हैं कि जल्द से जल्द सीट शेयरिंग कर लिया जाए।

बिहार के मंत्री संजय झा ने कहा कि नीतीश कुमार ने तो कहा था कि अक्टूबर 2023 से पहले सीट शेयरिंग कर लिया जाए और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन से विपक्षी पार्टियों का साझा अभियान शुरू हो जाए। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। संजय झा ने कहा कि 19 दिसम्बर को हुई इंडिया गठबंधन की पिछली बैठक में भी नीतीश कुमार ने कहा था कि जनवरी तक सीट शेयरिंग फाइनल कर लिया जाए और उसके बाद चुनाव अभियान शुरू कर दिया जाए। लेकिन अब तक बातचीत आगे नहीं बढ़ी है। मंत्री संजय झा ने नीतीश कुमार के इंडिया गठबंधन के संयोजक बनने की खबरों को भी गलत बताया। संजय झा ने कहा कि जेडीयू और नीतीश कुमार शुरू से ही साफ-साफ कहते रहे हैं कि उन्हें किसी पद की इच्छा नहीं है। वे चाहते हैं कि विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर भाजपा का मुकाबला करे।

संजय झा ने नीतीश कुमार के लिए भाजपा द्वारा दरवाजा बंद रहने से संबंधित प्रश्न के उत्तर में कहा कि उनके पास जा कौन रहा है। जब जाना ही होता तो हमलोग छोड़कर गए ही क्यों थे। हमलोग ही भाजपा को छोड़कर बाहर आए हैं तो फिर से लौटने का सवाल कहां है।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

बब्लू : ऐसा लगता है कि वो लड़की ऊंचा सुनती है। मैं कुछ कहता हूं वो कुछ और ही बोलती है।
डब्ल्यू : वो कैसे ?
बब्लू : मैंने कहा, आई लव यू,
तो वह बोली मैंने कल ही सैंडल खरीदे हैं।

# जन सुरक्षा के लिए गोकुलपुर ड्रेन को छह माह के अंदर किया जाएगा कवर : शैली

## शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के वार्ड-230 भजनपुरा क्षेत्र का किया निरीक्षण

- वरिष्ठ नागरिक केंद्र में सीनियर सिटीजन के लिए उपयुक्त इंतजाम किए जाएं
- मेयर ने गोकुलपुर ड्रेन पर पुलिया के निर्माण कार्य का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने शुक्रवार को शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के वार्ड-230 भजनपुरा क्षेत्र का निरीक्षण किया। मेयर दिल्ली के सभी वार्डों में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उदेश्य से लगातार विभिन्न वार्डों का दौरा कर रही हैं। इस दौरान मेयर ने गोकुलपुर ड्रेन पर एक पुलिया के निर्माण कार्य का उद्घाटन भी किया। इस दौरान पार्षद रेखा रानी ने मेयर को गोकुलपुर ड्रेन की समस्या के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ड्रेन खुली है और इसमें कूड़ा चला जाता है, जिससे यह ड्रेन कूड़े से पटी रहती है। ऐसे में पार्षद रेखा ने मांग की इस ड्रेन को कवर कर दिया जाए। जिससे लोग इसमें कूड़ा ना डाल सकें। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि स्थानीय लोगों के समस्या के मद्देनजर 6 महीनों के भीतर ड्रेन को कवर करवाया जाएगा। इससे लोगों को सुविधा भी होगी और सुरक्षा भी मिलेगी। इसके लिए जल्द प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिक केंद्र में सीनियर सिटीजन के लिए उपयुक्त इंतजाम किये जाएं। यहां पर जल्द ही लाइब्रेरी बनाई जाए जिससे ना केवल सीनियर सिटीजन बल्कि बच्चों के लिए पढ़ने के लिए उपयुक्त जगह मिल सके।

### एमसीडी ऑफिस में खुलेगी डिस्पेंसरी

भजनपुरा वार्ड में एक भी डिस्पेंसरी नहीं है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतें आती हैं। हफ्ते में दो बार मोबाइल डिस्पेंसरी आती है, लेकिन बहुत भीड़ हो जाती है और सभी की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताएं पूरी नहीं हो पाती हैं। इस समस्या को दूर करते हुए मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि वार्ड में एमसीडी का ऑफिस है, जिसमें 4 कमरे हैं।

### मेयर ने एमसीडी स्कूल का भी दौरा किया

इसके अलावा मेयर ने एमसीडी स्कूल का दौरा किया और मिड डे मील, पानी की उपलब्धता, टीचर्स की उपलब्धता, स्टेशनरी, स्कूल बैगस, सीसीटीवी कैमरे आदि के बारे में बात की। साथ ही एमसीडी पार्क में चारदीवारी बनाने के लिए कहा। इस मौके पर शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के उपायुक्त, संजीव कुमार मिश्रा सहित वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। स्थानीय पार्षद रेखा रानी उपस्थित रहे।

## लोस चुनाव की तैयारियों को कांग्रेस ने बनाया वार रूम



**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी का वार-रूम गठित किया। राजेश गर्ग को वार रूम का चेयरमैन और राजीव शर्मा को को-चेयरमैन नियुक्त किया। अरविंदर सिंह लवली ने बताया कि वार रुम मंडल अध्यक्षों और सेक्टर इंचार्ज की नियुक्ति कराने की दिशा में काम करेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रदेश वार रूम के साथ जिला स्तर पर भी वार रूम का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए जमीनी स्तर पर नीति निर्धारण तय करके संगठन को मजबूत बनाना चाहती है।

# शहरीकरण की पूरी क्षमता को सामने लाने को सहभागिता महत्वपूर्ण : हरि बाबू



- नारेडको का 16वां राष्ट्रीय सम्मेलन भारत में रियल एस्टेट के भविष्य को नए आकार में ढालेगा

**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। नेशनल रियल एस्टेट डिवेलपमेंट काउंसिल नारेडको नई दिल्ली के ताज पैलेस होटल में 2 और 3 फरवरी 2024 को 16वें राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इस सम्मेलन की थीम रियल एस्टेट की बदलती तस्वीर है। यह सम्मेलन प्रमुख हितधारकों को एक प्लेटफॉर्म पर लाएगा। इनमें सरकारी अधिकारी, इंडस्ट्री के दिग्गज और निवेशक शामिल होंगे।

राष्ट्रीय सम्मेलन में इन हितधारकों को भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर के विकास और बदलाव की गतिशालता को समझने का अवसर मिलेगा। नारेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरि बाबू ने कहा कि भारत में शहरीकरण की पूरी क्षमता को सामने लाने के लिए सहभागिता और आपसी साझेदारी महत्वपूर्ण कारक है। हम एक साथ मिलकर स्थायी, रहने योग्य और सभी वर्गों को जगह देने वाले शहरों का निर्माण कर सकते हैं, जिससे कारोबारियों का व्यापार खूब फले-फूले। सामाजिक समानता को बढ़ावा मिले और सभी नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार आए। नारेडको के चेयरमैन डॉ. निरंजन हीरानंदानी ने कहा कि भारत के रियल स्टेट सेक्टर में बदलाव लाने के लिए यह सम्मेलन तरह-तरह के नए नजरियों की खोज, चुनौतियों के निपटारे, समस्याओं के समाधान और उपलब्धियों का जश्न मनाकर एक प्रेरक का काम करेगा। इसमें पूरा फोकस नकदी के संकट, नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स और दिवालियापन पर रहेगा। नारेडको के वाईस चेयरमैन राजन बंदेलकर ने कहा कि रियल एस्टेट सेक्टर की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण कारक के रूप में पहचान की गई है। इस सेक्टर को कई क्षेत्रों पर तेजी से तरह-तरह के प्रभाव डालने, रोजगार सृजन करने और सहायक इंडस्ट्रीज के साथ बेहतर संबंधों के लिए जाना जाता है। यह सम्मेलन नेटवर्क बनाने, सीखने और मिलजुलकर प्रयास करने का मंच बनेगा।

**सार संक्षेप**

### सर्दी में वायु प्रदूषण से होने वाली श्वसन समस्याओं को आयुर्वेद उपचार से बेहतर करें

**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर से, खास कर के दिल्ली जैसे ज्यादा आबादी वाले शहरी इलाकों में, श्वसन स्वास्थ्य के बारे में चिंताएं बढ़ गई हैं, जिससे सर्दी और खांसी से संबंधित बीमारियों में वृद्धि हुई है। इन मौसमी समस्याओं से बचने के लिए आयुर्वेद एक विश्वसनीय समाधान है। वासा, हरिद्रा, कंटकारी, यष्टिमधु और पिप्पली जैसी वनौषधिया के साथ सूजन-रोधी एंटी-इन्फ्लेमेटरी, और कफ दूर करने के गुणों से युक्त आयुर्वेदिक कफ सिरप, जमाव को दूर करने, परेशान म्यूकोसा को शांत करने और सामान्य सर्दियों की बीमारियों को कम करने में मदद करती है। आधुनिक विज्ञान और प्राचीन आयुर्वेद के मिश्रण के साथ अपने उन्नत फॉर्मूलेशन के लिए मान्यता प्राप्त, चरक 30 से अधिक देशों में लोकप्रिय है। वेदिस्ट्री चरक फार्मा प्राइवेट लिमिटेड डिवीजन के निदेशक डॉ. राम एच श्रॉफ ने कहा कि श्वसन संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए एक व्यापक और समय के कसौटी पर जांचा हुआ दृष्टिकोण अपनाया जाय यही आज समय की मांग है। प्राकृतिक तत्वों के मिश्रण के साथ आयुर्वेदिक कफ सिरप या कोफोल जैसी चबाने योग्य गोलियां भी आधुनिक विज्ञान और टेक्नोलोजी की तरह इस प्राचीन शास्त्र प्रणालि का महत्व दर्शाती है।

### नार्को सिंडिकेट चलाने के आरोप में 19 वर्षीय सरगना और सहयोगी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि नार्को सिंडिकेट के एक 19 वर्षीय सरगना को राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास ड्रग्स की सप्लाई करने के आरोप में चार अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया है। सिंडिकेट दिल्ली से लेकर ओडिशा तक चलाया जा रहा था। गिरोह के सरगना की पहचान दिल्ली के गोपालपुर निवासी हर्ष वर्धन के रूप में हुई है। उसके साथियों की पहचान दिल्ली के तिलक नगर निवासी रमेश कुमार शर्मा उर्फ सोनू, रघुबीर नगर निवासी अमित कुमार तिवारी, लाजपत नगर के जल विहार निवासी अरुल पांडियन और ओडिशा के जिला नयागढ़ निवासी विश्वजीत महापात्रा उर्फ डीजे के रूप में की गई है।

# दिल्ली देहात की अनदेखी आम आदमी पार्टी को पड़ेगी भारी : सोलंकी

## झाडोदा कलां गांव में हुई तपेदारों की महत्वपूर्ण बैठक



**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी (आप) की तरफ से अपने तीन राज्यसभा उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किए जाने के बाद से दिल्ली देहात के पूरे क्षेत्र से भारी नाराजगी सामने आ रही है। चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी की अध्यक्षता में शुक्रवार को दिल्ली के झाडोदा कलां गांव में पालम-360 के सभी तपेदारों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें आप के नामित राज्यसभा उम्मीदवारों में से एक भी दिल्ली देहात से न लिए जाने का कड़ा विरोध किया गया। इस बारे में पालम-360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि दिल्ली देहात के 360 गांवों का देश के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत में गौरवशाली योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखों ने मुगलों से लेकर अंग्रेजों तक के खिलाफ देश की लड़ाई लड़ी है, मगर आज जिस तरह से दिल्ली के सत्ताधारी दल आम आदमी पार्टी ने अपने तीनों राज्यसभा उम्मीदवारों में दिल्ली देहात के 360 गांव के 36 बिरादरी में से किसी एक को भी प्रतिनिधित्व देना उचित नहीं समझा। इससे यहां के सभी लोगों में काफी आक्रोश और निराशा है। सोलंकी ने कहा कि दिल्ली के विधानसभा चुनाव हों या एमसीडी के चुनाव, दिल्ली देहात के लोगों ने आम आदमी पार्टी को कई विधायक और पार्षद जीता कर दिए हैं, मगर आज जब राज्यसभा में प्रतिनिधित्व देने की बात आई तो आप पार्टी ने पूरे दिल्ली देहात के क्षेत्र के लोगों और 360 गांवों की अनदेखी कर दी है। निश्चित रूप से इसका खामियाजा आने वाले चुनाव में आम आदमी पार्टी को भुगतना पड़ेगा। बता दें कि इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल चौ धारा सिंह प्रधान बवाना 52, चौ नरेश प्रधान लाडोसराय 96, धर्मपाल भारद्वाज मुंढेला, राव त्रिबूहन सिंह सुरेहडा 17, राजेन्द्र डागर अध्यक्ष ग्राम सुधार समिति झाड़ौदा कलां सहित मौजूद सभी गणमान्य लोगों और गांव देहात के प्रतिनिधियों ने आम आदमी पार्टी के इस निर्णय पर अपना घोर विरोध जाहिर किया।

# विधायक ने किया नंदराम मोहल्ला की गलियों का शिलान्यास

**38 लाख की लागत से इन सभी 12 गलियों का होगा निर्माण**



**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर पूर्वी जिला घौंडा विधानसभा क्षेत्र घौंडा वार्ड 231 के नंदराम मोहल्ला की गलियों का निर्माण कार्य घौंडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय महावर सानिध्य निगम पार्षद प्रीति गुप्ता घौंडा वार्ड 231 एवं घौंडा मंडल अध्यक्ष सतीश राघव की अध्यक्षता में शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर प्रीति गुप्ता एवं अजय महावर नंदराम मोहल्ला के क्षेत्रवासियों से मिले उनकी समस्याएं सुनी एवं संबंधित अधिकारियों से उन्हें तुरंत जल्द ही निवारण के लिए कहा। इस अवसर पर अजय महावर ने कहा नंदराम मोहल्ला में काफी समय से गलियों को बनने की बात चल रही थी, तकरीबन 15 से 18 साल से यह गालियां नहीं बनी थी। आज तकरीबन 38 लाख की लागत से इन सभी 12 गलियों का निर्माण कार्य जो काफी क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं, या नीचे रह गई हैं, 3 महीने के भीतर सभी को जल्द ही बना दिया जाएगा। इस अवसर पर घौंडा वार्ड 231 की निगम पार्षद प्रीति गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र की हर समस्या उनकी समस्या है जिसे मिलकर, एकजुट होकर कर पाना संभव है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सतीश राघव, दिनेश धामा, सचिन छजलाना, दिलीप गुप्ता, मनोज गौतम, बृजमोहन शर्मा, मीडिया विजय भाटिया, कमलेश कश्यप, उर्मिला शुक्ला, शीतल शुक्ला, नीरज गुप्ता, कृष्णा कश्यप, मनोज परिहार, हरीश शर्मा, ललित चौधरी, सागर सांवरिया मनोज सोनी, सोनम शर्मा, कुलदीप सिंह, एवं मण्डल के अनेक कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने मुठभेड़ के बाद कुख्यात अपराधी को पकड़ा

**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुठभेड़ के बाद एक वांछित हथियारबंद लुटेरे को गिरफ्तार किया। यह राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर लोगों से छीना-झपटी करते समय गोली चलाने से भी नहीं हिचकिचाता था। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान शाहदरा निवासी सरफराज उर्फ आकिल के रूप में हुई है, जो हत्या के प्रयास सहित 15 से अधिक मामलों में शामिल रहा है। स्पेशल सेल के विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने कहा कि दक्षिण-पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में सरफराज की गतिविधियों के बारे में जानकारी थी। उस पर नज़र रखने के लिए टीम तैनात की गई थी क्योंकि आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था। टीम के लगातार प्रयास तब सफल हुए जब सोमवार को तुगलकाबाद किले के पास एमबी रोड पर आरोपी सरफराज के आने की विशेष जानकारी मिली।

रात सरफराज को एमबी रोड पर महरौली की ओर से स्कूटी पर आते देखा गया। जब उसने अपनी स्कूटी तुगलकाबाद किले की चारदीवारी के पास खड़ी की, तो पुलिस टीम ने उसे घेर लिया और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। धालीवाल ने आगे कहा कि उसने पिस्तौल निकाली और पुलिस टीम की ओर एक राउंड फायर किया। हालांकि, पुलिस ने उस पर काबू कर उसे पकड़ लिया।

# ठिठुरती ठंड में जरूरतमंद लोगों को बांटे गए कंबल

**सर्व हितम् मानव सेवा संस्थान ने बढ़ाए मदद के हाथ**



**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। बर्फीली हवाओं ने एक बार फिर दिल्ली में ठिठुरन बढ़ा दी है। लगातार तापमान में गिरावट जारी है। इसके चलते मजबूर गरीबों की मदद करने के लिए दिल्ली की एक गैर-सरकारी संस्था सर्व हितम् मानव सेवा संस्थान द्वारा चलाए जा रहे प्रोजेक्ट अरुणा के तहत ओखला स्थित गुरु विश्राम वृद्ध आश्रम में डोनेशन ड्राइव का आयोजन किया गया। संस्था के इस प्रयास से तकरीबन सौ लोगों तक मदद पहुंची। इस मौके पर वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सोनल गोयल भी मौजूद रहीं। सोनल वृद्धाश्रम में कंबल बॉटती नजर आई। सोनल ने कहा कि सर्व हितम् मानव सेवा संस्थान के इस प्रयास से सैकड़ों-हजारों लोगों को सर्दी का सामना करने में मदद मिलेगी। साथ ही यह संस्था पूर्व में भी ऐसी हितकारी गतिविधियां आयोजित करती आ रही है। कंबल पाने वाले चेहरों पर राहतभरी मुस्कान नजर आई। आईएएस सोनल गोयल अपनी पहली पुस्तक नेशन कॉलिंग के चलते चर्चा में बनी हुई हैं। महिलाओं और समाज के मुद्दों पर मुखर रहने वाली सोनल, सोशल मीडिया पर भी काफी मुखर हैं। जहां लाखों लोग उन्हें फॉलो करते हैं। इससे पहले भी सोनल अपने निजी संसाधनों से कई डोनेशन ड्राइव आयोजित कर चुकी हैं। सोनल बताती हैं कि इसका मकसद अपने पिता के कदमों पर चलना है और यह सुनिश्चित करना है कि हमारे आस-पास के लोग बुनियादी जरूरतों से महरूम न रहे।

**उद्घाटन** *मेट्रो ने टिकट बुकिंग सुगम बनाने के उठाए कदम*

# वन दिल्ली मोबाइल ऐप के साथ किया एकीकृत

**नई दिल्ली, 5 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन डीएमआरसी अपने यात्रियों के लिए अपने टिकटिंग सिस्टम में निरंतर नए-नए प्रयोगों के माध्यम से टिकट बुकिंग को सुगम बनाने की दिशा में कार्यरत रहता है। इसी क्रम में डीएमआरसी ने अपनी टिकट सेवाओं को वन दिल्ली मोबाइल एप्लिकेशन में समाहित करने की घोषणा की है, जिससे यात्री बिना रुकावट के और सुगमता से दिल्ली मेट्रो और दिल्ली की शहरी बस सेवाओं की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। वन दिल्ली ऐप वर्तमान में डीटीसी बसों के लिए क्यूआर टिकट उत्पन्न करने के लिए प्रयुक्त है, और अब यह दिल्ली मेट्रो के लिए भी क्यूआर टिकट शामिल करके संघटित यात्रा।**

- इस साझेदारी से दिल्ली मेट्रो में यात्रा और भी सुविधाजनक हो पाएगी
- मेट्रो सेवाओं को एक नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा यह ऐप

योजनाओं के लिए एक समृद्ध प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। यह एकीकरण इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, दिल्ली के सहयोग से किया गया है, जो दिल्ली सरकार के लिए वन दिल्ली ऐप का प्रबंधन करता है।

दिल्ली सरकार द्वारा लॉन्च की गई इस ऐप में राष्ट्रीय राजधानी की बस सेवाओं के सभी विवरण और टिकट विकल्प की सुविधा उपलब्ध है। इस साझेदारी से दिल्ली मेट्रो में यात्रा और भी सुविधाजनक हो पाएगी, जिससे यात्रियों को उनकी परिवहन आवश्यकताओं के लिए एक जगह समाधान मिलेगा। यह ऐप बसों और मेट्रो में यात्रा सुविधा की पेशकश करके मेट्रो सेवाओं को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा।




### मेट्रो भवन में सुविधा का शुभारंभ किया

डॉ. विकास कुमार, प्रबंध निदेशक, डीएमआरसी आशीष कुंद्रा, परिवहन आयुक्त, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार व प्रवेश बियानी, हेड, सेंटर फॉर मोबिलिटी, आईआईआईटी-डी ने संयुक्त रूप से अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में मेट्रो भवन में इस सुविधा का शुभारंभ किया।

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा
जिला- गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0 )
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि G01 आवसीय भवनों की योजना के अन्तर्गत भवन संख्या B-155, Area-200, Sqmt, Sector-Gamma-01, Allotment No.-G0117012, Greater Noida, Sh. Baldev Raj Malhotra S/o Late Sh. Ram Rang Malhotra के पक्ष में सयुंक्त रूप से आवंटित/पंजीकृत है। इनमें से आवंटी Sh. Late Sh. Baldev Raj Malhotra की मृत्यु दिनांक 24.09.2021 को हो गयी है। मृतक आवंटी Sh. Late Sh. Baldev Raj Malhotra के पुत्र एवं मूल आवंटी Sh. Vivek Malhotra, Ashish Malhotra & Vikash Malhotra S/o Late Sh. Baldev Raj Malhotra द्वारा उपरोक्त वर्णित भवन को प्रस्तुत प्रपत्रों/शपथ पत्रों/मृत्यु प्रमाण पत्र/वारिसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई अपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में Late Sh. Baldev Raj Malhotra के स्थान पर उनके पुत्र एवं मूल आवंटी Sh. Vivek Malhotra Ashish Malhotra & Vikash Malhotra S/o Late Sh. Baldev Raj Malhotra R/o A-125, Gaur Green Avanu Abhay Khand-2, Indrapuram Shippra Sun City, Distt. Ghaziabad (U.P.) के नाम पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति )
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी. आर.एम.ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली डिवीजन के डीएलआई-आरई अनुभाग के बीच स्वचालित सिग्नलिंग के प्रावधान के साथ 25 केवी/230 वी. 10 केवीए सहायक ट्रासफार्मर का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | Rs.78,19,053.92/- |
| बयाना राशि | Rs.1,56,400/- |
| ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 17.01.2024 (10.30बजे) से 31.01.2024 (15.00बजे तक) |
| ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 31.01.2024 (15.00 बजे) |
| निविदा छपाई की लागत | Cap (PH-33) |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या - 41-क.वि., - नई दिल्ली-2023-24
दिनांक : 04.01.2024 46/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी जिला-गौतमबुद्धनगर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Border Roads Co-Operative Housing Sociery Ltd. के माध्यम से आवंटित भवन/भूखण्ड संख्या-A-3/131, Himsagar Appartment, Plot No,-11, Pocket-P4, Builders Area, Greater Noida , G.B.Nagar (U.P) क्षेत्रफल 192.11 वर्ग मीटर Mr. Dilbagh Singh S/o Late Pradhan Singh के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Mr. Dilbagh Singh S/o Late Mr. Pradhan Singh की मृत्यु दिनांक-02.12.2022 को हो जाने के उपरान्त उक्त भवन वसीयत के आधार पर उनकी पत्नी (Mrs. Bina Kumari W/o Late Dilbagh Singh) ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Mr. Dilbagh Singh S/o Late Pradhan Singh के स्थान पर पूर्ण रूप से उनकी पत्नी (Mrs. Bina Kumari W/o Late Dilbagh Singh) के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथमतल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लाक-पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, पिन कोड-201308
जिला गौतमबुद्व नगर (उ0प्र0) दूरभाष न0-0120-2395151, फैक्स नं0-0120-2395150
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एल0एफ0डी0 परियोजना के अन्तर्गत आवंटित भूखण्ड सं0-173, 2nd PARK VIEW IN GAUR YAMUNA CITY, SECTOR-19, YAMUNA EXPRESSWAY, G.B. NAGAR, SUPER AREA - 84 SQM. जो कि स्व0 श्री सुमित श्रीवास्तव के नाम पर संयुक्त रूप से सबलीज्ड है। सबलेसी की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति में उनके 1/2 भाग को उनकी पत्नी एवं सन्दर्भित सम्पत्ति की सह उप-पट्टा धारक श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया गया है।

अतः इस नामांतरण (Death Mutation) के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में स्व0 श्री सुमित श्रीवास्तव की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति में उनके 1/2 भाग को उनकी पत्नी श्रीमती अनुभा श्रीवास्वत के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

(प्रबन्धक सम्पत्ति)

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

जन जागृति के संकल्प को सुदृढ करने वाली इस यात्रा का उद्देश्य भारत को विकसित बनाना और देशवासियों को खुशहाली व समृद्धि से जोड़ना है। इसके लिए सभी उपस्थित लोगों को शपथ ग्रहण करायी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की गई: **डॉ. वीके सिंह, सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री**

## एनटीपीसी के खिलाफ किसानों का जोरदार प्रदर्शन



**नोएडा,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा में शुक्रवार को एनटीपीसी के खिलाफ किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने ताला-जंजीर लेकर एनटीपीसी की परिक्रमा शुरू कर दी। किसानों को पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इसके बाद किसानों और पुलिस के बीच नोकझोंक हुई। धक्का-मुक्की करके किसानों ने आगे बढ़ने का प्रयास किया, मगर पुलिस की सख्ती के आगे उनकी एक न चली। प्रदर्शन में शामिल महिलाएं बैरिकेडिंग पर चढ़ गईं, जिन्हें महिला पुलिसकर्मियों ने नीचे उतारा। किसानों ने ऐलान किया था कि परिक्रमा पूरी होने के बाद एनटीपीसी पर तालाबंदी कर देंगे। काम नहीं होने देंगे। हालांकि बाद में एनटीपीसी के सीएमडी से एक सप्ताह में बैठक करने के आश्वासन के बाद किसानों ने तालाबंदी का फैसला टाल दिया। हालांकि एनटीपीसी पर धरना लगातार जारी रहेगा।

**105 गांव के किसानों ने की नारेबाजी**

इस प्रदर्शन में 105 गांव के किसान शामिल हुए। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने बैरिकेडिंग लगा दी थी। शुक्रवार दोपहर किसान भारतीय किसान परिषद की अगुवाई में एनटीपीसी की परिक्रमा शुरू की। महिलाएं भी प्रदर्शन में शामिल हुईं। बैरिकेडिंग पर पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। यहां धक्का-मुक्की हुई। इसी बीच महिलाएं बैरिकेडिंग पर चढ़ गईं। जमकर नारेबाजी की। दरअसल, करीब 24 गांव के किसान सीधे तौर पर प्रभावित हैं। जिनका समर्थन नोएडा के 81 गांव के किसान भी कर रहे है। सुबह से ही किसानों ने यहां धरना दिया। इसके बाद ताला बंदी के लिए उठे लेकिन किसानों को रोक दिया गया।

- ताला जंजीर लेकर एनटीपीसी के चारों ओर लगाई परिक्रमा
- सीएमडी से सात दिन में होगी बैठक, इस आश्वासन पर टाला तालाबंदी का फैसला

**किसानों की मांग जिनके लिए किया जा रहा धरना**

- एक समान दर से मुआवजा दिया जाए।
- बच्चों के लिए स्कूल और एनटीपीसी में नौकरी दी जाए।
- एनटीपीसी के प्रभावित सभी किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूमि दी जाए।
- एनटीपीसी दादरी के 5 किमी के दायरे में रहने वाले भूविस्थापित को फ्री में बिजली दी जाए।
- 200 बेड का अस्पताल बनाया जाए। दादरी में दो डिग्री कॉलेज खुलवाया जाए।

### किसानों का कहना है कि यह आर-पार की लड़ाई है

भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने बताया कि कड़ाके की ठंड में महिलाएं और बुजुर्ग दिन-रात धरने पर हैं। 19 दिन से लगातार धरना जारी है। समान मुआवजा, रोजगार, 10त्न प्लाट अन्य मांगों पर हमने घर छोड़ा हुआ है। एनटीपीसी के सीएमडी से सीधे बातचीत की जाएगी। यदि वे नहीं मानते तो धरना जारी रहेगा।

## उच्च गुणवत्ता का उत्पाद बनाने वाली कंपनी के एमडी को किया सम्मानित

**नोएडा,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। ब्यूरो ऑफ़ इण्डियन स्टैण्डर्ड के स्थापना दिवस के एक दिन पहले सेक्टर -55 में नोएडा स्थित एक होटल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमे जे एंड एस वायरलिंक्स प्राइवेट लिमिटेड को लगातार उच्च गुड़वत्ता का उत्पाद बनाने पर कंपनी के एमडी सुधीर श्रीवास्तव को बीआईएस की ओर डिप्टी डायरेक्टर जनरल श्याम सुंदर की ओर से सम्मानित किया गया । इस अवसर पर सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि अब समय आ गया है। जब हम अंतरराष्ट्रीय मानक का विश्व स्तरीय उत्पाद बनाए जिससे हमारे माल की डिमांड एवं खपत विश्व स्तर पर होगी। गुणवत्ता को बनाये रखने में भारतीय मानक ब्यूरो अपना विशेष योगदान दे रहा है। जिससे हमें उच्च गुणवत्ता का माल बनाने में मदद मिल रही है । हम बीआईएस एवं संपूर्ण टीम को धन्यवाद देते हैं। इस अवसर पर बीआईएस जॉइंट डायरेक्टर-ऋतुराज, डिप्टी डायरेक्टर विजय कुमार , असिस्टेंट डायरेक्टर सचिन गुप्ता एवं भारत सिंह मौजूद रहे ।

## परिवार नियोजन का संदेश देने निकला सारथी वाहन

**नोएडा,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। छोटे परिवार के बड़े फायदे का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए शुक्रवार को सेक्टर 39 स्थित जिला अस्पताल से सारथी वाहन रवाना किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच) डा. ललित कुमार और जिला कार्यक्रम प्रबंधक मंजीत कुमार ने हरी झंडी दिखाकर सारथी वाहन को रवाना किया। यह लगातार चार दिन तक जनपद के शहरी क्षेत्रों में घूमकर परिवार नियोजन का प्रचार करेगा।

डा. ललित कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन संबंधी जानकारी का प्रचार करने के लिए जनपद में सारथी वाहन चलाया गया है। लाउड स्पीकर के माध्यम से परिवार नियोजन और पुरुष नसबंदी के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने पुरुषों से अपील की है कि वह आगे आकर नसबंदी अपनाएं और अपने परिवार को खुशहाल बनाएं। उन्होंने कहा कि पुरुषों को लगता है कि नसबंदी कराने से कमजोरी आती है, लेकिन यह एकदम निराधार बात है। पुरुष नसबंदी स्थाई परिवार नियोजन का एकदम सुरक्षित और कारगर उपाय है। यह मामूली सी शल्य क्रिया है और महिला नसबंदी के मुकाबले आसान भी है। इसलिए पुरुषों को भी परिवार नियोजन में बराबर की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनजीत कुमार ने बताया कि सारथी वाहन नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के क्षेत्रों में चार दिन लगातार परिवार नियोजन का संदेश देगा। पहले दिन

- जिला अस्पताल से हुआ रवाना, नगरीय क्षेत्र में करेगा प्रचार
- एसीएमओ डा. ललित कुमार और डीपीएम मंजीत कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

शुक्रवार को यह हरौला क्षेत्र में और छह जनवरी को चिपियाना में, सात जनवरी को भंगेल में, आठ जनवरी को मोरना क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करेगा। उन्होंने कहा- पुरुष और महिला नसबंदी, आईयूसीडी, पीपीआईयूसीडी, त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन, माला एन, कंडोम, छाया और ईसीपी की गोलियां बास्केट ऑफ च्वाइस का हिस्सा हैं, जिसे जो भी साधन उपयुक्त लगे वह इसका प्रयोग करके बच्चों के जन्म के बीच सुरक्षित अंतर रख सकता है।

## 20 बीघा भूमि में बसाई जा रही अवैध कॉलोनी धव वेयर हाउस ध्वस्त, बरात घर सील

**गाजियाबाद,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए का बुलडोजर शुक्रवार को प्रवर्तन जोन 5 में चला जहां 20 बीघा जमीन पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं अवैध रूप से संचालित किया जा रहे हैं बारात घर को सील किया गया। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि गालैंड में में रिलायंस रोड पर जीडीए की टीम ने वहां पर 20 बीघा जमीन में बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने बताया कि यहां पर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी। साथ ही चारदीवारी ही बनाई जा रही थी। इसके अलावा गंग नहर पिपलड़ा में अवैध रूप से बनाया जा रहे वेयरहाउस को भी तोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि भूड़गढ़ी में नबी द्वारा बनाया व संचालित किया जा रहा बारात घर भी सील कर दिया गया। इस दौरान लोगों द्वारा विरोध किया गया लेकिन जिंदगी की सख्ती के आगे उनकी नहीं चल सकी। अभियान में सहायक अभियंता योगेश कुमार अवर अभियंता ज्ञान प्रकाश द्विवेदी व योगेश कुमार वर्मा शामिल रहे।



## भाजपा नोएडा ने जारी की सभी मंडल अध्यक्षों की सूची

**नोएडा,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा में भाजपा ने मंडल विस्तार किया है। जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने आठ मंडलों के अध्यक्षों की सूची जारी की है। इन सभी की जिम्मेदारी मंडल स्तर पर संगठन को मजबूत करना है। इसके अलावा बूथ स्तर पर भी ये कार्य करेंगे। जल्द ही मंडलों के अध्यक्षों के साथ एक बैठक की जाएगी। जिसमें आगामी चुनावों को लेकर मंडल और बूथ स्तर पर किस तरह से संगठन को मजबूत किया जाए इसकी रणनीति तय की जाएगी।

**श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल** – पंकज झा

**कृष्णा नगर मंडल** – निर्मल सिंह

**पंडित दीनदयाल उपोध्याय मंडल** – लोकेश कश्यप

**महाराणा प्रताप मंडल** – गोपाल गौड़

**शहीद भगत सिंह मंडल** – रवि प्रधान

**अटल बिहारी वाजपेयी मंडल** – कल्लू सिंह

**सरस्वती शिशु मंडल**– सत्य नारायण महावर

**सैनिक विहार मंडल** – प्रदीप चौहान

## चार सौ रुपए के लिए दोस्त ने ही की थी 55 वर्षीय शख्स की हत्या, दो गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। थाना खोड़ा पुलिस ने 55 वर्षीय व्यक्ति की हत्या खुलासा शुक्रवार को कर दिया। इस व्यक्ति की हत्या उसके दोस्तों ने महज 400 रुपये के लिए कर दी। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 चाकू बरामद बरामद कर लिया है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने प्रेस कॉफ्रेंस में बताया कि गुरुवार को दिनेश मिश्रा मिश्रा नामक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी थी। उनका

थाना खोड़ा पर लिखित तहरीर दी गई कि वादिया का बडा भाई नेहरू गार्डन पोस्ट आफिस वाली गली रहने वाले पुत्र स्व0 श्री कृष्ण कुमार मिश्रा उम्र करीब 55 वर्ष के शव कमरे से खून से लथपथ अवस्था मे बरामद हुआ था। मामले की रिपोर्ट बहन मधु ने दर्ज कराई थी। हत्याकांड के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया टीमो ने सीसीटीवी कैमरे व मैनुअल इनपुट की मदद से आज में मदन लाल निवासी वन्दना एन्कलेव चांद के मकान में खोडा कालोनी व मूल पता ग्राम लोधाटीपुर थाना औरास जनपद उन्नाव,व भूरा उर्फ



शहीद कुरैशी निवासी मंगल बाजार पीर मस्जिद के पीछे मौहल्ला हयातनगर खोडा कालोनी पता ग्राम आँठ थाना मिसरी को कविता पैलेस के पास दीपक विहार से गिरफ्तार किया गया ।

पूछताछ में अभियुक्त भूरा उर्फ शहीद ने बताया कि लगभग 05 -06 महिने पहले मैने दिनेश मिश्रा से दो हजार रुपए-उधार लिए थे । मैने दिनेश मिश्रा के रुपए वापस कर दिये

## पीएमएमवीवाई में आवेदन के लिए फिर चलाया विशेष पंजीकरण अभियान

**नोएडा,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के तहत ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों का पंजीकरण करने के लिए जनपद में एक बार फिर 'विशेष पंजीकरण अभियान' चलाया गया है। इस अभियान 16 जनवरी तक चलेगा। इसके अंतर्गत गर्भवती एवं धात्री माताओं को प्रथम सन्तान एवं द्वितीय सन्तान (लड़की) होने पर लाभ दिये जाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण पर जोर दिया जायेगा। अभियान दो जनवरी से चल रहा है। योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को देने के लिए पहले भी दो बार विशेष अभियान चलाया जा चुका है। पहला अभियान 30 नवम्बर और एक दिसम्बर को चलाया गया फिर इसे आठ दिसम्बर तक के लिए बढ़ा दिया गया था। यह जानकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं योजना के नोडल अधिकारी डा. ललित कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की सचिव पिंकी जोवल ने इस सम्बन्ध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अभियान के दौरान जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही पहली व दूसरी बार बार गर्भवती होने वाली महिलाओं के आवेदन अभियान के तहत लिए जाए और सभी कार्रवाई पूर्ण करके उनके भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने बताया कि योजना की सफलता के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जाना वांछित है, जिसके लिए विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा । पंजीकरण के लिए नगरीय स्वास्थ्य इकाइयों पर एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जा सकता है। ग्रामीण स्वास्थ्य इकाइयों पर ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम), ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर (बीसीपीएम), एमसीटीएस ऑपरेटर, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जा सकता है। पीएमएमवीवाई 2.0 में अब तक 612 पंजीकरण हो चुके हैं। इसमें 64 लाभार्थी दूसरे बच्चे (बालिका) वाले हैं। योजना के नोडल अधिकारी ने बताया कि गर्भधारण से 570 दिन के अन्दर लाभ के लिए पंजीकरण किया जा सकता है। साथ ही पहली बार माँ बनने वाली गर्भवती के लिए मिलने वाली राशि केवल दो किस्तों में देय होगी, जिसमें प्रथम किश्त 3000 रुपए एवं द्वितीय किश्त 2000 रुपए के रूप में लाभार्थी के पंजीकृत बैंक खाते में भेजी जाती है। वहीं अब नई व्यवस्था के अन्तर्गत द्वितीय संतान बालिका होने पर धनराशि 6000 रुपए एकमुश्त दी जाएगी। इसमें शिशु के जन्म से 270 दिन के अन्दर लाभ के लिए पंजीकरण किया जा सकता है।

- पीएमएमवीवाई-2.0 में अब तक हुए 612 पंजीकरण

## सार संक्षेप

### नगदी और गहने चोरी कर नौकरानी फरार

**नोएडा।** घर की आलमारी में रखे गहने और नकदी चोरी कर दो नौकरानी फरार हो गई। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत सेक्टर-49 पुलिस से की है। पुलिस ने दोनों नौकरानी को नामजद करते हुए उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में सेक्टर-47 निवासी रेनु खंडेलवाल ने बताया कि बीते दिनों उनके घर पर सरिता और संगीता नाम की दोनों नौकरानी काम कर रही थीं। एक ने रेनु को अपनी बातों में उलझाए रखा और इसी दौरान दूसरी ने घर की आलमारी में रखे रुपये के गहने चोरी कर लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों शाम को काम करने के लिए शिकायतकर्ता महिला के घर नहीं आईं। वारदात के करीब तीन घंटे बाद जब रेनु ने अपनी आलमारी खोली तो गहने और नगदी समेत अन्य सामान गायब थे। शिकायतकर्ता महिला का आरोप है कि दोनों नौकरानी से उनका संपर्क नहीं हो पा रहा है। दोनों को उन्होंने काफी तलाशा पर उनका सुराग नहीं लगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

### सिलाई सीखने गई युवती लापता

**नोएडा।** घर से सिलाई सीखने गई युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। युवती के पिता ने एक युवक पर बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-63 में केस दर्ज कराया है। शिकायत में छिजारसी कॉलोनी निवासी मुनेश्वर शाह ने बताया कि बीते 30 दिसम्बर को उनकी बेटी दोपहर 12 बजे सिलाई सीखने के लिए घर से निकली थी पर अभी तक वापस नहीं आई है। शिकायतकर्ता ने बेटी को करीबियों और रिश्तेदारों के यहां कई दिन तक तलाशा पर उसका सुराग नहीं मिला। मुनेश्वर ने बताया कि उसे पूरा भरोसा है कि उसकी बेटी को मध्यप्रदेश निवासी जितेंद्र बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने युवती की सकुशल बरामदगी के लिए एक टीम गठित कर दी है। आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## बिल्डरों पर आयकर विभाग का शिकंजा, 2 करोड़ कैश 50 करोड़ टैक्स चोरी के मिले दस्तावेज

**नोएडा,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा में बिल्डर पर इनकम टैक्स की रेड दूसरे दिन भी जारी रही। अब तक की सर्च में नोएडा और अन्य प्रिमिसिस से करीब 2 करोड़ रुपए कैश और करीब 50 करोड़ रुपए के कच्चे बिल यानी टैक्स चोरी के दस्तावेज मिले है। जिनको वेरीफाई किया जा रहा है। अब लोकेशन की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। नोएडा में 21 लोकेशन पर सर्च की जा रही है। इसके अलावा दिल्ली में 18 और फरीदाबाद में एक लोकेशन पर सर्च की जा रही है। सर्च अभी लंबी चलेगी।

बिल्डरों के कॉरपोरेट और सेल परचेज ऑफिस से कई दस्तावेज जब्त किए गए है। जिनको वेरीफाई कराया जा रहा है। बिल्डरों के अकाउंटेंट और सेल परेचेज से जुड़े लोगों से पूछताछ की जा रही है। अधिकतर ट्रांजेक्शन और खरीद फरोकख्त में कैश में किए जाने के साक्ष्य मिले है। जिनका मिलान बैंक ट्रांजेक्शन से किए जा रहे है। कही न कही ब्लैक मनी को खपाने का प्रयास किया गया है। दरअसल नोएडा दिल्ली और फरीदाबाद में लॉजिक्स, भूटानी, ग्रुप 108 और एडवंट बिल्डर के यहां इनकम टैक्स की रेड की जा रही है। पिछले कई महीनों से लगातार टैक्स चोरी की शिकायत मिल रही थी। इसके बाद गोपनीय तरीके से इनके ट्रांजेक्शन पर नजर रखी गई। जिसके बाद इनकम टैक्स विभाग को पुख्ता साक्ष्य मिले। इसी आधार पर रेड कंडक्ट की गई। रेड गुरुवार दोपहर को करीब 2 बजकर 30 मिनट पर शुरू की गई और अब भी जारी है। बताया गया कि कई प्राइमिसिस से और ज्यादा कैश मिलने की उम्मीद है। अभी 2 करोड़ कैश मिला है। इस कैश का ब्यौरा लिया जा रहा है। बताया गया कि ये बिल्डर कुल कमर्शियल स्पेस का 40 प्रतिशत कैश लेते थे। इसी में टैक्स चोरी और ब्लैक मनी को खपाया जाता था। इस सर्च में कुल 350 से ज्यादा लोग शामिल है। जिसमें फरीदाबाद, दिल्ली यूनिट को भी इस रेड में शामिल किया गया है। इसमें 50 से ज्यादा अफसर शामिल है।

- भूटानी, ग्रुप 108, एडवंट, लॉजिक्स के 40 ठिकानों पर की जा रही सर्च

## शराब के नशे में पुलिसकर्मी से मारपीट कर वर्दी फाड़ी

**नोएडा,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। गार्डन गैलेरिया मॉल में सिक्योरिटी गार्ड से गाली गलौज और मारपीट करने से मना करने पर एक युवक ने हेड कांस्टेबल के साथ शराब के नशे में मारपीट की। गाली गलौज करने के बाद आरोपी ने पुलिसकर्मी को दांत से काट लिया और वर्दी फाड़ दी। हेड कांस्टेबल की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी हर्षित शर्मा के खिलाफ मारपीट समेत कुल पांच धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-39 थाने में दी शिकायत में संदीप कुमार ने बताया कि वर्तमान में वह जीआईपी मॉल की चौकी पर तैनात हैं। बुधवार रात को संदीप चौकी प्रभारी अनुज कुमार शर्मा और उपनिरीक्षक हरवंश सिंह के साथ गार्डन गैलेरिया के गेट नंबर 11 पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक और युवती बिग बॉयज रेस्टोरेंट और बार के सामने मॉल में तैनात सिक्योरिटी गार्ड के साथ गाली गलौज और मारपीट कर रहे हैं। शिकायतकर्ता और उपनिरीक्षक ने युवक को सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट करने से मना किया। इतने में युवक ने गुस्से में शिकायतकर्ता के साथ भी गाली गलौज और मारपीट करनी शुरू कर दी। शराब के नशे में आरोपी युवक ने पुलिसकर्मी की जांघ में घुटने के ऊपर दांत से काट लिया।

## सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर व्यक्ति का जीवन स्तर सुधराः वीके सिंह

**गाजियाबाद,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह के शुक्रवार को यहां कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर व्यक्ति का जीवन स्तर सुधरा है।

श्री सिंह विजय नगर स्थित भीमाबाई पार्क, माता कॉलोनी, विजय नगर में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

इस कार्यक्रम के माध्यम से अनेकों योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पेंशन योजना और प्रधानमंत्री अन्न योजना इत्यादि से लाभार्थियों को जोड़ा गया। वीके सिंह ने कहा कि जन जागृति के संकल्प को सुदृढ करने वाली इस यात्रा का उद्देश्य भारत को विकसित बनाना और देशवासियों को खुशहाली व समृद्धि से जोड़ना है। इसके लिए सभी उपस्थित लोगों को शपथ ग्रहण करायी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की गई। तमाम योजनाओं से हर व्यक्ति का जीवन स्तर सुधारा और निरंतर लोगों का जीवन बेहतर बना है। आज किसी बहन-बेटी को पानी के लिए घर से दूर नहीं जाना पड़ता है बल्कि नल से जल योजना से हर घर तक पानी पहुंचाने का भागीरथ 70 सालों में पहली बार नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा ही किया गया।केंद्रीय मंत्री ने लोगों से कहा कि वे इस जनअभियान में जुड़कर आमजन को जागरूक करने और अन्य नागरिकों को मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दें और इन योजनाओं से जोड़कर इसका लाभ दिलाने में सहायक बनें। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त अरुण यादव महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा एवं सभी क्षेत्रीय अधिकारी व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।




- विकसित भारत संकल्प यात्रा, को सम्बोधित किया

## 50 से अधिक डेवलपर्स को बताया गया शून्य अवधि की गणना के बाद बकाया

**नोएडा,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। बिल्डरों को उनको बकाया बताने के लिए शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण में एक बैठक बुलाई गई। इसमें 50 से अधिक डेवलपर्स ने भाग लिया। बैठक में बिल्डरों को कोविड महामारी के समय दो साल की शून्य अवधि के दौरान मिली राहत के बाद बकाया की जानकारी दी गई। इसमें अधिकांश बिल्डरों को उनके पिछले बकाया में 21त्न की कमी मिली। बिल्डरों को सूचित किया गया था कि यदि वे इन पुनर्गणना बकाए को स्वीकार करते हैं। और राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित पुनर्वास पैकेज से सहमत होते हैं, तो उन्हें एनजीटी के आदेश के परिणामस्वरूप शून्य अवधि के लिए केस-दर-केस आधार पर विचार किया जाएगा। अब शनिवार को ग्रेटरनोएडा में नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन के साथ इन बिल्डरों की बैठक होगी। बता दे बिल्डरों का करीब 7800 करोड़ रुपए बकाया है।

शुक्रवार सुबह 11 बजे नोएडा प्राधिकरण में बिल्डरों को बुलाया गया। अधिकांश बिल्डरों ने अपने वित्त विभाग से अपने प्रतिनिधि भेजे। इन सभी बिल्डरों को प्राधिकरण के स्वतंत्र चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा तैयार की गई पुनर्गणना राशि दिखाई गई। साथ ही उनका मिलान खुद बिल्डरों द्वारा की गई गणना से किया गया। ज्यादातर मामलों में कोई बड़ा अंतर नहीं देखा गया। कुछ बिल्डरों ने प्राधिकरण से अपने पुराने बकाये के बारे में पूछताछ की, जिसका भुगतान वे पहले ही कर चुके थे। अब अगले चरण में नोएडा प्राधिकरण इन बिल्डरों से पुनर्वास पैकेज के मुताबिक डील साइन करने को कहेगी। जो बिल्डर नोएडा प्राधिकरण के नियमों और शर्तों का पालन करेंगे उन्हें आगे की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। इसके बाद मामले को अंतिम मंजूरी के लिए बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। एक बार ऐसा होने पर, डेवलपर्स को 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का अपेक्षित 25त्न भुगतान करना होगा और रुकी हुई परियोजनाओं का निर्माण शुरू करने के लिए आवश्यक एनओसी प्राप्त करना होगा। जिन घर खरीदारों के पास इन परियोजनाओं में बिना रजिस्ट्री के अपने फ्लैटों का कब्जा है, उन्हें मालिकाना हक मिलेगा।

**आज नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन के साथ होगी बैठक**

## पिछले वर्ष के सापेक्ष 1 जनवरी 2024 तक 34 करोड़ की अधिक हुई कर वसूली

**गाजियाबाद,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक लगातार निगम की आय को लेकर प्रयासरत है जिसके क्रम में कर वसूली को बढ़ाया गया है। लगातार टैक्स विभाग को मोटिवेट भी किया जा रहा है। पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष टैक्स विभाग की वसूली लगभग 34 करोड़ बढ़ी है। आगामी कुछ माह में टैक्स वसूली को और अधिक बढ़ने का टारगेट नगर आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिया हुआ है जिसके क्रम में लगातार टीम के साथ बैठक चल रही है तथा धरातल पर भी नगर आयुक्त की योजनाएं सफल होती दिख रही हैkअपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव वरिष्ठ प्रभारी कर विभाग तथा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा नगर आयुक्त महोदय के निर्देश की क्रम में कर वसूली को लेकर बैठक कर रहे हैं जिसमें निगम मुख्यालय में राजस्व निरीक्षक, कर निरीक्षक, जोनल प्रभारी तथा कर अधीक्षक के साथ बैठक की गई बैठक में कर वसूली बढ़ाने हेतु मंथन किया गया। कई समस्याएं भी सामने आई जिनका समाधान भी अधिकारियों द्वारा किया गया, ऐसे 'भवन जो हाउस टैक्स से छूटे हुए हैं' उनको सम्मिलित करके कर वसूली बढ़ाने की निर्देश संबंधित टीम को दिए गए, हाउस टैक्स के लिए 'प्रचार प्रसार' करने के लिए जोनल प्रभारी को निर्देश दिए गए, साथ ही 'सीलिंग की कार्यवाही' तथा *बड़े बकायादारों को भी टारगेट 'करने के लिए कहा गया।



टैक्स की वसूली को लगातार जोनल प्रभारीयों की देखरेख में बढ़ाया जा रहा है लगातार नगर आयुक्त कार्यों की मॉनीटरिंग भी कर रहे हैं टीम को मोटिवेट करने का कार्य भी किया जा रहा है जिसके क्रम में कर वसूली बढ़ती भी जा रही है लक्ष्य पूर्ति के लिए टीम द्वारा अभी कड़ी मेहनत की जानी है जिसके लिए नगर आयुक्त द्वारा सभी अधिकारियों को प्लानिंग के तहत कार्यवाही करने के लिए कहा गया है जिसके क्रम में लगातार संबंधित वरिष्ठ प्रभारी बैठक कर रहे हैं, इस वर्ष 1 अप्रैल 2023 से 1 जनवरी 2024 तक वसुंधरा जोंन द्वारा लगभग 77 करोड़, मोहन नगर जोन द्वारा लगभग 26 करोड़, कवि नगर जोन द्वारा लगभग 35 करोड़, सिटी जोन द्वारा लगभग 32 करोड़, और विजयनगर जोन द्वारा लगभग 10 करोड़ की वसूली की गई है।

उवाच "

'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 09 वर्षों से गरीब और वंचितों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। यही तो मोदी की गारंटी है कि जिन्हें कोई पूछता नहीं था, उन्हें आज सभी योजनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं':- **धीरेंद्र सिंह, विधायक**

# कैपिटल ज़ोन

## फिल्म सिटी निर्माण को लेकर बॉलीवुड और हॉलीवुड की चार कंपनियां आगे आई

- **फिल्म सिटी को लेकर खोली गई तकनीकी बिड, बोनी कपूर, टी सीरीज, केसी बोकाडिया की कंपनी ने डाली बिड**
- **जनवरी में ही चार कंपनियों में से एक कंपनी का हो जाएगा चयन, परीक्षण के बाद खोली जाएगी वित्तीय निविदा**

**ग्रेटर नोएडा,** 5 जानवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट फिल्म सिटी को विकसित करने के लिए चार कंपनियां आगे आई हैं। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक प्राधिकरण इन कंपनियों की तकनीकी शर्तों का परीक्षण करेगा। इस परीक्षण के बाद वित्तीय निविदा खोली जाएगी।



यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में फिल्म सिटी प्रस्तावित है। पहला चरण 230 एकड़ में विकसित किया जाएगा। इसके लिए यमुना प्राधिकरण ने गत 30 सितंबर को ग्लोबल टेंडर निकाले थे। इसमें शुक्रवार दोपहर दो बजे तक टेंडर जमा किए जा सकते थे। दो बजे के बाद तकनीकी निविदा खोली जानी थी। प्राधिकरण ने शुक्रवार को तकनीकी निविदा खोल दी। इस परियोजना के लिए चार कंपनियों ने टेंडर डाले हैं। इसमें सुपरसोनिक टेक्नोबिल्ड प्रालि (मैडॉक फिल्म्स, केप ऑफ गुड्ड फिल्म्स आदि), बेव्यू प्रोजेक्ट्स (बोनी कूपर और अन्य), सुपर कैसेट'स इंडस्ट्रीज प्रालि (टी सीरीज) और लायंस फिल्म्स प्रालि (केसी बोकाड्या और अन्य) शामिल हैं। प्राधिकरण अब तकनीकी निविदा का परीक्षण करेगा। इसके बाद वित्तीय निविदा खोली जाएगी। तकनीकी परीक्षण के बाद वित्तीय निविदा खोलने की तिथि तय की जाएगी। वित्तीय निविदा खोलकर विकासकर्ता कंपनी का नाम तय होगा। परियोजना का पहला चरण अब 230 एकड़ में विकसित होगा। इसमें 1510 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यहां फिल्मी गतिविधियों के अलावा विला, सर्विस अपार्टमेंट, मॉल, प्लाजा आदि का निर्माण किया जाएगा।

## यमुना प्राधिकरण सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह को पांचवी बार मिला सेवा विस्तार

**ग्रेटर नोएडा।** आईएएस डॉ. अरुणवीर सिंह को पांचवीं बार सेवा विस्तार दिया गया है। उनकी यमुना प्राधिकरण के सीईओ पद पर नियुक्ति बढ़ाई गई है। प्रदेश सरकार ने यह सेवा विस्तार छह महीने के लिए दिया है। 2016 में उन्होंने यमुना प्राधिकरण के सीईओ का पदभार संभाला था। इसके बाद से वह यहां तैनात हैं। इसके साथ ही वह नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ भी बने रहेंगे। डॉक्टर अरुणवीर सिंह जुलाई 2019 में आईएएस से सेवानिवृत्ति हुए थे। उसके बाद षासन ने लगातार तीन बार एक-एक साल और दो बार छह-छह माह के लिए सेवा विस्तार दिया। यमुना एक्सप्रेसवे के सीईओ रहते हुए अरुणवीर सिंह ने नोएडा एयरपोर्ट को धरातल पर लाया जो अब बनकर तैयार होने वाला, इस साल एयरपोर्ट से विमानों का उड़ान षुरू हो जाएगा। फिल्म सिटी, मेडिकल पार्क समेत कई महत्वपूर्ण योजना साकार हो रहा है। प्रदेष में पहली बार सेवानिवृत्ति होने के बाद पीसीएस से आईएएस पदोन्नति किसी अधिकारी को इतनी बार सेवाविस्तार मिला है।

## घरेलू विवाद में महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**दनकौर,** 04 जनवरी (देशबंधु)। दनकौर क्षेत्र में स्थित गढ़ी आजमपुर गांव में घरेलू विवाद में एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर परिवार के लोगों ने उसको ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि महिला के शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस संबंध में खबर लिखे जाने तक मृतक महिला के मायके वालों की तरफ से कोई शिकायत नहीं दी गई थी। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के आजमपुर गढ़ी गांव की रहने वाली महिला पायल (33 वर्ष) की शादी करीब 14 वर्ष पहले हुई थी।बताया जाता है कि कुछ दिन से किसी बात को घर में झगड़ा हो रहा था। गुरुवार की शाम विवाद से तंग आकर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। मामले की जानकारी ससुरालीजनों को होने पर घर में चीख पुकार मच गई। महिला को इलाज कराने के लिये ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी महिला की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया। जिसके बाद परिजनों सौंप दिया गया। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि महिला के मायके पक्ष की तरफ से कोई शिकायत नही दी गई है। शिकायत मिलने पर मामले में जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खाद विभाग की उदासीन कार्यशैली के खिलाफ करप्शन फ्री इंडिया ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**ग्रेटर नोएडा,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार खाद विभाग के उदासीन रवैया के खिलाफ सूरजपुर स्थित जिला मुख्यालय पर युवा के जिला अध्यक्ष गौरव भाटी के नेतृत्व में जिलाधिकारी मनीष वर्मा को ज्ञापन सौंपकर खाद विभाग के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय व प्रदेश महासचिव मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि जिले में संचलित मिष्ठान की दुकानों में प्रत्येक त्यौहार पर लोगों की मिठाई की खरीदारी बढ़ जाती है। जिसके कारण दुकान संचालक मिठाई बनाने के लिए मिलावटी सामग्री का इस्तेमाल करने लगते है। पिछले करीब 1 साल में दनकौर, रबूपुरा, बिलासपुर, दनकौर व जेवर आदि क्षेत्र की दुकानों की मिठाई खाने के बाद लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार होकर गंभीर रूप से बीमार हुए है। प्रवीण भारतीय ने बताया की करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने खाद विभाग के अधिकारियों से शिकायत भी की है, लेकिन खाद विभाग ने ना किसी दुकान संचालक पर विभागीय कार्रवाई की है और ना ही दुकानों से मिठाई के सेंपल लेने के बाद सही या गलत रिपोर्ट प्रेषित नही की है।

प्रवीण भारतीय ने बताया कि हाल ही में दनकौर में एक डिग्री कॉलेज के 20 शिक्षक रमेश मिष्ठान भंडार की दुकान से समोसे खाने के बाद बीमार हुए है, अभी भी शिक्षकों का इलाज चल रहा है। समोसे में जहीरले कीड़े निकलने की बात सामने आई है। खाद विभाग ने मामला मीडिया में आने के मिठाई के सेंपल भी लिए है। इसके बाद भी ठोस कार्रवाई अभी किसी दुकान संचालक पर नही की गई है। जिससे खाद विभाग का उदासीन रवैया स्पष्ट दिख रहा है। इस दौरान प्रदेश महासचिव मास्टर दिनेश नागर, गौरव भाटी, राम नागर, अंकित भाटी, अंकित डाढा, कुलबीर भाटी तथा राजू पंडित आदि लोग मौजूद रहे।

## मेडिकल एकादश ने हॉस्पिटल एकादश को हरा कर जीता मैच



**ग्रेटर नोएडा,** 5 जानवरी (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय में चल रहे क्रिकेट स्टाफ प्रतियोगिता में शुक्रवार को हुए फाइनल मैच में मेडिकल एकादश ने हॉस्पिटल एकादश को 2 विकेट से हरा दिया। मैच में 56 रन और एक विकेट लेने पर मेडिकल एकादश के डॉ महेंद्र सिंह को मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज पिंकी नागर को चुना गया। टॉस जीतकर मेडिकल एकादश ने हॉस्पिटल एकादश को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। टीम की तरफ से बल्लेबाज चंद्रशेखर ने 2 चौके व 2 छक्कों की मदद से 17 गेंदों में 25 रन और विनय ने 1 चौके की मदद से 8 गेंदों में 10 रन बनाए। मेडिकल एकादश की तरफ से गेंदबाज माधवी शर्मा ने 1 रन और महेंद्र सिंह 6 रन देकर 1-1 विकेट लिए। मेडिकल एकादश ने 8 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। टीम की तरफ से बल्लेबाज डॉ महेंद्र सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 6 चौके, 3 छक्कों की मदद से 33 गेंदों में 56 रन और शशि कसाना ने 13 गेंदों में 12 रनों का योगदान दिया। हॉस्पिटल एकादश की तरफ से गेंदबाज विपिन ने 2 और डॉ उर्वशी अग्रवाल ने 1 विकेट लिया।

## चोरी के माल सहित तीन गिरफ्तार, एक फरार

**रबूपुरा,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। कोतवाली पुलिस ने करीब 20 दिन पूर्व हुई चोरी का खुलासा करने का दावा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि उनका एक साथी मौके से फरार हो गया। आरोपियों की निशान देही पर चोरी किए गए आभूषण पर नगदी बरामद की है। मामले में अग्रिम कार्रवाई जारी है। कोतवाली प्रभारी राघवेंद्र सिंह के अनुसार बीते 15 दिसंबर को कस्बे के मोहल्ला राजपूतान निवासी अधिवक्ता डिंपल सिंह के यहां चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरी की घटना की छानबीन शुरू कर दी थी। कई दिनों तक हवा में हाथ पांव करने के बाद पुलिस को कुछ एवं सुराग हाथ लगे थे और आरोपी शाहरुख पुत्र यासीन आमिर पुत्र वहीद सोनू पुत्र रफीक निवासी मोहल्ला आजाद नगर रबूपुरा को यमुना एक्सप्रेसवे के समीप से गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि आरोपी किसी अन्य घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने तीन अभियुक्तों को धर दबोचा। जबकि चौथा आरोपी मौके से फरार हो गया। पूछताछ में आरोपियों के निशान देही पर अधिवक्ता के घर से चोरी की गई गले की चेन अंगूठी पाजेब आदि गहने एवं 50 हजार नगदी बरामद हुई है।




## स्क्रैप माफिया रवि काना गैंग के दो और सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

- **रवि काना व उसकी कंपनी के नाम चार बैंक खातों को पुलिस ने किया फ्रीज**

**ग्रेटर नोएडा,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। स्क्रैप माफिया रवि काना गैंग के दो बदमाशों को कोतवाली बीटा-दो कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार रात को सेक्टर पी-3 गोलचक्कर के पास रवि काना गैंग के सक्रिय सदस्य राशिद अली पुत्र शकील अहमद निवासी कपूरपुर थाना कपूरपुर जिला हापुड और अफसार अली पुत्र मकसूद अली उर्फ मकसूर अली निवासी ग्राम लोहला थाना अगौता जिला बुलन्दशहर को गिरफ्तार किया है। गिरोह का सरगना रवि काना अभी फरार है, पुलिस उसे तलाष कर रही है। रवि काना गैंग की आर्थिक रीढ़ तोड़ने में कमिश्नरेट पुलिस जुटी है। रवि काना व उसकी कंपनी के नाम चार बैंक खातों को पुलिस ने फ्रीज किया है। बैंक खाते में लगभग साढ़े चार करोड रुपए है। गैंग के सदस्यों के नाम हथियारों के चार लाइसेंस निरस्त करने की तैयारी भी पुलिस ने शुरू कर दी है।



गौरतलब है कि दनकौन कोतवाली क्षेत्र के दादूपुर का रहने वाला रवि नागर उर्फ रविन्द्र सिंह उर्फ रवि काना शातिर किस्म के स्क्रैप माफिया हैं, कुछ सालों में स्क्रैप से रवि काना ने सौ करोड़ रूपये से ज्यादा की अकूत संपत्ति इकट्ठा की। रवि काना गैंग के राजकुमार नागर, तरून छोंकर, .अमन, विशाल, अवध उर्फ बिहारी उर्फ अमर सिंह, महकी नागर उर्फ महकार, अनिल, विक्की, अफसार, राशिद अली, आजाद नागर, प्रहलाद, विकास नागर, कु0 काजल झा मधु, नफर इस गैंग के सदस्य है जो सरिया व स्क्रैप के अवैध व्यवसाय में लम्बे समय से सक्रिय है। राशिद अली और अफसार अली अपनी पहचान छिपाकर गैंग लीडर रवि काना के लिए अवैध माल/स्क्रैप को ट्रकों से एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का कार्य करते हैं । पुलिस ने गैंग के सक्रिय सदस्यों को गैंग एक्ट एक्ट में निरूद्ध करने के साथ उ0प्र0 गिरोह बन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधि0 1986 के तहत मामला दर्ज किया है। अनिल, राजकुमार नागर, विकास नागर, आजाद नागर को पुलिस ने एक जनवरी को गिरफ्तार किया था। गैंग लीडर रवि काना समेत उसके साथियों को पुलिस तलाश कर रही है।

## सामाजिक संस्था ने बेटियों के लिए शुरू किया कंप्यूटर प्रशिक्षण

**ग्रेटर नोएडा,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। सामाजिक संस्था महिला उन्नति संस्था ने नये साल के अवसर पर छपरौला मे संचालित कम्प्यूटर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट पर गरीब जरूरतमंद बच्चियों के नये बैच का शुभारंभ किया गया। छात्राओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से संस्था द्वारा कंप्यूटर ट्रेनिंग प्रदान की जा रही है जिसका उद्देश्य छात्राओं एवं युवतियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर आत्मनिर्भर बनाने का है। प्रशिक्षिका एवम जिला उपाध्यक्ष पूनम सारस्वत ने बताया कि नये साल के अवसर पर गरीब जरूरतमंद बच्चियों के लिए नये बैच की शुरूआत की गई है, आज के आधुनिक युग में महिलाओं एवं युवतियों को तकनीकी रूप से सक्षम होना अति आवश्यक है तकनीकी रूप से सक्षम महिला आज के डिजिटल युग स्वयं एवम समाज को आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान दे सकती है।



## घर-घर तक पहुंचेगी भारतीय संस्कृति मानवीय मूल्यों का संदेश

**ग्रेटर नोएडा,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। श्रीमद् भागवत परिवार सेवा समिति के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पंडित शिवाकान्त महाराज द्वारा पूरे भारतवर्ष में निकाली जा रही सनातन यात्रा जोकि सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में निकलेगी, जिसका शुभारंभ 25 नवंबर जिला कानपुर नगर से हो चुका है। यात्रा शुभारंभ होने के बाद में जिला महोबा झांसी मेरठ अलीगढ़ में यात्रा निकल चुकी है। इसी क्रम में 7 जनवरी को सुबह 10 मोटर साइकिल एवं चार पहिया वाहनों द्वारा विशाल सनातन यात्रा जिला गौतम बुद्ध नगर में निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए यात्रा का विश्राम इसी जिले में होने के बाद 12 जनवरी को जिला बरेली में विशाल सनातन यात्रा निकाली जाएगी। जिला गौतम बुद्ध नगर में निकलने वाली सनातन यात्रा को लेकर गौतम बुद्ध नगर यूनिवर्सिटी में पत्रकार वार्ता में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पं0 शिवा कान्त महाराज ने बताया कि एक साथ हजारों की तादाद में महिलाएं पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी संस्कारों की धारा में बहेंगे सनातन यात्रा हिन्दुओ के बांटने कमजोर करने के अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र और देश की कट्टरवादी शक्तियों के चक्रव्यूह को तोड़ने की एक कोशिश है इसको शुरू करने की प्रेरणा भी ईश्वरी कृपा है कुछ महीने पूर्व लंदन और आसपास के शहरों में यात्रा पर था मैंने वहां सनातन के प्रति जो उत्साह आकर्षक और श्रद्धा देखी वह अद्भुत है वहां के राजा के परिवार के कई सदस्य सनातन के प्रति श्रद्धा से हिंदू आस्था में डूब गए थे। सनातन यात्रा सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी यात्रा प्रारंभ डाढ़ा शिव मंदिर डाढ़ा चौक ढ़किया बाबा चौक क्यामपुर चौक ऐच्छर मार्केट ऐच्छर चौक ऐच्छर रामलीला मैदान ऐच्छर एलडीको नवादा चौक तुगलपुर गोल चौक परी चौक पी 3 चौक होड़ा चौक कासना नहर कासना मार्केट कासना अड्डा विनोद भाटी चौक सिरसा लडपुरा घेघौला पेट्रोल पंप पंचायतन गिरधरपुर पतला खेड़ा खेरली नहर बिलासपुर मार्केट बुलंद खेड़ा जुनेदपुर कनारसी दनकौर स्कूल दनकौर पंप पैदल मार्ग दनकौर शहर गुरु द्रोणाचार्य व शिव मंदिर ऊंची दनकौर पर यात्रा का विश्राम होगा।




## वायु प्रदूषण के चलते गैस वाले अलाव जलाएगा प्राधिकरण

- **ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण चिन्हित स्थानों पर जलाएगा गैस के अलाव**

**ग्रेटर नोएडा,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को बेहतर बनाए रखने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इस बार गैस वाले अलाव जलाएगा। जरूरत पड़ी तो हीटर भी लगवाएगा ताकि लोग सर्दी से बच सकें। प्राधिकरण ने इस पर काम शुरू कर दिया है। दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण से लोग हलकान रहते हैं। एनजीटी से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक वायु प्रदूषण पर नजर रखता है। सभी एजेंसियों से इस पर काम करने के लिए समय-समय पर दिशा-निर्देश आते रहते हैं। सर्दी के दिनों में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण करीब 50 जगहों पर अलाव जलाता है। ये अलाव लकड़ी के होते हैं। इसके लिए जगह चिह्नित है। प्राधिकरण का संबंधित विभाग तय जगह पर लकड़ी रखकर अलाव जलाता है। लोग इसका फायदा भी लेते हैं। इस बार अलाव नहीं जले तो लोगों ने प्राधिकरण से संपर्क किया और अलाव जलाने की मांग की। इस बार लकड़ी से अलाव नहीं जलाने के लिए कहा गया है। माना जा रहा है कि लकड़ी के अलाव जलने से वायु प्रदूषण बढ़ता है। इसके बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने गैस वाले अलाव जलाने के लिए कहा है। साथ ही जहां जरूरत पड़ेगी तो वहां हीटर रखवाए जाएंगे ताकि लोग सर्दी से बच सकें। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने बताया कि इस बार शहर में गैस वाले अलाव जलाए जाएंगे। इसके लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के जेवर पहुंचने पर विधानक ने किया स्वागत

- **'विकसित भारत के संकल्प के साथ राष्ट्र के हर कोने तक पहुंच रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा'**

**ग्रेटर नोएडा,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जेवर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर विधायक धीरेंद्र सिंह ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि तत्कालीन केंद्र की सरकारों में गरीब और वंचितों के जीवन स्तर को उन्नत बनाने की योजनाएं, उन तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देती थीं लेकिन आज हर घर तक योजनाएं पहुंच रही हैं। वर्ष 2014 से पहले देश की अर्थव्यवस्था दसवीं पायदान पर थी, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने में सफ्ल हुई है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब और वंचितों के माध्यम से देश को विकसित राष्ट्र बनाने की तरफ अग्रसर है। आज देश के गरीबों और वंचितों को उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, आयुष्मान कार्ड आदि अनेकों योजनाएं प्राप्त हो रही हैं। षुक्रवार विकसित भारत संकल्प यात्रा जेवर विधानसभा के ग्राम मारहरा और नगला बंजारा में पहुंची।

इस मौके पर मुख्य अतिथि जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया और आयोजित संकल्प यात्रा कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 09 वर्षों से गरीब और वंचितों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। यही तो मोदी की गारंटी है कि जिन्हें कोई पूछता नहीं था, उन्हें आज सभी योजनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।'




इस मौके पर ग्राम मारहरा और नगला बंजारा में जेवर लाभार्थियों से सीधा संवाद किया और उनकी परेशानियों को भी जाना। इस मौके पर उपजिलाधिकारी जेवर अभय प्रताप सिंह और किसान कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर त्यागी के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पैदल चल रहा व्यक्ति कार से टकराया, घटना सीसीटीवी में हुई कैद

**ग्रेटर नोएडा**, 5 जानवरी (देशबन्धु)। बिसरख कोतवाली एरिया के सोवियर ग्रीन आर्क सोसायटी में गुरुवार की सुबह पार्किंग एरिया से निकल रही एक कार ने पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। जिसकी वजह से पैदल जा रहे व्यक्ति के हाथ और घुटने में चोट आई है। गनीमत रही कि पैदल जा रहे व्यक्ति ने गाड़ी से टक्कर लगाने के बाद अचानक पीछे तरफ भागकर खुद को बचाया है। पूरी घटना टावर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। ग्रेनो वेस्ट की सोवियर ग्रीन आर्क सोसायटी अमित अपने परिवार के साथ एच टावर में रहते है। अमित बताते है कि गुरुवार को सुबह करीब 7.55 बजे अपने टावर से निकलकर बाहर गेट पर जा रहे थे। ऐसे में टावर के पास बनी हुई पार्किंग एरिया में से एक गाड़ी बाहर आ रही थी। अचानक से गाड़ी की रेस तेज की, जिसकी वजह से पैदल जा रहे पीड़ित के हाथ और घुटने में चोट आई है। आरोप है कि घटना के बाद कार चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। इस मामले की वीडियो उन्होंने मेंटिनेंस टीम से सीसीटीवी कैमरे से निकलवाई है। उन्होंने बताया कि कार चार डी टावर में 1608 मकान नंबर में रहता है। इस मामले की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस भी पूछताछ के लिए पहुंची है। उधर, बिसरख कोतवाली प्रभारी का कहना है कि घटना की जानकारी की जा रही है। पीड़ित की तरफ से कोई शिकायत अभी मिली नहीं है। परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को देखा जा रहा है।

## जिले के सभी राम, हनुमान एवं वाल्मीकि मंदिरों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 5 जनवरी (देशबन्धु )। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जनपद में 14 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक सभी राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों एवं वाल्मीकि मंदिरों में राम कथा, रामायण पाठ, भजन,कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे। इसी क्रम में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी ने अपने कार्यालय में जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि यह उत्तर प्रदेश शासन का बहुत ही महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, इसलिए अधिकारीगण कार्यक्रम की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए अपनी सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने की कार्रवाई कार्य योजना बनाकर पूर्ण कर लें एवं प्रत्येक आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, दरी बिछावन, ध्वनि, प्रकाश, सूक्ष्म जलपान आदि की व्यवस्था जिला, तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर सुनिश्चित कर ली जाए तथा आयोजन स्थलों पर सक्षम स्तर से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए कार्यक्रम सुनिश्चित कराए जायें।



## पुलिस ने स्क्रैप माफिया रवि काना की चार लग्जरी गाड़ियां की जब्त


- **पुलिस ने स्क्रैप माफिया के बैंक खातों की डिटेल खंगाली**

**ग्रेटर नोएडा,** 5 जनवरी (देशबन्धु )। स्क्रैप माफिया रविंद्र नागर उर्फ़ रवि काना गैंग के खिलाफ पुलिस का एक्शन जारी है। पुलिस ने स्क्रैप माफिया के बैंक खातों की डिटेल खंगाली। इनमें पता चला के चार बैंक खातों में साढ़े चार करोड़ रुपए जमा थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी बैंक खाते फ्रिज करवा दिए हैं। इनके लेनदेन पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा चार लग्जरी गाड़ियां जब्त की गई है। इसके साथ ही चार हथियारों के लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए प्रशासन को फाइल भेजी गई है। बताया जा रहा है की गैंग के माफिया और उसके सदस्यों के खिलाफ कई हथियारों के लाइसेंस बने हुए थे। पुलिस ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। नोएडा में गैंगरेप और ग्रेटर नोएडा में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज होने के बाद स्क्रैप माफिया रवि काना गैंग के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक शुक्रवार को पुलिस ने स्क्रैप माफिया के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया। पुलिस ने स्क्रैप माफिया रवि काना और उसकी कंपनी के नाम खोले गए चार बैंक खाते फ्रीज किए हैं। पुलिस के मुताबिक बैंक खातों में करीब साढ़े चार करोड़ रुपए जमा था। जिनके लेनदेन पर रोक लगा दी गई है। इसके बाद पुलिस ने स्क्रैप माफिया रवि काना की भाभी के घर गामा वन में दबिश दी। यहां से चार लग्जरी गाड़ी जब्त की गई।

# अभिमत

*इस शासन की एक बहुत ही गैर-भारतीय तरीके की बड़ी समस्या भी है, एक ऐसा तरीका जो राष्ट्र की संस्कृति और लोकाचार की समझ से बहुत दूर है जिसे भाजपा अपने मूलभूत आधारों में से एक के रूप में दावा करने में बहुत गर्व महसूस करती है। चूंकि भारतीय लोकाचार के केंद्र में मूल्य हैं, 'धर्म' के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और एक नैतिक कम्पास है जिसका सही और गलत के सावधानीपूर्वक जांच करने से कभी समझौता नहीं किया जाना चाहिए। यह तर्क देना फैशनेबल हो सकता है कि राजनीति में कोई मूल्य नहीं हैं।*

## नया साल, नया मंदिर, लेकिन समस्याएं वे ही पुरानी



जगदीश रत्तनानी

**कुछ हफ्तों बाद होने जा रहे भव्य राम मंदिर के उद्घाटन और एक शानदार रोड शो पर ध्यान केंद्रित करने के साथ हम वर्ष 2024 में प्रवेश कर रहे हैं जिसका फोकस सत्तारूढ़ पार्टी और विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रचार है। भाजपा ने मंदिर निर्माण का वादा किया था जिसे उसने पूरा किया है। यह उम्मीद की जा सकती है कि उसकी राजनीतिक मशीनरी आगामी राष्ट्रीय चुनावों में इसे पार्टी के लिए वोटों में बदलने के लिए पूरी ताकत से काम करेगी।**

कुछ हफ्तों बाद होने जा रहे भव्य राम मंदिर के उद्घाटन और एक शानदार रोड शो पर ध्यान केंद्रित करने के साथ हम वर्ष 2024 में प्रवेश कर रहे हैं जिसका फोकस सत्तारूढ़ पार्टी और विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रचार है। भाजपा ने मंदिर निर्माण का वादा किया था जिसे उसने पूरा किया है। यह उम्मीद की जा सकती है कि उसकी राजनीतिक मशीनरी आगामी राष्ट्रीय चुनावों में इसे पार्टी के लिए वोटों में बदलने के लिए पूरी ताकत से काम करेगी। किसी धार्मिक आंदोलन में सरकारी तंत्र की पूर्ण भागीदारी निश्चित रूप से शंकास्पद है- पहले तो संवैधानिक शुद्धता के दृष्टिकोण से और उसी तरह सरकारी मदद से राजनीतिक लामबंदी और धार्मिक भावना का उपयोग कर बड़ा लाभ उठाने के नजरिए से भी वह संदेहास्पद है। यह उस समय की निशानी है जिसका जिक्र शायद ही कोई करता हो। एक समय था जब यह सुझाव दिया गया था कि नरेंद्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में अपनी आधिकारिक क्षमता में नहीं बल्कि एक हिंदू के रूप में अपनी व्यक्तिगत क्षमता में मंदिर के लिए आधारशिला समारोह में भाग लेना चाहिए, किसी अन्य हैसियत से नहीं। हम स्पष्ट रूप से उस चरण से बहुत पहले हैं जहां इसे एक ऐसी चीज के रूप में देखा जाता है जिसका विरोध करना बहुत दूर की बात है।

नए साल की इस शानदार शुरुआत के बीच राष्ट्र के लिए हमारे पास जो कहानी है वह 2023 को बिदा करते हुए प्रधानमंत्री के शब्दों में इस प्रकार है- 'आज भारत का हर कोना आत्मविश्वास से भरा हुआ है, एक विकसित भारत की भावना से ओत-प्रोत है; आत्मनिर्भरता की भावना। हमें 2024 में भी इसी भावना और लय को बनाए रखना होगा।'

यह चुनावों के लिए भाजपा के एजेंडे को निर्धारित करता है, बहुत सारे रंग और अतिशयोक्ति की हद तक जोड़ता है और इसे भाजपा के 2024 के पसंदीदा एजेंडे के रूप में प्रस्तुत करता है। भाजपा की यह कवायद समझ में आती है और यहां तक कि एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय चुनाव से पहले अच्छी योजना और एजेंडा-सेटिंग के रूप में भी इसकी सराहना की जा सकती है। हम भाजपा को उसकी त्वरित लामबंदी और बेहतर संदेश देने के लिए दोषी नहीं ठहरा सकते हैं।

फिर भी, यह स्पष्ट है कि भाजपा द्वारा यह एजेंडा सिर्फ चुनावी समय के लिए चुनाव-मोड के लिए आरक्षित नहीं किया गया है। ऐसा लगता है कि यह हमेशा चलने वाला तरीका है, जश्न मनाने, बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने और उन दावों को दोहराने के प्रति हमेशा मौजूद पूर्वाग्रह है जिसे एक ऐसी पार्टी वास्तविकता में बदलने की कोशिश कर रही है जिसके पास धन और मीडिया का जितना समर्थन है उतना अन्य किसी पार्टी के पास नहीं है। खतरा यह है कि पार्टी को अपने प्रचार पर भरोसा है। सरकार की ऊर्जा कहानी बताने में खर्च हो रही है, समस्या-समाधान की ओर उसका ध्यान कम है। दरअसल, पार्टी शायद जो सिर्फ एक समस्या देख रही है वह है कि कहानी को ठीक किया जाना चाहिए लेकिन यह ऐप्पल के उस विज्ञापन की तरह है जिसमें अपने प्रतिद्वंद्वी माइक्रोसॉफ्ट को दो बकेट के बीच संसाधनों को वितरित करते हुए दिखाता है; विस्टा को ठीक करना या अधिक विज्ञापन करना। बाद वाले को थोक पैसा मिलता है जबकि ग्राहकों ने माइक्रोसॉफ्ट के नए ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा बनाई गई समस्याओं के बारे में शिकायत की जिसे विंडोज विस्टा कहा जाता है।

इस तरह के शासन का नतीजा यह होगा कि देश और जनता को जल्द ही वास्तविक समस्याओं से निपटना होगा- भयंकर बेरोजगारी, सांप्रदायिक घृणा के राक्षस, लगातार बढ़ते जा रहे कड़वे विवाद, बढ़ते कर्ज, संस्थानों को नष्ट करना, सहकारी संघवाद की भावना को कमजोर करना, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद जो कुछ चुने हुए व्यापारिक घरानों का पक्ष लेते हैं, कुछ व्यक्तियों के अधिकारों और शक्तियों में वृद्धि और एक लोकतांत्रिक निर्णय लेने की प्रक्रिया जो केवल दिखावे की रहती है।

ये सभी पुरानी समस्याएं हैं जिन्हें भारत ने लंबे समय से देखा है। केंद्र में भाजपा के सत्ता में रहने के आठ वर्षों के दौरान ये समस्याएं और बदतर हो गई हैं। आज राष्ट्र जिन समस्याओं का सामना कर रहा है उन्हें फैंसी पर्चे, अच्छी तरह से बनाए गए ग्राफ, चुस्त संपादित वीडियो ठीक नहीं कर सकते हैं। इसके साथ एक अलोकतांत्रिक प्रवृत्ति भी जुड़ी है जो न केवल विपक्ष की आवाजों को खत्म करना चाहती है या यदि राजनीतिक रिपोर्टों पर विश्वास किया जाए तो भाजपा के अंदर से प्रतिस्पर्धा को भी खत्म करना चाहती है। ऐसा लगता है कि यह मांग पूरी तरह से सत्ता के अधीन है तथा देश और पार्टी ने इसका पालन किया है जिसकी वजह से भारतीय लोकतंत्र और इसकी अभी भी अनुभवहीन संस्थाओं की आंतरिक शक्ति पर सवाल खड़े होते हैं।

क्या यह भारत अधिक सुरक्षित या कम सुरक्षित है? क्या हमारा लोकतंत्र तब बेहतर है जब नागरिक सत्ता को चुनौती दे सकते हैं और अपनी आजादी के लिए नई मिसाल कायम कर सकते हैं या क्या हम तब बेहतर हैं जब विभिन्न साधनों का उपयोग करके सभी चुनौतियों को चुप करा दिया जाता है? अगर बाहरी लोग भारत को अपने अधीन करने के आंतरिक झगड़े नहीं कराते तो क्या अंग्रेज देश पर अधिकार कर सकते थे? अधिकार पर सवाल उठाने, अपनी स्वतंत्रता का विस्तार करने और अपने लोकतंत्र को मजबूत करने की हमारी क्षमता के मामले में हम कितना आगे बढ़ गए हैं? आखिर आपातकाल ने हमें क्या सिखाया है?

1971 के पेंटागन पेपर्स मामले के रूप में जाने गए प्रकरण में न्यायाधीश मरे आई. गुरफिन के शब्द महत्वपूर्ण हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स द्वारा वर्गीकृत पत्रों के प्रकाशन के पक्ष में उन्होंने सरकार के खिलाफ फैसला सुनाया था। अमेरिका में प्रथम संशोधन क्लासिक बने उनके आदेश में लिखा था- 'हमारे राष्ट्र की सुरक्षा केवल प्राचीर पर नहीं है। सुरक्षा हमारे मुक्त संस्थानों के मूल्य में भी निहित है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के और भी अधिक मूल्यों तथा लोगों के जानने के अधिकार को संरक्षित करने के लिए सत्ता में बैठे लोगों को एक आक्रामक प्रेस, एक हठधर्मी प्रेस का सामना करना चाहिए।' इस मामले की सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति गुरफिन को निक्सन प्रशासन ने नियुक्त किया था और उन्होंने अपने पहले मामले में ही सरकार के खिलाफ फैसला सुनाया था।

इस शासन की एक बहुत ही गैर-भारतीय तरीके की बड़ी समस्या भी है, एक ऐसा तरीका जो राष्ट्र की संस्कृति और लोकाचार की समझ से बहुत दूर है जिसे भाजपा अपने मूलभूत आधारों में से एक के रूप में दावा करने में बहुत गर्व महसूस करती है। चूंकि भारतीय लोकाचार के केंद्र में मूल्य हैं, 'धर्म' के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और एक नैतिक कम्पास है जिसका सही और गलत के सावधानीपूर्वक जांच करने से कभी समझौता नहीं किया जाना चाहिए। यह तर्क देना फैशनेबल हो सकता है कि राजनीति में कोई मूल्य नहीं हैं। आखिर भारतीय परिदृश्य में कौन सी पार्टी मूल्यों के बारे में सजग है? और अगर ऐसा है तो यह तर्क देना संभव है कि भाजपा सत्ता में नहीं आई है, वह सत्ता में आ कर पतित हो गई है और हो सकता है कि वह अपने साथ राष्ट्र को पतन की राह पर ले जा रही हो। इस गहरी खाई से बाहर आने के लिए हमें प्रभु के आशीर्वाद की आवश्यकता होगी।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : द बिलियन प्रेस )**

## बीता सप्ताह

**30 दिसंबर**
- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता दल युनाइटेड के फिर अध्यक्ष बनाए गए।
- छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। नौ मंत्रियों को शपथ दिलाई गई।
- भारत की क्रिकेट टीम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए तेज गेंदबाज आवेश खान को टीम में शामिल किया।
- ईरान ने इजरायल खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने के आरोप में चार आरोपियों को फांसी को दे दी गई।

**31 दिसंबर**
- पहलवान बजरंग पूनिया ने महिला पहलवानों के साथ यौन शोषण के मामले को लकर अर्जुन अवार्ड व खेलरत्न लौटाया।
- नौसेना अधिकारियों के कंधे पर अब नए बैज शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से प्रेरित वाली बैज लगेगी।
- एलन मस्क द्वारा संचालित स्पेस-एक्स ने एक गुप्त अमेरिकी सैन्य अंतरिक्ष विमान का प्रक्षेपण किया।
- राजस्थान में भजनलाल शर्मा मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। 22 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई।

**1 जनवरी**
- न्यूजीलैंड में सबसे पहले मनाया गया नए साल 2024 का जश्न।
- इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में पूरे विश्व में 120 पत्रकार मारे गए।
- भारतीय नौसेना ने अरब सागर में बढ़ाई निगरानी। 0 मणिपुर में हमलावरों ने सुरक्षा बलों के वाहन पर आईईडी से हमला कर दिया।

**2 जनवरी**
- 'हिट एंड रन' कानून वापस लेने बस-ट्रक वाहन चालकों ने देशव्यापी हड़ताल की।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने लॉन्च किया एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट।
- चीन उत्तरकोरिया ने 2024 को मैत्री वर्ष के रूप में नामित किया।.
- पंजाब में अर्जुन पुरस्कार विजेता दलबीर सिंह देयोल की हत्या कर दी गई।

**3 जनवरी**
- 'हिट एंड रन' नए परिवहन कानून के विरोध में बस-ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल सरकार से सुलह के बाद खत्म हो गई।
- दिल्ली हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा कि पति के चरित्र पर झूठा आरोप तलाक का आधार बन सकता है।
- राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित सभी 25 मंत्री करोड़पति हैं।
- इजरायल की संसद ने ऊर्जामंत्री इजरायल काट्ज को नया विदेश मंत्री नियुक्त किया।

**4 जनवरी**
- ईरान के केरयन शहर में दो धमाकों में 100 से अधिक नागरिकों की जान चली गई।
- अडानी हिंडनबर्ग विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी जांच से इंकार कर दिया।
- भारतीय विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी रणधीर जायसवाल विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बनाए गए।
- भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली पहली बार छत्तीसगढ़ रायपुर पहुंचे।

**5 जनवरी**
- गणतंत्र दिवस पर छत्तीसगढ़ की आदिम जनसंसद की झांकी दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर प्रदर्शित की जाएगी।
- कांग्रेस ने राहुल गांधी की यात्रा का नाम बदल कर भारत जोड़ो न्याय यात्रा नाम दिया।
- विदेश मंत्रालय ने कहा कि कतर में सजायाफ्ता नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों की सजा के खिलाफ कतर की सर्वोच्च अदालत में 60 दिन के भीतर अपील करेगा।
- जगदलपुर की एक शिक्षक दंपत्ति ने रकम दुगुनी करने के नाम पर 70 लोगों से 3 करोड़ रुपए की ठगी की।

## ईवीएम को लेकर फिर उठी चिंता, डाले गये वोटों का मिलान वीवीपैट से होना चाहिए

■ **डॉ. ज्ञान पाठक**

ईवीएम को लेकर चिंताएं फिर से सामने आ गई हैं, क्योंकि पुरानी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (ईवीएम) अभी भी बड़ी संख्या में उपयोग में हैं, नयी ईवीएम जो वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रायल (वीवीपीएटी) पेपर रिकॉर्ड के साथ आते हैं, पर्याप्त और व्यापक रूप से इस्तेमाल में नहीं हैं, और यहां तक कि सभी वीवीपैट भी गिनकर डाले गये मतों से मिलान नहीं किये जाते। इसलिए छेड़छाड़ और भेद्यता से इंकार नहीं किया जा सकता है, और कुछ समय पहले भी एक शोध पत्र में लोकसभा चुनाव परिणाम 2019 में 'अनियमित पैटर्न' पाया गया था।

20 दिसंबर, 2023 को आयोजित 28 विपक्षी राजनीतिक दलों के इंडिया गठबंधन बैठक ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की कार्यप्रणाली की विश्वसनीयता के बारे में संदेह व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया था और मांग की थी कि वीवीपैट पर्चियां मतदाताओं को सौंपी जायें और उनकी 100 प्रतिशत गिनती बाद में की जाये, ताकि लोगों को पता चले कि उनके वोटों में हेराफेरी नहीं हुई है।

इंडिया गठबंधन के घटक राजनीतिक दलों ने पारित प्रस्ताव में यह भी आरोप लगाया था कि ईवीएम के डिजाइन और संचालन पर कई विशिष्ट प्रश्नों के साथ चुनाव आयोग (ईसीआई) को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा था। हालांकि, दुर्भाग्य से, ईसीआई उस ज्ञापन पर इंडिया के प्रतिनिधिमंडल से मिलने में अनिच्छुक रहा है। प्रस्ताव में आरोप लगाया गया कि चुनाव निकाय ने अभी तक उनकी चिंताओं का जवाब नहीं दिया है।

**ईवीएम में छेड़छाड़ और कमज़ोरियों के आरोप लगते रहे हैं और कई मामलों में अधिकारियों के खिलाफ़ कार्रवाई भी की गई है। हालांकि, यह आरोप ख़त्म नहीं हो रहा कि मतदान परिणामों में हेरफेर करने के लिए चुनाव से पहले, दौरान या बाद में ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है। हैकिंग या बाहरी इलेक्ट्रॉनिक वायरलेस हस्तक्षेप के प्रति ईवीएम की संवेदनशीलता भी लंबे समय से गंभीर चिंता का विषय रही है।**

याद दिला दें कि कुछ महीने पहले ही अगस्त 2023 में अशोका यूनिवर्सिटी के एक असिस्टेंट प्रोफेसर सब्यसाची दास ने 'दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में डेमोक्रेटिक बैकस्लाइडिंग' शीर्षक से एक शोध पत्र में मैकक्रेरी टेस्ट के परिणाम के आधार पर कहा था, 'जबकि परिणाम मौजूदा पार्टी भाजपा के पक्ष में चुनाव परिणामों में संभावित हेरफेर के अनुरूप है, यह एकमात्र व्याख्या नहीं है। वैकल्पिक रूप से, यह हो सकता है कि सत्तासीन होने के नाते भाजपा जीत के अंतर पर 'सटीक नियंत्रण' रखने में सक्षम थी, यानी, वह जीत के अंतर का सटीक अनुमान लगाने में सक्षम थी, खासकर उन निर्वाचन क्षेत्रों में जहां करीबी मुकाबला होने की उम्मीद थी, और इसे प्रभावित करने में सक्षम थी, जो चुनावी प्रचार में इसके तुलनात्मक लाभ और संसाधनों तक अधिक पहुंच के कारण संभव था।'

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपने ट्वीट में मांग की थी, 'अगर चुनाव आयोग और/या भारत सरकार के पास इन तर्कों का खंडन करने के लिए कोई जवाब उपलब्ध है, तो उन्हें उन्हें विस्तार से देना चाहिए।' दूसरी ओर अशोका यूनिवर्सिटी ने स्वयं को इस विवाद से अलग कर लिया था।

हालांकि, सवाल बना हुआ है कि क्या 2019 के चुनाव परिणामों में हेरफेर या नियंत्रण किया गया था? - भारत के चुनाव आयोग द्वारा पुराने और नए ईवीएम मशीनों के माध्यम से संपूर्ण मतदान और गिनती प्रणालियों पर और रहस्य पैदा करने का सवाल अनुत्तरित रहा।

'हमारा सुझाव सरल है- मतदाता-सत्यापित पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्ची को बॉक्स में डालने के बजाय, इसे मतदाता को सौंप दिया जाना चाहिए, जो अपनी पसंद को सत्यापित करने के बाद इसे एक अलग मतपेटी में रखेगा। वीवीपैट पर्चियों की शत-प्रतिशत गिनती की जानी चाहिए,' विपक्षी गठबंधन की बैठक में सर्वसम्मति से अपनाये गये प्रस्ताव में कहा गया, 'इससे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में लोगों का पूर्ण विश्वास बहाल होगा।'

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि लोकसभा चुनाव के मामले में परिणाम घोषित करने से पहले प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र या प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के केवल पांच चयनित मतदान केंद्रों की वीवीपैट पर्चियों का अनिवार्य सत्यापन किया जाता है।

ईवीएम के संबंध में मुख्य चिंताओं में पेपर ट्रेल की कमी शामिल है, जिससे किसी भी छेड़छाड़ या हेराफेरी को साबित करना मुश्किल हो जाता है। नये ईवीएम वीवीपीएटी के साथ आते हैं जो कागजी रिकॉर्ड प्रदान करते हैं, लेकिन उन सभी की गिनती नहीं की जाती है और उन्हें अभी भी पुराने ईवीएम को प्रतिस्थापित करना बाकी है।

ईवीएम में छेड़छाड़ और कमज़ोरियों के आरोप लगते रहे हैं और कई मामलों में अधिकारियों के ख़िलाफ़ कार्रवाई भी की गई है। हालांकि, यह आरोप ख़त्म नहीं हो रहा कि मतदान परिणामों में हेरफेर करने के लिए चुनाव से पहले, दौरान या बाद में ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है। हैकिंग या बाहरी इलेक्ट्रॉनिक वायरलेस हस्तक्षेप के प्रति ईवीएम की संवेदनशीलता भी लंबे समय से गंभीर चिंता का विषय रही है। ईवीएम के निर्माण, भंडारण और परिवहन के संबंध में भी प्रश्न अनुत्तरित हैं, क्योंकि छिटपुट खबरों से लोगों में संदेह पैदा होता है, जो पारदर्शिता की कमी का संकेत देता है। डिजिटल विभाजन एक और मुद्दा है जिसे ईवीएम के संभावित दुरुपयोग के खिलाफ उठाया जाता है जब अशिक्षित वोटरों को इसका उपयोग करने में कठिनाई होती है।

हालांकि ईसीआई ने आश्वासन दिया है कि प्रत्येक चुनाव से पहले और बाद में स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा ईवीएम का पूरी तरह से परीक्षण और सत्यापन किया जाता है, और मशीनें हैकिंग या हेरफेर के प्रति संवेदनशील नहीं हैं, लेकिन चुनाव निकाय विपक्षी राजनीतिक दलों की चिंताओं का जवाब नहीं दे रहा है और उठाये गये सवालों का भी जवाब नहीं दे रहा है, जो रहस्यमय बात है।

यद्यपि विपक्षी इंडिया गठबंधन द्वारा नये ईवीएम के साथ वीवीपीएटी कार्यान्वयन और 100 प्रतिशत गिनती की मांग की गई है, फिर भी कुछ विशेषज्ञों का तर्क है कि यह हेरफेर के खिलाफ अचूक नहीं होगा। चूंकि यह केवल सत्यापन की एक अतिरिक्त परत होगी, इससे अधिक कुछ नहीं।

इस पृष्ठभूमि में इंडिया गठबंधन ने एक पूर्ण पेपर ट्रेल या स्वतंत्र ऑडिट शुरू करने की मांग की है, जो भारत में 1982 में ईवीएम की शुरुआत के बाद कभी नहीं किया गया है, जबकि देश में सभी राष्ट्रीय और राज्य चुनावों में ईवीएम का उपयोग 2004 से ही किया जा रहा है।

इंडिया गठबंधन ने 9 अगस्त, 2023 को ईसीआई को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें ईवीएम के बारे में अपनी चिंताओं का विवरण दिया गया है। हालांकि, ईसीआई से कोई उचित प्रतिक्रिया नहीं मिलने के बाद, गठबंधन ने 20 दिसंबर को एक नया प्रस्ताव पारित किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस संबंध में 30 दिसंबर को ईसीआई को एक और पत्र भेजा है, और उन्हें प्रतिक्रिया का इंतजार है।

जयराम रमेश ने बाद में कहा है, 'हम इस प्रस्ताव की एक प्रति सौंपने और चर्चा करने के लिए ईसीआई से मिलने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन अब तक ऐसा करने में सफल नहीं हुए हैं।' उन्होंने आगे कहा कि ईसीआई ने 23 अगस्त, 2023 को एक स्पष्टीकरण जारी किया था, लेकिन यह केवल सामान्य प्रकृति का था और जो हमारी चिंताओं का जवाब नहीं देता है। हमारे वकील के माध्यम से 2 अक्टूबर, 2023 को ईसीआई को एक प्रत्युत्तर भेजा गया था जिसमें बताया गया था कि उनकी विशिष्ट चिंताओं का उत्तर नहीं दिया गया है, हालांकि, बार-बार अनुरोध के बावजूद इंडिया गठबंधन की पार्टियों के प्रतिनिधि मंडल को बैठक और सुनवाई का कोई अवसर अभी तक प्रदान नहीं किया गया है।

## महिलाओं के लिहाज से पिछला साल

■ **हेमलता म्हस्के**

बीता हुआ 2023 का साल महिलाओं को बरसों याद रहेगा क्योंकि यही वह साल है जब संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में बढ़ोतरी का विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ। सैद्धांतिक रूप से ही सही पहली बार संसद में यह विधेयक पारित हुआ जो महिलाओं की तरक्की की और उनके दबदबे की अभूतपूर्व मिसाल है। इस राजनैतिक अधिकार को हासिल करने के बाद यह उम्मीद भी पैदा हुई है कि आने वाला भविष्य उनके हालातों में आमूलचूल बदलाव जरूर लाएगा, लेकिन दूसरी ओर इस साल मणिपुर में महिलाओं की आबरू उतारने और पहलवान महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के मामले भी उठे थे।

पिछले साल के दिसंबर में जारी 'राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो' (एनसीआरबी) के मुताबिक 2021 की तुलना में भारत में महिलाओं के खिलाफ रजिस्टर्ड अपराधों में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ये आंकड़े बता रहे हैं कि जब तक देश में महिलाओं के अनुरूप सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और प्रशासनिक ढांचे में बदलाव नहीं आते, महिलाओं पर अत्याचार कम नहीं होंगे।

**महिलाओं ने इस साल विकास की प्रक्रियाओं में भी अपनी शानदार भागीदारी के झंडे गाड़े हैं। इस साल `चंद्रयान - 3´ की सफलता पूरे देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। `चंद्रयान - 3´ की मुख्य निदेशक एक महिला ही थी जो `रॉकेट वूमेन´ के नाम से जानी जाती हैं। देश और दुनिया में इस सफलता को हासिल करने में `रॉकेट वूमन´ के साथ पचास और अन्य महिलाएं भी शामिल थीं।**

उल्लेखनीय है कि महिलाओं ने इस साल विकास की प्रक्रियाओं में भी अपनी शानदार भागीदारी के झंडे गाड़े हैं। इस साल 'चंद्रयान - 3' की सफलता पूरे देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। 'चंद्रयान - 3' की मुख्य निदेशक एक महिला ही थी जो 'रॉकेट वूमेन' के नाम से जानी जाती हैं। देश और दुनिया में इस सफलता को हासिल करने में 'रॉकेट वूमन' के साथ पचास और अन्य महिलाएं भी शामिल थीं। 'चंद्रयान - 3' की सफलता यह बता रही है कि पुरुषों के मुकाबले महिलाएं कहीं से भी कम नहीं है।

पिछले कुछ दशकों में अपने क्षेत्रों के अलावा महिलाओं ने पुरुषों के वर्चस्व वाले क्षेत्रों में भी कुशलता का परिचय दिया है, कामयाबी के परचम लहराए हैं। उन्होंने साबित किया है कि वे अब किसी से कम नहीं हैं। वहीं यह दुखद और शर्मनाक है कि महिलाओं पर अत्याचार घर में और बाहर भी बढ़े हैं। दुर्गति यह है कि महिलाओं पर अत्याचार करने वाले को सजा नहीं मिलती और महिलाओं को उन्हीं के हवाले छोड़ दिया जाता है जो उन पर अत्याचार करते हैं। महिलाओं के साथ यह भी विडंबना है कि उन पर जब कभी अत्याचार होता है तो दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई होने के बजाय महिलाओं पर ही दोष मढ़ दिया जाता है।

अब जरा अपराध के आंकड़ों पर गौर करें- 2022 की 'एनसीआरबी' रिपोर्ट में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए, वहीं 2021 में यह संख्या 4,28,278 थी। रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में 2020 के मामलों की तुलना में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 15.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। 'आईपीसी' की विभिन्न धाराओं के तहत महिलाओं के खिलाफ ज्यादातर मामले 'पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता' (31.4 प्रतिशत) के थे, इसके बाद 'महिलाओं का अपहरण' (19.2 प्रतिशत), शील भंग (गरिमा को ठेस पहुंचाने) करने के इरादे से 'महिलाओं पर हमले' के तहत (18.7 प्रतिशत) और 'बलात्कार' (7.1 प्रतिशत) के मामले दर्ज किए गए।

वर्ष 2022 में दिल्ली में लगातार तीसरे साल 14,158 मामलों के साथ महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के तहत सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए। 'महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उन पर हमला' और 'महिलाओं के अपहरण' के तहत दर्ज मामलों में दिल्ली 19 महानगरों में आगे रही। सभी राज्यों में उत्तरप्रदेश महिलाओं के खिलाफ दर्ज मामलों में सबसे ज्यादा 65,743 की संख्या के साथ फिर से सूची में सबसे ऊपर है। इसके बाद महाराष्ट्र (45,331 मामले), राजस्थान (45,058 मामलों) हैं। वर्ष 2021 में उत्तरप्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 56,083 मामले दर्ज किए गए, इसके बाद राजस्थान (40,738 मामले) था।

वर्ष 2022 में 'बलात्कार/गैंगरेप के साथ हत्या' की श्रेणी में उत्तरप्रदेश 62 पंजीकृत मामलों के साथ फिर से सूची में सबसे ऊपर है। इसके बाद मध्यप्रदेश 41 के साथ दूसरे नंबर पर है। पिछले साल यह असम था जो 46 मामलों के साथ इस श्रेणी में उत्तरप्रदेश से पीछे था। राज्य में इस साल बड़ी गिरावट देखी गई है और ऐसे केवल 14 मामले दर्ज किए गए हैं। दहेज को लेकर मौत के मामलों में 2022 में 2,138 मामलों के साथ उत्तरप्रदेश फिर से आगे है। इसके बाद 1,057 मामलों के साथ बिहार है।

वर्ष 2021 में पूरे भारत में बलात्कार की कुल 31,677 घटनाएं दर्ज की गईं, 2022 में 31,516 मामलों के साथ मामूली गिरावट देखी गई। इस श्रेणी में राजस्थान 2021 में 6,337 मामलों और 2022 में 5,399 मामलों की थोड़ी गिरावट के साथ फिर से आगे है। इसके बाद उत्तरप्रदेश (3,690) है। जिस तरह महिलाओं को राजनैतिक अधिकार हासिल हुआ हैं, धीरे-धीरे मतदान में उनकी रुचि बढ़ती जा रही है वह यह उम्मीद जगा रही है कि वे अपने साथ होने वाले भेदभाव को बहुत दिनों तक बर्दाश्त करने वाली नहीं हैं। पुरुषों द्वारा महिलाओं पर रोजाना मानसिक अत्याचार होते हैं, लेकिन इसे अपराध माना ही नहीं जाता। महिलाएं अब मानसिक अत्याचार को बहुत दिनों तक चुपचाप झेलने वाली नहीं हैं।

**( लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। )**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## पाकिस्तान में कोहरे से बस पलटने से तीन की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत के सुक्कुर जिले में शुक्रवार को घने कोहरे के कारण एक यात्री बस के पलट जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी और 14 अन्य घायल हो गये। बचाव सेवा ने यह जानकारी दी। बचाव सेवा ने कहा कि यह दुर्घटना सुबह पानो अकील शहर के पास हुई। बस सड़क पर गड्ढे के कारण पलट गई, जिससे लोग हताहत हो गये। बचाव एजेंसी के अनुसार, बस का चालक गैर-जिम्मेदार था और कोहरे के कारण गड्ढे को देखने में असफल रहा।

# इजरायली गोलीबारी में 14 फिलिस्तीनियों की मौत

■ गाजा निवासियों ने कहा इजराइल ने तीन शरणार्थी शिविरों पर बमबारी की

**बेरूत,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। इजरायली गोलाबारी में गुरुवार को गाजा पट्टी के दक्षिण में नौ बच्चों सहित 14 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि खान यूनिस के पश्चिम में अल मवासी शिविर पर हुए हमले में सभी 14 फिलिस्तीनी मारे गए। गाजा निवासियों ने कहा कि इजरायली विमानों और टैंकों ने इलाके के केंद्र में तीन शरणार्थी शिविरों पर बमबारी की, जिससे कई नागरिकों को दक्षिण की ओर जाना पड़ा। उन्होंने बताया



कि इज़रायली गोले विस्थापित लोगों द्वारा इलाके में लगाए गए तंबुओं के पास गिरे थे। फिलिस्तीनी मीडिया के फुटेज में खान यूनिस के एक अस्पताल के मुर्दाघर के अंदर कंबल में लिपटे कई शव दिखाई दे रहे हैं। फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट ने कहा कि खान यूनिस में उसके मुख्यालय पर हमला किया गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए।. इज़रायली सेना ने खान यूनिस में कई झड़पों की सूचना दी है, जहां उसने पहले कहा है कि वह वहां छिपे हुए हमास नेताओं को पकड़ने की कोशिश कर रही है। उन्होंने अपनी दैनिक ब्रीफिंग में,कहा कि इजरायली युद्धक विमानों ने हमास के तीन सदस्यों को मार डाला, जिन्होंने सैनिकों के बगल में विस्फोट करने की कोशिश की थी। इजरायली सैनिकों ने दो और को मार डाला। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि बुधवार को अल नुसीरात शरणार्थी शिविर में एक कार पर इजरायली हवाई हमले में पांच फिलिस्तीनी मारे गए। अंतरराष्ट्रीय चिंता के बीच गाजा संकट तीन महीने के करीब पहुंच रहा है कि यह इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक, लेबनान-इजरायल सीमा पर हिजबुल्लाह बलों और लाल सागर शिपिंग लेन सहित अन्य स्थानों पर फैल रहा है। लेबनान की राजधानी बेरूत में मंगलवार को एक ड्रोन हमले में हमास के उप नेता सालेह अल अरुरी की मौत के बाद डर बढ़ गया। हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्ला ने संकल्प लिया कि हत्या के बाद उनका शक्तिशाली मिलिशिया चुप नहीं रह सकता। इजरायली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी से पूछा गया कि इजरायल संभावित हिजबुल्लाह प्रतिक्रिया की तैयारी के लिए क्या कर रहा है, तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, उन्होंने केवल इतना कहा- हम हमास के खिलाफ लड़ाई पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## गाजा में इस्लामिक जिहाद का बड़ा कमांडर ढेर

**तेल अवीव।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गुरुवार को कहा कि फिलिस्तीनी आंदोलन इस्लामिक जिहाद का एक उच्च पदस्थ कमांडर गाजा पट्टी में मारा गया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा, आईडीएफ और आईएसए (इज़राइल सुरक्षा एजेंसी) ने उत्तरी गाजा पट्टी में इस्लामिक जिहाद के चीफ ऑफ ऑपरेशनल स्टाफ और आतंकवादी संगठन का एक वरिष्ठ सदस्य ममदौह लोलो को मार गिराया। वह इस्लामिक जिहाद आतंकवादी संगठन के नेताओं के सहायक और विश्वासपात्र के रूप में कार्य करता था। बयान में कहा गया कि इसके अलावा लोलो विदेश में संगठन के मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के संपर्क में था। आईडीएफ ने कहा, आईएसए के साथ आईडीएफ सैन्य खुफिया निदेशालय के निर्देशन में आईडीएफ विमान द्वारा किए गए हमले में वह मारा गया।

## गाजा में नागरिक मामलों का नियंत्रण स्थानीय फिलिस्तीनियों को सौंप देना चाहिए : गैलेंट

**गाजा।** इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा है कि युद्ध के बाद गाजा पट्टी में नागरिक मामलों का नियंत्रण स्थानीय फिलिस्तीनियों को सौंप दिया जाना चाहिए। टाइम्स ऑफ इजरायल ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में श्री गैलेंट ने कहा, गाजा निवासी फिलिस्तीनी हैं, इसलिए फिलिस्तीनियों को इस शर्त के साथ नागरिक मामलों का नियंत्रण सौंप दिया जाना चाहिए कि इजरायल के खिलाफ कोई धमकी या शत्रुतापूर्ण कार्रवाई नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि गाजा में किसी भी इजरायली नागरिक की मौजूदगी नहीं होनी चाहिए। दूसरी तरफ इजरायल के वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच का कहना है कि उन्होंने रक्षा मंत्री के इस बयान का विरोध किया है।फिलिस्तीनी आंदोलन हमास सात अक्टूबर 2023 को गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया, जबकि उसके लड़ाकों ने सीमा का उल्लंघन किया और नागरिक पड़ोस और सैन्य ठिकानों दोनों पर हमला किया। परिणामस्वरूप इजरायल में 1,200 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 6 जनवरी, 2024 पौष कृष्ण पक्ष 10

### राशिफल

मेष -आज आपका दांपत्यजीवन सुखमय रहेगा। इसके साथ ही बाहर घूमने-फिरने और मनपसंद भोजन मिलने का योग है। आयात निर्यात से जुड़े व्यापारियों को धंधे में लाभ और सफलता मिलेगी।

वृषभ -आपका आज का दिन शुभ फलदायी साबित होगा। निर्धारित काम सफलता से पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आर्थिक लाभ होगा। ननिहाल पक्ष से आनंददायक समाचार मिलेंगे।

मिथुन -आज का दिन शुभ फलदायी और लाभकारी है। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। पत्नी के पीछे खर्च होगा। अविवाहित लोगों का रिश्ता पक्का हो सकता है। व्यापार एवं नौकरी में आय बढ़ेगी। घर में शुभ- प्रसंगों का आयोजन होगा।

कर्क -शारीरिक- मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। छाती में दर्द या किसी विकार से परिवार में अशांति होगी। महिलाओं के साथ मनमुटाव और तकरार होने की संभावना है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दु:ख होगा।

सिंह -कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय का नशा आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा, इससे प्रसन्नता अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ मिलकर घर पर कोई आयोजन करेंगे। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ यात्रा करने का योग है।

कन्या -परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा।

तुला -अपनी कला को बाहर लाने के सुनहरे अवसरों को हाथ से न जाने दें। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

वृश्चिक -आज आपके विदेश में बसनेवाले स्नेहीजन या मित्रों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। लाभ होगा। आमोद- प्रमोद की प्रवृत्तियों में पैसे खर्च होंगे। दांपत्यजीवन में जीवनसाथी के साथ निकटता के पल व्यतीत कर सकेंगे।

धनु -आज आप आर्थिक लाभ के साथ समाज में आदर प्राप्त कर सकेंगे। आपके परिवार में सुख और संतोष बना रहेगा। आपकी आय बढ़ेगी और व्यापार में भी लाभ होगा। प्रिय व्यक्ति के साथ सुखद समय बिताएंगे।

मकर -व्यवसाय में आपकी आय तथा मान- सम्मान में वृद्धि होगी। व्यापार के लिए होने वाला प्रवास लाभदायक साबित होगा। आपके उच्च अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। पदोन्नति होने की संभावना है।

कुंभ -आज आपको बेचैनी, थकान का अनुभव होगा। हालांकि मानसिक स्वस्थता बनाए रख सकेंगे। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। इससे काम करने का उत्साह नहीं रहेगा।

मीन -स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। बीमारी के पीछे खर्च करने पड़ेंगे। अचानक धन खर्च होगा। अन्य कामकाज में भी आपको थोड़े विरोध का अनुभव करना पड़ सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव की संभावना है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## ब्लिंकन के घर के बाहर लोगों ने किया प्रदर्शन

**वाशिंगटन,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। गाजा में चल रहे संघर्ष के बीच इजरायल के लिए अमेरिकी समर्थन के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए वर्जीनिया में विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन के घर के बाहर सैकड़ों प्रदर्शनकारी एकत्र हुए। आर्लिंगटन पुलिस विभाग के प्रवक्ता एशली सैवेज ने 'स्पुतनिक' से इस बात की पुष्टि की।



सैवेज ने विरोध प्रदर्शन के संबंध में एक बयान में कहा, लगभग सुबह 7 बजे, पुलिस ने चेन ब्रिज रोड के 400 ब्लॉक पर लगभग 90 मिनट तक चले विरोध प्रदर्शन की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। सैवेज के अनुसार विरोध के दौरान कोई गिरफ्तारी नहीं हुई।

सोशल मीडिया पर प्रसारित विरोध प्रदर्शन के वीडियो फुटेज में ब्लिंकन के आवास से निकलते समय विरोध प्रदर्शनों को उनके वाहन पर नकली खून फेंकते हुए दिखाया गया है।

गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार 7 अक्टूबर से गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 22,438 लोगों तक पहुंच गई है और घायलों की संख्या 57,614 लोगों तक पहुंच गई है।

# बीस देश मिलकर करेंगे हाउती हमलों का मुकाबला

■ 20 से अधिक देश अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हुए

**वाशिंगटन,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। लाल सागर में हाउती हमलों में तेजी के बीच समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 20 से अधिक देश अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हो गए हैं। अमेरिकी नौसेना बल सेंट्रल कमांड (एनएवीसीईएनटी) के कमांडर वाइस एडमिरल ब्रैड कूपर ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। कूपर ने कहा, कुल मिलाकर 20 से अधिक देश हैं। परिचालनात्मक रूप से, आप जानते हैं,



अभी, अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस इन जहाजों की प्रधानता प्रदान कर रहे हैं, और जैसा कि उल्लेख किया गया है, ग्रीस और डेनमार्क कुछ हफ्तों में इसे पूरक करेंगे। अमेरिका ने दिसंबर में ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन% नामक एक अंतरराष्ट्रीय अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य यमन के अंसार अल्लाह विद्रोही आंदोलन, जिसे हाउती के नाम से भी जाना जाता है, के हमलों से लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों की रक्षा करना था।

## अमेरिका का बी-1बी लांसर बमवर्षक दुर्घटनाग्रस्त

**वाशिंगटन।** अमेरिका का एक बी-1बी लांसर बमवर्षक गुरुवार को दक्षिण डकोटा में एल्सवर्थ एयर फोर्स बेस पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बेस के एक प्रवक्ता ने स्पुतनिक के साथ साझा की गई एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।विज्ञप्ति में कहा गया, एल्सवर्थ एयर फ़ोर्स बेस को सौंपा गया एक एयर फ़ोर्स बी-1बी लांसर आज शाम लगभग 5:50 बजे इंस्टालेशन पर उतरने का प्रयास करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रवक्ता ने बताया कि दुर्घटना के समय विमान एक प्रशिक्षण मिशन पर था और उसमें चालक दल के चार सदस्य सवार थे।

# हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में सहयोग पर भारत और गुयाना के बीच समझौते को मंजूरी

**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। सरकार ने भारत और गुयाना के बीच हाइड्रोकार्बन के क्षेत्र में सहयोग पर समझौते को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुयी केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। समझौते में गुयाना से कच्चे तेल की सोर्सिंग, गुयाना के अन्वेषण और उत्पादन (ई एंड पी) क्षेत्र में भारतीय कंपनियों की भागीदारी, कच्चे तेल के शोधन, क्षमता निर्माण, द्विपक्षीय व्यापार को सुदृढ़ करने, प्राकृतिक गैस क्षेत्र में सहयोग, गुयाना में तेल और गैस क्षेत्र में नियामक नीति ढांचे के विकास में सहयोग; जैव ईंधन सहित स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र के साथ-साथ सौर ऊर्जा आदि सहित नवीकरणीय क्षेत्र में सहयोग और हाइड्रोकार्बन क्षेत्र की पूरी मूल्य श्रृंखला शामिल है। गुयाना के साथ हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में सहयोग के बारे में समझौता ज्ञापन से द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि, एक-दूसरे देशों में निवेश को बढ़ावा और कच्चे तेल के स्रोत में विविधता लाने में मदद मिलेगी, जिससे देश की ऊर्जा और आपूर्ति सुरक्षा में वृद्धि होगी। यह भारतीय कंपनियों को गुयाना के अन्वेषण



और उत्पादन क्षेत्र में भाग लेने का अवसर भी प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त अपस्ट्रीम परियोजनाओं में वैश्विक तेल और गैस कंपनियों के साथ काम करके अनुभव प्राप्त करेगा, जिससे 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर की तिथि से लागू होगा और पांच साल की अवधि तक मान्य होगा। इसके पश्चात स्वचालित रूप से पांच साल के आधार पर नवीकरण हो जाएगा जब तक कि कोई भी पक्ष इस समझौते को समाप्त करने के लिए दूसरे पक्ष को अपने इरादे से तीन महीने पहले लिखित नोटिस नहीं देता है।

## आईएस ने ली ईरान में करमान विस्फोटों की जिम्मेदारी

**तेहरान,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने गुरुवार को दक्षिण-पूर्वी ईरान के करमान में दो घातक बम विस्फोटों की जिम्मेदारी ली। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार आईएस ने एक बयान जारी कर कहा कि उसके दो आत्मघाती हमलावरों ने दो अभियानों में विस्फोटक बेल्ट का इस्तेमाल किया था। उल्लेखनीय है कि बुधवार को करमान में शीर्ष ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की कब्र के पास हुए दोहरे बम विस्फोट में कम से कम 84 लोग मारे गए और 284 अन्य घायल हुए थे। इस घटना के समय अमेरिकी ड्रोन हमले में सुलेमानी की मौत की चौथी बरसी मनाने के लिए भारी भीड़ जुटी हुयी थी। इससे पहले आईआरएनए ने सूत्र का हवाला देते हुए बताया था कि पहले विस्फोट के आसपास के निगरानी कैमरे के फुटेज और अन्य सबूत आत्मघाती हमले की ओर इशारा कर रहे हैं। सूत्र ने कहा कि दूसरे विस्फोट भी संभवत: एक आत्मघाती हमला था। पहला धमाका कब्र से करीब 700 मीटर दूर और दूसरा एक किलोमीटर दूर हुआ था।

## आज का इतिहास

1066- नॉर्मन विजय से पहले हेरोल्ड गॉडविंसन को इंग्लैंड का राजा बनाया गया।

1316- खिलजी वंश के शासक सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी का निधन हुआ।

1322- स्टीफन डेंकस्की सर्बिया का राजा बना ।

1449- कॉन्सटेंटाइन इलेवन पैलियोलोस को बीजान्टिन-रोमन सम्राट का राजा बनाया गया।

1664- छत्रपति शिवाजी महाराज ने सूरत पर हमला किया।

1824- फ्रांसीसी लेखक और साहित्यकार एलेग्ज़न्डर डोमा कनिष्ठ का पेरिस में जन्म।

1832- उन्मूलनवादी विलियम लॉयड गैरीसन ने न्यू इंग्लैंड विरोधी गुलामता समाज की स्थापना की।

1838- एल्फ्रेड वेल और सैम्युएल मोर्स ने पहली बार दुनिया के सामने विद्युत टेलीग्राफ का सफल प्रदर्शन किया।

1885- आधुनिक भारत के प्रसिद्ध हिंदी कवि और लेखक भारतेंदु हरिश्चंद्र का निधन।

1899- लॉर्ड कर्जन को भारत का वायसराय बनाया गया।

1907- रोम में पहली मोंटेसरी स्कूल और डेय केयर सेंटर की शुरुआत हुई।

1912- एल्फ्रेड वेगेनर ने महाद्वीपीय विस्थापन के सिद्धान्त को प्रस्तुत किया।

1919- अमरीका के 26वें राष्ट्रपति थ्योडर रोजवेल्ट का निधन।

1928- चार्ली चैपलिन की मूक कॉमेडी फिल्म 'द सर्कस' का प्रीमियर न्यूयॉर्क शहर में स्ट्रैंड थिएटर में हुआ।

1932- यूसुफ लियोनस ऑस्ट्रेलिया के 10 वें प्रधानमंत्री बने।

**परेशानी** लापता लोगों में बड़ी संख्या में बुजुर्ग शामिल

# जापान में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 94 हुई

**टोक्यो,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। जापान के इशिकावा प्रान्त में नए साल के दिन आए शक्तिशाली भूकंप और कई तीव्र झटकों से मरने वालों की संख्या बढ़कर 94 हो गई है जबकि 222 लोग अभी भी लापता हैं।

स्थानीय मीडिया के अनुसार स्थानीय समयानुसार अपराह्न 2=00 बजे तक इशिकावा में कुल 222 लोगों के लापता होने की सूचना मिली है। मीडिया के अनुसार लापता लोगों में जिनमें बड़ी संख्या में बुजुर्ग निवासी शामिल हैं।

लापता लोग मुख्य रुप से वाजिमा और सुजु शहरों के निवासी हैं।

भूकंप के पांचवें दिन, सबसे अधिक प्रभावित तटीय शहर वाजिमा में अभी भी 40 से अधिक लोगों के दबने और मलबों के नीचे फंसे होने की घटनाएं सामने आ रही हैं।



222 लोग अभी है लापता

जापान के आत्मरक्षा बल के बचाव कर्मियों की संख्या अब लगभग 5,000 तक बढ़ गई है, जो पुलिस और अग्निशमन विभागों के सहयोग से ज्यादातर वाजिमा और सुजु में खोज एवं बचाव अभियान चला रहे हैं।

चूंकि ठंड का मौसम प्रभावित क्षेत्रों के लिए मुश्किल स्थिति पैदा कर रहा है, वित्त मंत्री शुनिची सुजुकी ने घोषणा की कि सरकार 'पुश-टाइप समर्थन' बढ़ाने के लिए वित्तीय वर्ष 2023 के लिए आरक्षित निधि से 47.4 अरब येन (लगभग 32.76 करोड़ अमेरिकी डॉलर) आवंटित करने की योजना बना रही है।नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि नोटो क्षेत्र में अलग-अलग समुदायों में कम से कम 840 लोग फंसे हुए हैं, जबकि भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक आपूर्ति पहुंचाना एक चुनौती बनी हुई है। क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को गंभीर झटका लगा है, लगभग 30,000 घरों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है और 13 शहरों तथा कस्बों में 80,000 घरों को पानी की आपूर्ति में व्यवधान का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि इशिकावा में लगभग 370 आश्रय केंद्रों पर लगभग 33,000 लोग रुके हुए हैं तथा शौचालय तक पहुंच सहित स्वच्छता से संबंधित मुद्दे भी गंभीर चिंता के रूप में उभरे हैं।

## सुडोकू 6428

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | | 7 | |
| 5 | | | 7 | | | 9 | | |
| 8 | | 7 | 2 | | 6 | | | 3 |
| 4 | | 2 | | | | | | |
| | 6 | | | | | | 3 | |
| | | | | | | 7 | | 5 |
| 2 | | | 8 | | 5 | 4 | | 7 |
| | | 4 | | | 9 | | | 1 |
| | 1 | | 4 | 7 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6428

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | | १७ | १८ |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. सुध-बुध खोया हुआ जिसे होशहवास ठिकाने न हो (उर्दू)
४. आह्लादकारक, आनंदकारक, पास्परिक सद्भाव
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. उत्तराधिकारी (उर्दू)
८. परिमाण, माप-तौल (उर्दू)
१०. बिजली, गाज
११. आवश्यक, ज़रूरी (उर्दू)
१३. हारा हुआ, जिस पर किसी ने विजय पा ली हो
१४. गड़बड़, गोलमाल
१५. सज्जन, भलामानुस
१७. काल, अवसर
१९. यतीम
२१. एक तरह की चपाती जिसे तेल आदि में तलकर या आग में भूनकर खाया जाता है
२२. कन्नी काटना, बचकर निकल जाना
२४. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. शक्तिशाली
२. सहयात्री
३. बुद्धिमान
४. गाज, बिजली
५. मध्यभारत की एक नदी
९. चांदी का बना हुआ
११. निर्धन, कंगाल
१२. जंगल, वन
१३. चमकना, व्यक्त होना, प्रणय क्रीड़ा, आनंद
१४. कम होना, वृत्तांत, वाकिया
१५. भरपाने या चुकता हो जाने का भाव
१६. कस कर बांधना
१८. शराब
१३. ज्यादा, बहुत
२०. अत्यधिक श्रम के शरीर शिथिल होना
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6427

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ वी | णा | २ वा | दि | ३ नी | ■ | ४ सु | धा | ५ र | ना |
| रां | ■ | ष्पा | ■ | ६ ल | श्क | र | ■ | ई | ■ |
| ७ ग | तां | क | ■ | रा | ■ | ८ बा | ल | स | ९ खा |
| ना | ■ | र | ■ | १० ग | म | ला | ■ | ■ | द्य |
| ■ | ११ प्र | ण | १२ य | न | ■ | ■ | १३ सं | क्षे | प |
| ■ | सि | ■ | व | ■ | १४ अ | रू | चि | ■ | दा |
| १५ वृ | द्ध | १६ ज | न | ■ | पि | ■ | १७ त | १८ द | र्थ |
| त्ति | ■ | ला | ■ | १९ कौ | तु | २० क | ■ | र्श | ■ |
| २१ क | र्क | शा | ■ | र | ■ | २२ ठि | ठ | क | २३ ना |
| र | ■ | २४ य | श | व | र्द्ध | न | ■ | ■ | थ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### विश्व मौसम विज्ञान संगठन की पहली महिला महासचिव बनी सेलेस्टे साउलो

**बीजिंग,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अर्जेंटीना की सेलेस्टे साउलो 2024 की 1 जनवरी से विश्व मौसम विज्ञान संगठन के महासचिव के रूप में कार्यरत हैं, जो संगठन की पहली महिला महासचिव और पहली दक्षिण अमेरिकी देश से महासचिव बनीं। साउलो ने 2014 से अर्जेंटीना की राष्ट्रीय मौसम विज्ञान सेवा के निदेशक के रूप में कार्य किया था और विश्व मौसम विज्ञान संगठन की पहली उपाध्यक्ष थीं। जून 2023 में, उन्हें विश्व मौसम विज्ञान कांग्रेस में इस संगठन की नई महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया। विज्ञप्ति में कहा गया कि साउलो विश्व मौसम विज्ञान संगठन का विजन पूरा करने का मार्गदर्शन करेंगी, और सभी देशों को, विशेष रूप से सबसे संवेदनशील देशों को, चरम मौसम, जलवायु परिवर्तन और अन्य पर्यावरणीय घटनाओं के प्रति अधिक लचीला बनाएंगी। वह वैज्ञानिक उपलब्धियों को समाज की अच्छी सेवा में लाने के लिए मौसम विज्ञान संगठन के प्रयासों का भी नेतृत्व करेंगी।

# प्रादेशिकी

### श्री राम नाम विश्व बैंक समिति 7 का करेगी श्री रामघाट की सफाई

**हरिद्वार।** श्री राम नाम विश्व बैंक समिति के तत्वाधान में बिल्केश्वर रोड स्थित श्री यज्ञेश्वर धाम आश्रम में संस्था की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी 7 जनवरी को संस्था के गोद लिए गए ऋषिकुल स्थित श्री राम घाट पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। और पूरे जनवरी माह में संस्था से जुड़े व देश विदेश में फैले रामभक्तों से 51 लाख करोड़ राम नाम लेखन करवाकर अयोध्या में नवनिर्मित श्री राम मंदिर में लगवाया जायेगा।

## सूबे में सक्रिय होंगी ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समितियां: डा. धन सिंह

**देहरादून,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। सूबे में पंचायत स्तर पर गठित ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समितियों को सक्रिय किया जायेगा ताकि ग्राम स्तर पर आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके। लम्बे समय से निष्क्रिय पड़ी इन समितियों को एक्टिव करने की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्साधिकारियों को सौंपी गई है। इसके लिये प्रत्येक तीन माह में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में समितियों की नियमित बैठकें की जायेंगी जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अपने शासकीय आवास पर स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के ठोस क्रियान्वयन एवं कार्य प्रक्रिया में परिणाम आधारित सुधार लाने को लेकर विभागीय अधिकारियों एवं मुख्य चिकित्साधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. रावत ने बताया कि राज्य की कुल 7950 ग्राम पंचायत के 16674 ग्रामों में गठित ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समितियां लम्बे समय से निष्क्रिय पड़ी हैं। इन समितियों को सक्रिय कर ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में नियमित बैठकें आयोजित की जायेंगी ताकि ग्राम स्तर पर आम लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सके। इसके लिये सभी जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। विभागीय मंत्री ने कहा कि ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समितियों की प्रत्येक तीन माह में अनिवार्य रूप से बैठक आयोजित की जायेंगी, जिसमें स्वच्छता, पोषण, आयुष्मान युक्त ग्राम, टीबी, काला जार व तम्बाकू मुक्त गांव सहित सिकल सेल एनिमिया तथा शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव को लेकर कार्ययोजना तैयार कर ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं को चाक-चौबंद किया जायेगा। विभागीय मंत्री ने बताया कि ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समितियों की बैठकों में विभागीय अधिकारी अनिवार्य रूप से भाग लेंगे साथ ही जनप्रतिनिधि भी समितियों की बैठक में प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने कहा कि इन बैठकों में संबंधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी के अलावा पूर्व में आवंटित जनपदों के अनुसार विभागीय अधिकारी यथा निदेशक स्वास्थ्य, निदेशक चिकित्सा शिक्षा, महानिदेशक स्वास्थ्य, अपर सचिव स्वास्थ्य, एमडी एनएचएम, सचिव स्वास्थ्य 10-10 ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समितियों की बैठकों में अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। इसके साथ ही स्थानीय विधायक और वह स्वयं भी बैठकों में प्रतिभाग करेंगे। विभागीय मंत्री डा. रावत ने कहा कि ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति की नियमित बैठक होने से स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार होगा साथ ही आम लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा।



- जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्साधिकारियों करेंगे मॉनिटरिंग
- प्रत्येक तीन माह में होंगी बैठकें, अधिकारी व जनप्रतिनिधि रहेंगे मौजूद

### सभी अस्पतालों का होगा एनएबीएच से एक्रिडिएशन

विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश के सभी राजकीय चिकित्सालयों को एनएबीएच एक्रिडिएशन के लिये अनिवार्य रूप से आवेदन करना होगा। इसके लिये उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अभी से तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिये। डॉ. रावत ने बताया कि राज्य सरकार ने इस वर्ष सभी जिला अस्पतालों सहित राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून, श्रीनगर, अल्मोड़ा, हल्द्वानी को राष्ट्रीय अस्पताल मानकीकरण बोर्ड की मान्यता प्रदान करने का लक्ष्य रखा है।

### विभिन्न संवर्गों के रिक्त पदों पर होगी भर्ती

बैठक में विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अधिकारियों को आउटसोर्स के माध्यम से वार्ड ब्वॉय की भर्ती सहित विभिन्न संवर्ग के रिक्त पड़े पदों की क्रमवार भर्ती के निर्देश दिये। उन्होंने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को अपने-अपने जनपद में वार्ड ब्वाय, एएनएम, सीएचओ, टेक्निशियंस, फार्मासिस्ट एवं चिकित्सकों के रिक्त पड़े पदों का विवरण दो सप्ताह के भीतर महानिदेशालय को भेजने को कहा ताकि महानिदेशालय स्तर पर भर्ती प्रक्रिया यथाशीघ्र शुरू की जा सके।

इस अवसर पर अपर सचिव स्वास्थ्य अमनदीप कौर, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. विनीता शाह, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. मीतू शाह, डॉ. सुनीता टम्टा, डॉ. सुनीता चुफाल सहित सभी जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्रों को पीटने, ठंडे पानी से नहलाने के आरोप में प्रधानाध्यापक निलंबित

**देहरादून,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) ने जूनियर हाईस्कूल रूद्रपुर के प्रधानाध्यापक संजय कुमार प्रजापति को निलंबित कर दिया है। उन पर छात्रों को पीटने, ठंडे पानी में नहलाकर वीडियो बनाने और शिक्षकों से अभद्रता जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, प्रधानाध्यापक ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। प्रधानाध्यापक के पास संकुल समन्वयक का भी प्रभार था। बीईओ विकासनगर बीपी सिंह ने बताया कि, प्रधानाध्यापक के खिलाफ स्थानीय प्रतिनिधियों, ग्रामीणों और शिक्षकों ने शिकायत की थी। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने जीआईसी छरबा और होरावाला के प्रधानाचार्य के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की।

प्रधानाध्यापक को आरोप बताकर जवाब मांगा गया तो उन्होंने सिरे से नकार दिया। इसके बाद मुख्य शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर जीआईसी गुनियावाला के प्रधानाचार्य के नेतृत्व में बीते साल 22 दिसंबर को विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि प्रधानाध्यापक साथी शिक्षकों से अभद्र व्यवहार करते हैं। मानसिक उत्पीड़न भी करते हैं। परिचारक ने भी प्रधानाध्यापक को लेकर नकारात्मक तथ्य रखे। भोजन माताओं ने समय पर मानदेय न मिलने की बात कही।

छात्र-छात्राओं ने बताया कि प्रधानाध्यापक गणित पढ़ाते हैं। वे अक्सर विद्यालय नहीं आते हैं।




पठन-पाठन का कार्य भी सही ढंग से नहीं कराते हैं। कक्षा-8 में दूसरे पाठ से सीधे आठवें पाठ को पढ़ाना शुरू कर दिया। विद्यालय में धूम्रपान भी करते हैं। कक्षा-8 के छात्र अर्श ने बताया कि प्रधानाध्यापक ने उसे डंडे से मारा। उसकी कलाई में घाव हो गया। इलाज चल रहा है। कक्षा-8 के छात्र आकाश, कक्षा-7 के छात्र विनीत थापा व अमन ने बताया कि उन्हें खुले में नहलाया गया। इसका वीडियो भी बनाया गया। प्रधानाध्यापक ने सत्र 2022-23 में गणवेश सहारनपुर से क्रय किया। एसएमसी का कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया।

ईको क्लब में प्राप्त 15 हजार रुपये की धनराशि का व्यय किया, लेकिन बिल बाउचर उपलब्ध नहीं कराए। गणित का पाठ्यक्रम भी पूर्ण नहीं किया। बीईओ ने बताया कि निलंबित प्रधानाध्यापक को आरोप पत्र जारी कर दिया है।

**सार संक्षेप**

### श्री यज्ञेश्वर धाम के किए गाए कार्यों को उत्तर प्रदेश के औद्योगिक मंत्री ने सराहा

**हरिद्वार।** श्री यज्ञेश्वर धाम में प्रथम बार पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास एवं संसदीय मंत्री जसवंत सैनी ने श्रीराम लेखन के साथ गंगा घाटो की सफाई आदि के साथ चल रहे तमाम प्रकल्पों की सराहना की। उन्होंने धाम के परमाध्यक्ष आत्मयोगी देवजी महाराज से मुलाकात कर विभिन्न आयामों पर चर्चा की। श्री यज्ञेश्वर धाम के परमाध्यक्ष आत्मयोगी देवजी महाराज ने पटका एवं श्रीराम का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। आत्मयोगी देवजी महाराज ने उन्हें बताया कि धाम में श्रीराम की प्रतिमा स्थापित करने के साथ 51 लाख करोड़ हस्त लिखित राम नाम जप महायज्ञ आश्रम में 22 जनवरी तक संचालित रहेगा। उन्होंने बताया कि ऋषिकुल मैदान के पास श्री राम नाम से एक गंगा घाट भी आवंटित हो गया है, जिसकी सफाई का काम रविवार को होगा। श्री राम नाम विश्व बैंक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुमित तिवारी ने बताया कि देश-विदेश से हजारों भक्त कार्यक्रमों में शामिल होंगे, जल्द ही आश्रम में बड़े स्तर पर भंडारा शुरू कर दिया जाएगा। आश्रम में निरंतर हनुमान चालीसा का पाठ भी जारी रहेगा। उन्होंने कार्यक्रमों में सभी को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर कृष्ण चंद्र सैनी, कुलदीप सैनी, पर्वेंद्र पंवार, सुशील सैनी, सचिन चौधरी, मोहित खोखर, राजकृष्ण प्रधान, अंकित चौधरी, जोगेंद्र मावी, अमित त्यागी, कुलदीप त्यागी आदि शामिल हुए।

### आईजी गढ़वाल ने 55 लाख के खोए मोबाइल लौटाए

**हरिद्वार।** देश के विभिन्न राज्यों की पुलिस से समन्वय स्थापित कर खोए हुए करीब 55 लाख रुपये कीमत के मोबाइल फोन शुक्रवार आईजी गढ़वाल व एसएसपी ने जनता को लौटाए। खोए मोबाइल पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। शुक्रवार को सीसीआर भवन में आयोजित कार्यक्रम में आईजी गढ़वाल रेंज करण सिंह नगन्याल व एसएसपी हरिद्वार प्रमेन्द्र डोबाल ने आमजन एवं यात्रियों के खोए हुए विभिन्न कंपनियों के कुल 353 मोबाइल फोन उनके मालिकों को लौटाए। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में खोए मोबाईल फोनों की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर क्राइम सेल ने करीब 55 लाख रुपए के मोबाइल फोन बरामद किए। इसमें से कई मोबाईल फोन विभिन्न राज्यों से आये तीर्थ यात्रियों के हैं, जबकि कुछ मोबाइल फोन स्थानीय निवासियों के हैं। इस दौरान साईबर सेल टीम ने समस्त थानों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के विवरण के आधार पर मोबाइल फोनों को बरामद करने के लिए सर्विलांस व अन्य माध्यमों की मदद ली। प्राप्त हुई लोकेशन के आधार पर भारत के विभिन्न राज्यों की पुलिस से समन्वय स्थापित कर गुमशुदा मोबाईलों को हरिद्वार मंगाया गया। विगत वर्ष से खोए हुए मोबाइलों को बरामद करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के क्रम में हरिद्वार पुलिस द्वारा अब तक कुल 1 करोड़ 61 लाख बाजार कीमत के कुल 1376 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। मोबाइल पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी नजर आई।

### सुडोकू 6428 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 7 | 8 | 4 | 9 | 2 | 6 |
| 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 6 | 2 | 7 | 4 | 5 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 7 | 5 | 4 | 6 | 2 | 9 | 3 | 8 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 7 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## बारिश व बर्फबारी न होने से पहाड़ से लेकर मैदान तक सूखे जैसे हालात

**देहरादून,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश में लंबे समय से बारिश और बर्फबारी न होने से किसानों और बागवानों की चिंता बढ़ गई है। पूरे प्रदेश में सूखे जैसे हालात पैदा हो गए हैं ऐसे में कृषि विभाग ने सभी कृषि अधिकारियों को एडवाइजरी जारी की है। किसानों की बागवानी के साथ-साथ गेहूं, तिलहन और दलहन की फसल खेतों में लगी हुई है। लेकिन समय से बरसात नहीं होने के चलते किसानों के सामने संकट पैदा हो गया है। सबसे ज्यादा हालत पहाड़ के असिंचित क्षेत्रों में देखा जा रहा है।

जानकारों की मानें तो आगामी दो सप्ताह तक बारिश नहीं होती है तो सूखे से गेहूं की फसल को नुकसान होगा। पहाड़ों में खेती के लिए किसानों को बारिश पर निर्भर रहना पड़ता है। लेकिन उधमसिंह नगर, हरिद्वार व देहरादून के अलावा मैदानी क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा होने से फसल पर कम असर पड़ेगा। लेकिन पर्वतीय क्षेत्रों में गेहूं व अन्य फसलों के लिए बारिश जरूरी है। संयुक्त कृषि निदेशक कुमाऊं मंडल प्रदीप कुमार सिंह के मुताबिक इस सीजन में कुमाऊं मंडल में 1 लाख 75 हजार हेक्टेयर में गेहूं की बुआई, जबकि 20 हजार 500 हेक्टेयर में दलहन, 6 हजार 7000 हेक्टेयर में दलहन की बुआई हुई है। बारिश नहीं होने के चलते वर्तमान समय में मैदानी क्षेत्रों में फसल पर उतना असर नहीं देखा जा रहा है। लेकिन पहाड़ पर बारिश और बर्फबारी नहीं होने से इसका असर दिखने लगा है। लेकिन अभी तक कहीं से सूखे जैसे हालात सामने नहीं आई हैं। फिर भी जिले के सभी कृषि विभाग के अधिकारियों और फील्ड कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। सभी को किसानों के फसलों की निगरानी करने और उसका सर्वे कर विभाग को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि सूखे की स्थिति में विभाग को अवगत कराएं और जहां कहीं भी सिंचाई के साधन है उससे फसलों की सिंचाई करें। विकासनगर क्षेत्र की अधिकांश कृषि बारिश पर निर्भर है। क्षेत्र में लंबे समय से बारिश ना होने से फसल पर इसका प्रभाव देखने को मिल रहा है। समय से बारिश ना होने से गेहूं, जौ, मटर की फसलों की ग्रोथ थम सी गई है। जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

## आपदा में क्षतिग्रस्त हुई सड़को का निर्णय कार्य शीघ्र हो पूरा: गणेश जोशी

**देहरादून,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रामीण विकास मंत्री गणेश जोशी ने पीएमजीएसवाई के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। ग्रामीण विकास मंत्री गणेश जोशी ने विभाग के किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली।

बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को पीएमजीएसवाई के अंतर्गत आपदा में क्षतिग्रस्त हुई सड़को का निर्णय कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों पीएमजीएसवाई की सड़को के अवशेष निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सभी सड़कों के कार्यों को तय समय सीमा के भीतर करने के निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सड़कों, पुलों के निर्माण कार्यों की समयबद्ध समीक्षा की करने के निर्देश भी दिये।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 250 से अधिक जनसंख्या वाले गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ा जा रहा है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा उन्होंने कहा जहां पूर्व में 103 सड़के स्वीकृत हुई थी। वहीं आज प्रदेश को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत केंद्र ने 978 करोड़ रुपये की लागत से बनने जा रही 1194 किलोमीटर लंबाई की 108 नई सड़को की स्वीकृति भारत सरकार द्वारा दी गई है। शीघ्र ही इन सड़कों पर काम शुरू हो जाएगा। जो शेष गांव है, उनको मुख्य मार्ग से जोड़ा जाएगा। प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तर्ज पर प्रदेश के छोटे-छोटे गांव जिनकी आबादी 250 से कम है और सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली आबादी, जो पीएमजीएसवाई या किसी अन्य योजना में नहीं आने के कारण सड़क मार्ग से वंचित थी, उसके लिए धामी सरकार की ओर से मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना शुरू की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन, आर्थिकी और सामाजिक सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए योजना की शुरुआत की गई है। मंत्री ने कहा कि निश्चित ही इसके लागू होने के उपरांत 250 और 150 तक की आबादी के गांव मुख्य मार्ग से जुड़ेंगे।



- ग्रामीण विकास मंत्री ने ली पीएमजीएसवाई अधिकारियों की बैठक

ग्राम्य विकास मंत्री ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज के अंतर्गत पिथौरागढ़ जनपद के 8 गांव में टिडान, सीपू ,मार्चा, रोंगकांग, पांचू, गूंथ, टोला, खिमलिंग को 5 सड़को के माध्यम से वाइब्रेंट विलेज के तहत जोड़ा जाएगा। जिसकी लंबाई 43.96 किलोमीटर है और इसके लिए 119 रुपये करोड़ भारत सरकार से स्वीकृत किए है। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह और गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, मुख्य अभियंता आरपी सिंह उपस्थित रहे।

## सड़कों के निर्माण कार्यों में धांधली को लेकर किच्छा विधायक का धरना

**रुद्रपुर,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। किच्छा विधानसभा में सड़कों के निर्माण कार्यों में धांधली और जल जीवन मिशन योजना पर अधिकारियों की लापरवाही के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गया है। आज किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विकास भवन के गेट पर धरना दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

जिला योजना में विधानसभा की सड़कों के निर्माणकार्य में धांधली और जल जीवन मिशन पर अधिकारियों की हीलाहवाली का आरोप लगाते हुए किच्छा विधायक तिलक राज बहेड ने अपने समर्थकों संग विकास भवन के बाहर धरना दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारे बाजी भी की। एसडीएम रुद्रपुर ने उन्हें मनाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन सीडीओ से वार्ता के बाद ही धरना खत्म करने की जिद पर अड़े रहे। उन्होंने कहा कई बार शिकायत के बाद कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। उन्होंने कहा वह अधिकारियों से जानना चाहते हैं कि जिला योजना में किच्छा विधानसभा की सड़कों को शामिल किया गया है जिसका शासनादेश और दूसरी जानकारी उन्हें चाहिए।

साथ ही केंद्र सरकार का संकल्प घर घर जल पहुंचाने की योजना जल जीवन मिशन के तहत कितने गांवों में इस योजना का लाभ दिया जा रहा है? वह क्यों अधूरा पड़ा हुआ है? इसकी जानकारी भी उन्होंने मांगी। उन्होंने कहा विभाग द्वारा सड़कों को बीचों बीच खोद दिया गया है। जिस कारण लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा एक ओर सरकार ने नल स्वीकृत करना बंद कर दिए, दूसरी ओर जल जीवन मिशन के तहत लोगो के घर में पानी पहुंच नहीं रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा इन योजनाओं में भ्रष्टाचार जरूर हो रहा है।



- राज्य सरकार पर लगाया क्षेत्र की अनदेखी का आरोप

## राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए बीजेपी करेगी दीपोत्सव का आयोजन

**देहरादून,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। खास दिन से लिए उत्तराखंड बीजेपी ने विशेष रणनीति तैयार की है। इस खास दिन के लिए बीजेपी ने दीपोत्सव का आयोजन करने का फैसला किया है। इसके साथ ही पार्टी के हर कार्यकर्ता को पांच लोकसभा सीटों के नाम पर पांच दिए जलाने का आह्वान संगठन की ओर से किया गया है।

उत्तराखंड भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया पार्टी ने परिकल्पना की है कि इस बार उत्तराखंड में दिवाली के बाद एक और दिवाली के रूप में इस महोत्सव को मनाया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने प्रदेश भर में प्राण प्रतिष्ठा और भगवान राम लाल के दीपोत्सव को लेकर के की जा रही प्लानिंग की जानकारी दी। उन्होंने बताया उनके द्वारा महिला मोर्चा और युवा मंगल दल के माध्यम से हर कार्यकर्ता को उसके गांव में मौजूद हर मंदिर पर दिए जलाने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा 14 जनवरी से 22 जनवरी तक पूरे प्रदेश में सफाई अभियान के साथ-साथ सभी घरों में मंदिरों में दिए जलाने के लिए अपील की गई है। महेंद्र भट्ट ने खास तौर पर घरों और मंदिरों में दिए जलाने के लिए हर एक कार्यकर्ता का आह्वान किया है। साथ ही हर एक से पांच लोकसभा सीटों को साक्षी मानकर अपने पूजा स्थल पर पांच दिए जलाने की रणनीति बीजेपी ने बनाई है।



- प्रदेश में चलेगा सफाई अभियान व घरों व मंदिरों में दिए जलाने की अपील

भारतीय जनता पार्टी संगठन के स्तर पर एक ही नहीं बल्कि सरकार के स्तर पर भी अयोध्या में होने जा रही ही प्राण प्रतिष्ठा को लेकर के बड़ी तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया प्रदेश सरकार आगामी 22 जनवरी तक प्रदेश के सभी धार्मिक और पौराणिक घाटों पर हर की पैड़ी से लेकर के त्रिवेणी घाट और शारदा घाट तक स्वच्छता अभियान चलाएगी। इस दौरान इन घाटों पर स्वच्छता के कार्यक्रम के साथ-साथ आरती और दीप प्रज्वलन का काम किया जाएगा।

## देवेंद्र पींचा एसपी अल्पोड़ा व अजय गणपति बने एसपी चंपावत, पांच आईपीएस व पांच पीपीएस के तबादले

देहरादून, 5 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड में शासन ने शुक्रवार को कई आईपीएस और पीपीएस अधिकारियों की जिम्मेदारी में बदलाव कर दिया। इस सूची में पांच आईपीएस अधिकारियों और पांच ही पीपीएस अधिकारियों के नाम शामिल हैं। खास बात यह है कि अल्मोड़ा के एसएसपी को हटाए जाने को लेकर चल रहे कयास भी सच साबित हुए हैं।

उत्तराखंड में शुक्रवार को आईपीएस और पीपीएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी की गई। शासन में अपर सचिव गृह अतर सिंह की तरफ से तबादले से जुड़ी सूची जारी की गई है। खास बात यह है कि इस सूची में अल्मोड़ा के एसएसपी का नाम भी शामिल है। दरअसल पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के दौरान माइक्रोवेव के चोरी होने का मामला सामने आया था। जिस पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इस घटनाक्रम के बाद से ही लगातार जिले में बदलाव के प्रयास लगाए जा रहे थे। ऐसे में अब अल्मोड़ा के एसएसपी रामचंद्र राजगुरु को हटाया गया है। उन्हें सेनानायक आईआरबी प्रथम रामनगर भेजा गया है।



इसके अलावा सुखबीर सिंह को पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिसूचना की जिम्मेदारी दी गयी है। देवेंद्र पींचा को चंपावत से हटाकर अल्मोड़ा की जिम्मेदारी दी गई है। अजय गणपति को पुलिस अधीक्षक रेलवे हरिद्वार से हटाकर पुलिस अधीक्षक चंपावत बनाया गया है। कमलेश उपाध्याय को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण देहरादून से हटाकर पुलिस अधीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था पुलिस मुख्यालय भेजा गया है।

- एसपी सिटी देहरादून सरिता डोभाल को एसपी रेलवेज हरिद्वार की मिली जिम्मेदारी

प्रांतीय पुलिस सेवा के 5 अधिकारियों को भी बदला गया है। इसमें सरिता डोभाल को एसपी सिटी देहरादून से हटाकर पुलिस अधीक्षक रेलवेज हरिद्वार, प्रमोद कुमार को पुलिस अधीक्षक एसपी सिटी, लोकजीत सिंह को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण देहरादून, पंकज गैरोला को एसपी अपराध एवं यातायात की जिम्मेदारी दी गयी है। मनोज कुमार को खंड अधिकारी, देहरादून सीबीसीआईडी की जिम्मेदारी दी गयी।

## 'अब की बार 400 पार' के संदेश के साथ भाजपा का दीवार लेखन अभियान शुरू

**देहरादून,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। भाजपा ने 'अब की बार 400 पार' के संदेश के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर आज उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड से दीवार लेखन अभियान का श्री गणेश कर दिया है। बूथ स्तर पर चलने वाले इस अभियान की शुरुआत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट ने कहा, इसमें दीवार पर लिखा जाने वाला प्रत्येक वाक्य हमारी प्रतिबद्धता और संकल्प का प्रतीक है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में सहभागिता कर उन्होंने लाभार्थियों के अनुभव सुनते हुए योजना सम्बंधी चेक एवं प्रमाणपत्र भी वितरित किए।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए एक सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान की शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने उत्तरकाशी के चिन्यौलीसेण में दीवार लिखकर किया। जिसमे उन्होंने तीसरी बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार का संदेश दीवार पर लिखा। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव की दृष्टि से यह अभियान बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें लिखी जाने वाले संदेशों में जनता से किए वादों का उल्लेख किया जा रहा है जिन्हे हम पूरा कर चुके हैं। इनमें केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों के साथ आगामी चुनावों को लेकर जनता से किए जाने वाले वादे भी हैं और पार्टी के स्वयं से किया संकल्प भी हैं। लिहाजा प्रत्येक कार्यकर्ता को इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभानी है और इसमें लिखे संदेशों को आगे बढ़ाते हुए जन जन तक पहुंचाना है। इसके उपरांत उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा में शिरकत करते हुए लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

# प्रादेशिकी

## चोरों ने एक ही रात में तीन घरों से की हजारों की चोरी

**फर्रुखाबाद,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। एक रात में चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया। कोतवाली क्षेत्र के गांव अताईपुर जदीद निवासी चंद्रशेखर पुत्र रामभरोसे के घर में बीती रात चोरों ने घुसकर कमरे का ताला तोड़ कर अंदर बक्से में रखे सोने के एक जोड़ी कुंडल तथा एक जोड़ी चांदी की तोड़ियां चोरी कर ले गए। चंद्रशेखर तथा उनकी पत्नी पुष्पा कायमगंज नगर में एक तम्बाकू के गोदाम में काम करते हैं सूचना पर पति पत्नी घर पहुंचे तथा इसकी जानकारी दी। आस पड़ोस के लोगों ने बताया कि डायल 112 पुलिस भी आयी थी। उन्होंने कहा कि सर्दी की वजह से चोरों ने घटना को अंजाम दिया है इससे पहले भी चोरी की कई घटनाएं हो चुकी है।आये दिन हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीण दहशत में हैं। इसी घर से सटे नन्हे के घर के मैंन गेट की कुंडी तोड़ दी।

# देशवासियों की शक्ति का प्रतीक सेना : योगी

- मुख्यमंत्री ने 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल का किया उद्घाटन
- सैन्य प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने किया अवलोकन

**लखनऊ,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय सेना देश के 140 करोड़ जनता की शक्ति और साहस का प्रतीक है। एक सशक्त सेना ही सुरक्षित और संप्रभु राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकती है। सेना के मध्य कमान (सूर्या कमान) में आयोजित तीन दिवसीय 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल का योगी ने रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में उड़ाकर फेस्टिवल का औपचारिक उद्घाटन किया। इस दौरान सिख रेजिमेंट के जवानों ने साहसिक पंजाबी धुनों पर अपने पारंपरिक शौर्यकला का शानदार प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें सेना के साजो-सामान के साथ ही अत्याधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने सैन्य अधिकारियों से विभिन्न हथियारों और सैन्य सामानों के बारे में जानकारी भी ली। पहली बार देश की राष्ट्रीय राजधानी के बाहर आयोजित हो रहे 'नो योर आर्मी' फेस्टिवल के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री का विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि समारोह के लिए लखनऊ स्थित सेंट्रल कमांड को चुना जाना गर्व की बात है। यह प्रदेश के युवाओं को नजदीक से भारतीय सेना को जानने और सेना के शौर्य और पराक्रम को नजदीक से पहचानने का अवसर है। योगी ने कहा कि नो योर आर्मी फेस्टिवल के जरिए ना सिर्फ सेना के साजो-सामान और हथियारों की प्रदर्शनी को देखने का अवसर हमें मिल रहा है, बल्कि इसके जरिए सेना की शक्ति, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति की निष्ठा को भी नजदीक से जानने समझने का अवसर मिलेगा। यह सेना के हथियारों, उनकी कार्यशैली, और कार्य कुशलता को भी जानने का अवसर है, जिससे सामान्यत: जनता अनभिज्ञ रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी वीरों की भूमि है। देश की सुरक्षा के लिए लड़ी गई हर लड़ाई में हमारे जवानों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। देश की सुरक्षा करते हुए हमारे जवानों ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। योगी ने कहा कि देश आज प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है। ऐसे में सेना के लिए हथियारों और साजो-सामान के मामले में भी हम तेजी के साथ आत्मनिर्भर हो रहे हैं। उन्होंने यूपी के डिफेंस नोड और 2020 में आयोजित डिफेंस एक्सपो की भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि देश में 100 नये सैनिक स्कूल बनाए जा रहे हैं। इनमें से यूपी में 16 सैनिक स्कूल बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वृंदावन में बालिकाओं के लिए सैनिक स्कूल प्रारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश देश को ना सिर्फ पहला सैनिक स्कूल देने वाला राज्य है, बल्कि बालिकाओं के लिए सैनिक स्कूल शुरू करने वाला भी पहला राज्य बन गया है।




### सिख रेजिमेंट के शौर्यकला प्रदर्शन को बताया शानदार

मुख्यमंत्री ने सिख रेजिमेंट के शौर्यकला प्रदर्शन को शानदार बताते हुए कहा कि ये भारत की प्राचीन कला है, जिसके जरिए हमारे पारंगत युवा आक्रांताओं को मुंहतोड़ जवाब देते थे। मंख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि प्राचीन युद्धकला को भारतीय सेना ने अपना हिस्सा बनाकर ना सिर्फ इस शौर्यकला को सम्मान दिया है, बल्कि सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान को भारत के युवाओं के सामने रखकर सम्मान देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी सेवारत और सेवानिवृत्त सैनिकों के हितों के लिए पूरी तरह से संकल्पबद्ध है। सरकार वीरगति प्राप्त करने वाले वीरों के परिजनों को 50 लाख की धनराशि और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का कार्य करती है।

**एक सशक्त सेना ही सुरक्षित व संप्रभु राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकती है : योगी आदित्यनाथ**

# विकसित भारत बनाने के लिए राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने दिलाई शपथ

**मवाना,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा की कड़ी में शुक्रवार को नगर पालिका के मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्यमंत्री एवं हस्तिनापुर विधायक दिनेश खटीक ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कार्यक्रम में मौजूद लोगों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। नगर पालिका मैदान में कार्यक्रम का आयोजन चेयरमैन अखिल कुमार कौशिक की अध्यक्षता में किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आयुष्मान योजना, राशन कार्ड योजना आदि के लाभार्थियों को राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पहले ग्राम स्तर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया था। उसके बाद नगर स्तर पर नगर पालिका व नगर पंचायतों में इसका आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में शौचालयों का निर्माण कराया। भाजपा में प्रधानमंत्री से लेकर एक बूथ कार्यकर्ता तक जनता के बीच जाकर योजनाओं का क्रियान्वयन कराते हैं। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी प्रदेश के लोगों के लिए तमाम योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने कहा कि गरीब बेटियों की शादी के लिए सरकार परिवार को 50 हजार रुपए देती है और उनकी शादी की व्यवस्था भी करती है। उन्होंने कहा कि यह यात्राएं लंबे समय तक चलेंगी, जिसमें प्रधानमंत्री की सोच को घर-घर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है और सीएम की कुर्सी योगी ने संभाली है, तब से प्रदेश में सांप्रदायिक दंगे बंद हो गए हैं। आज पूरे प्रदेश में गुंडों का सफाया हो चुका है और रामराज स्थापित हो चुका है। उन्होंने कार्यक्रम के लिए पालिका चेयरमैन, ईओ राजीव जैन सहित समस्त पालिका स्टॉफ और कार्यक्रम में मौजूद लोगों का आभार प्रकट किया।




- नगर पालिका के मैदान में कार्यक्रम आयोजित
- विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र किए वितरित

## सार संक्षेप

### लोकदल में शामिल हुए हजारों लोग, पार्टी का बढ़ा कुनबा



**मेरठ।** लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह के सामने शुक्रवार को मवाना में हजारों लोग पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने पार्टी की सदस्यता लेने वाले सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी उत्तर प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी इसके लिए सभी जनपदों में पार्टी का मजबूत संगठन तैयार किया जा रहा है। मेरठ जिला कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है।

### सहायक महानिरीक्षक स्टांप का बनेगा नया कार्यालय : रवींद्र

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्टांप एवं निबंधन विभाग के मंत्री रवींद्र जायसवाल ने कहा कि गौरीगंज में सहायक महानिरीक्षक स्टांप एवं निबंधन का नया कार्यालय बनेगा। नए कार्यालय के लिए साढ़े तीन करोड़ रुपए मंजूर हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का समय मिलने के बाद कार्यालय के शिलान्यास की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। योगी सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवींद्र जायसवाल शुक्रवार को अमेठी, सुल्तानपुर और प्रतापगढ़ में समीक्षा बैठक करने आए थे। जगदीशपुर में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने कहा कि आनलाइन बैनामे के बाद हेराफेरी में कमी आई है। लेकिन आमदनी बढ़ाने के साथ और पारदर्शिता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अमेठी में इंडस्ट्रीयल एरिया है। जिससे अमेठी जनपद आमदनी के मामले में बहुत अच्छा है। समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री अधिकारियों के कार्यों की सराहना भी की। सहायक महानिरीक्षक स्टांप सीपी मौर्य, गौरीगंज के रजिस्ट्रार प्रदीप ओबेरॉय, तिलोई के प्रभारी रजिस्ट्रार राजेश सक्सेना, अमेठी के रजिस्ट्रार श्रवण कुमार सिद्धार्थ, मुसाफिरखाना की रजिस्ट्रार अनुपम पांडेय आदि गुलदस्ता देकर मंत्री का स्वागत किए।

**Notice**

In my Passport my father & mother name wrongly mentioned Shokin & Shahida my fathe & Mother correct name is Shokin & Shahida. Abdullah S/o Shokin Ahmad R/o H. No. 14 Mohalla Jalaludingpura Garh Road Kithore Meerut for all future Purposes.

**Self Declaration**

I Pinky Kashyap D/o Magan Singh declared that Pinky Kashyap and Pinkey Kashyapare the same person. as per my KYC. Adhar Card/ Pan Card document having the aname Pinky Kashyap by mistak educational documents is having Pinkey Kashyap. ButPinky Kashyap is the correct name. So kindly consider it for future references.

**Address -241/29, Sanjay Nagar Meerut-250001**

**Mobile No. 8630287447**



# सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

**मवाना,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। नगर के रामलीला मैदान व रोडवेज बस स्टैण्ड के सामने पक्का तालाब पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किए गये। सम्बन्धित विभागों ने भारत संकल्प यात्रा कैम्प में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, राशन कार्ड योजना आदि के स्टाल द्वारा लगाए गए तथा योजनाओं से सम्बन्धित लाभार्थियों को सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी एलईडी वैन के माध्यम से दी गई।



हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक व राज्यमंत्री जल शक्ति विभाग दिनेश खटीक ने भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में नागरिकों व उपस्थित सभी लाभार्थियों को विस्तारपूर्वक बताया गया। इसके बाद राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने प्रधानमंत्री आवास योजना व प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र आदि वितरित किए गए।

- राज्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई

# वन विभाग की कार्रवाई से परेशान किसान ने लगाई आग

**मवाना/हस्तिनापुर,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। हस्तिनापुर के गांव अलीपुर मोरना गांव में वन विभाग की जमीन से अतिक्रमण हटाए जाने से नाराज किसान ने तहसील पहुंचकर खुद पर पेट्रोल छिड़क कर आत्मदाह की कोशिश की। आग की लपटों से गिरी किसान को उप जिलाधिकारी अखिलेश यादव और सीओ पेशी में तैनात सिपाही सचिन शर्मा ने बामुश्किल आग को काबू में किया। आग से झुलसे किसान को सीएचसी भेजा गया। किसान की हालत चिंताजनक होने के चलते हायर सेंटर रेफर कर किया।

- आग बुझाने के लिए उप जिलाधिकारी ने की कड़ी मशक्कत
- गंभीर हालत में किसान को किया हायर सेंटर रेफर



हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर मोरना में वन विभाग की जमीन पर पिछले कई सालों से किसान अवैध तरीके से काबिज हैं। कई किसान सालों से जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर खेती कर रहे हैं। इसकी शिकायत पर गुरुवार को वन विभाग की टीम ने जमीन पर कब्जा लेने के उद्देश्य से गेहूं की खड़ी फसल जोत दी। इससे दुखी कई किसान शुक्रवार को वन विभाग की शिकायत ले उप जिलाधिकारी के पास पहुंचे। वन विभाग की कार्रवाई से दुखी 53 वर्षीय किसान जगबीर पुत्र धनपाल ने तहसील धरना स्थल पर पहुंच कर पेट्रोल छिड़कर आग लगा ली। किसान द्वारा खुद को आग लगाने की घटना के बाद तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी अखिलेश यादव और सीओ पेशी में तैनात सिपाही सचिन शर्मा ने दौड़कर आग बुझाने का प्रयास किया और आनन-फानन में किसान को सीएचसी भर्ती कराया जहां किसान की हालत अति गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### अस्पताल पहुंचकर जिलाधिकारी ने जाना हाल

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मवाना तहसील में आत्मदाह का प्रयास करने वाले किसान के परिजनों से अस्पताल पहुंचकर बात की व पीड़ित का हाल जाना। उन्होंने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी से वार्ता कर अस्पताल द्वारा पीड़ित को बेहतर इलाज दिया जा रहा है।

### निकली गलती तो अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : राज्य मंत्री

किसान द्वारा आत्मदाह किए जाने की जानकारी जैसे ही राज्यमंत्री दिनेश खटीक को मिली तो वह नगर पालिका के मैदान में चल रहे कार्यक्रम को छोड़कर अस्पताल पहुंच गए, लेकिन तब तक एसडीएम मवाना किसान जगबीर को एंबुलेंस से लेकर मेरठ अस्पताल में भर्ती कराने के लिए निकल चुके थे। राज्यमंत्री ने कहा कि इस मामले को लेकर कुछ लोग उनके पास आए थे। उन्होंने डीएफओ मेरठ से बात कर फसल कटने पर भूमि चिन्हित कर पैमाइश कराने व उसके बाद ही कब्जामुक्त की कार्रवाई करने की बात कही थी। यदि इस मामले में अफसरों की गलती पाई गई तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का किया गया आयोजन

- कम्पनियों द्वारा लिए साक्षात्कार
- 81 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

**मेरठ,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। उप्र कौशल विकास मिशन, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के अन्तर्गत शुक्रवार को विकास खण्ड-सदर के कम्पोजिट विद्यालय मोहिउद्दीनपुर मेरठ में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उक्त रोजगार मेले में 13 निजी क्षेत्र की कम्पनियों ने प्रतिभाग किया गया। इन कम्पनियों ने कम्प्यूटर ऑपरेटर, फिटर, हेल्थ सेक्टर, इंश्यूरेंस/बैंकिंग सेक्टर, मशीन ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, ट्रेनी ऑपरेटर आदि सेक्टर के लिए रिक्तियां अधिसूचित की थीं। कम्पनियों द्वारा न्यूनतम 10 हजार रुपए और अधिकतम 20 हजार रुपए मासिक वेतन ऑफर किया गया। रोजगार मेले में 151 अभ्यर्थियों में, जोकि कौशल विकास मिशन, डीडीयू-जीकेवाई के प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थियों तथा अन्य ग्रामीण अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें से 81 अभ्यर्थियों का कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार उपरान्त चयन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एवं नियुक्ति पत्र वितरण मुख्य विकास अधिकारी महोदया नूपुर गोयल द्वारा किया गया। 81 चयनितों में से 25 को मौके पर नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

13 कम्पनियों में 151 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिया। कार्यक्रम का संयोजन दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना एवं उप्र कौशल विकास मिशन की जनपदीय इकाई द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक शशि भूषण उपाध्याय ने सभी प्रतिभागी युवाओं की कैरियर कांउसलिंग भी की। कालेज की प्रधानाचार्य मधुबाला द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। सहायक निदेशक सेवायोजन शशि भूषण उपाध्याय ने विभागों की नीतियों पर भी प्रकाश डाला।

# घरों में जाकर पूजित अक्षत का किया वितरण

**मवाना,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। एक जनवरी से 15 जनवरी तक चलने वाले अयोध्या में भगवान राम के विग्रह के पूजित अक्षत वितरण का मवाना नगर के रामबाग केप्राचीन श्री झारखंडी शिव मंदिर से प्रारंभ किया गया जिसमें बस्ती के अनेकों घरों में जाकर पूजित अक्षितो का वितरण किया गया तथा अयोध्या में भगवान श्री राम के दर्शन के लिए आने का निमंत्रण पत्र भी दिया गया।

इस अभियान में सहयोगी स्वयंसेवक अमित शर्मा ने बताया कि 500 वर्षों के वनवास के पश्चात आने वाली 22 जनवरी को भगवान राम अपने मंदिर में लौट रहे हैं 500 वर्षों के इस कालखंड में लाखों राम भक्तों का बलिदान हुआ तथा लाखों राम भक्तों को जेल की यातनाएं सहनी पड़ी लेकिन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में आज अयोध्या में भगवान राम का दिव्य और भव्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है।

# विद्युत मीटर संबंधी मामलों का निष्पादन करने का कर्मियों को दिए निर्देश

**मेरठ,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। प्रबन्ध निदेशक चैत्रा वी. ने गुरुवार को देर-रात विद्युत उपकेन्द्र बेगमपुल मेरठ व विद्युत नगरीय परीक्षण खण्ड मेरठ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले प्रबन्ध निदेशक विद्युत उपकेन्द्र पहुंचीं तथा बिजलीघर पर उन्होंने वीसीबी की कार्यशीलता, कन्ट्रोल पैनल की कार्यशीलता की जानकारी ली तथा 33/11 केवी उपसंस्थान में शिकायत रजिस्टर, डेली लॉग बुक रजिस्टर, सप्लाई रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया ब्रेकडाउन व शटडाउन और उसके अटेंड करने के समय आदि का निरीक्षण किया।

प्रबन्ध निदेशक ने कहा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता उपभोक्ताओं को बाधा रहित गुणवत्तापरक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराना है। अधिकारी बिजलीघरों का निरीक्षण कर, तकनीकी कमियों को दूर करें जिससे की उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा सके, उन्होंने बिजलीघरों पर स्थित अभिलेखों एवं सुरक्षा उपकरणों का रख-रखाव तथा उपभोक्ता की शिकायत का अधिकारियों द्वारा तत्परता से निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण में बिजलीघर की साफ-सफाई व कार्यों को देख कर, प्रबन्ध निदेशक ने संतोष जाहिर किया।



- प्रबंध निदेशक ने किया औचक निरीक्षण

## प्रतियोगिता — डीएवी स्पोर्ट्स नेशनल लेवल, 2024-गर्ल्स के मैच का समापन

# हॉकी व फुटबॉल के खिलाड़ियों ने दूसरे दिन दिखाया प्रतिभा का हुनर

**मेरठ,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। डीएवी स्पोर्ट्स, नेशनल लेवल 2024 के दूसरे दिन 21 राज्यों से आई टीमों में फाइनल तक पहुंची टीमों ने हॉकी और फुटबॉल खेलों में हुनर दिखाते हुए प्रतिस्पर्धा की। फुटबॉल में पहला मैच, अंडर 19, गुजरात-महाराष्ट्र बनाम झारखंड खेला गया, गुजरात-महाराष्ट्र ने दो गोल से बढ़त हासिल कर विजय प्राप्त की। दूसरा मैच अंडर-19 यूपी बनाम बिहार खेला गया, जिसमें यूपी ने दो गोलों से बिहार को हराया। तीसरा मैच, अंडर 17 दिल्ली एनसीआर बनाम झारखंड खेला गया, जिसमें झारखंड की खिलाड़ियों ने पांच गोल दाग कर विजय प्राप्त की। चौथे मैच में, अंडर 17, वेस्ट बंगाल एवं मणिपुर ने मिलकर यूपी से प्रतिस्पर्धा की जिसमें यूपी ने एक गोल से बढ़त हासिल कर विजय प्राप्त की। हार्डलाइन मैच अंडर 19 झारखंड बनाम बिहार के मध्य खेला गया, जिसमें झारखंड दो गोल से विजयी हुआ। हार्डलाइन मैच अंडर 17 दिल्ली एनसीआर बनाम वेस्ट बंगाल-मणिपुर के मध्य खेला गया जिसमें दिल्ली एनसीआर 1गोल से विजयी हुआ। अंडर 17 फाइनल मैच झारखंड बनाम यूपी के मध्य खेला गया, जिसमें झारखंड एक गोल से विजयी हुआ। अंडर 19 फाइनल मैच गुजरात-महाराष्ट्र बनाम यूपी के मध्य खेला गया जिसमें पेनल्टी राउंड में यूपी विजयी रहा। हॉकी में एस्ट्रोटर्फपर खेले जाने वाले हॉकी के मैचों में पहला मैच उत्तर प्रदेश बनाम हरियाणा का रहा, जिसमें हरियाणा ने एक गोल से उत्तर प्रदेश पर विजय हासिल की। अंडर 19 फाइनल मैच हरियाणा बनाम पंजाब के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा दो गोलों से विजेता बना। अंडर 17 फाइनल मैच पंजाब बनाम झारखंड के बीच हुआ, जिसमें झारखंड ने एक गोल से बढ़त हासिल कर जीत हासिल की। अंडर 14 फाइनल मैच हरियाणा बनाम पंजाब के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा चार गोलों से विजयी हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में रघुवेंद्र मिश्रा, एसपी ट्रेफिक मेरठ ने मंच की शोभा बढ़ाई। डॉ.अल्पना शर्मा (क्षेत्रीय अधिकारी डी ए वी स्कूल, यूपी, जोन ए, स्टेट कोऑर्डिनेटर डी ए वी स्पोर्ट्स) ने विशिष्ट अतिथि को नई पौध, शॉल तथा स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिवादन किया। फुटबॉल और हॉकी अंडर 14, 17, 19 में विजेता टीमों को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान के आधार पर फुटबॉल में अंडर 17 वर्ग में झारखंड को प्रथम तथा अंडर-19 वर्ग में यूपी को प्रथम एवं हॉकी खेल में अंडर 14 वर्ग में हरियाणा को प्रथम, अंडर 17 वर्ग में झारखंड को प्रथम तथा अंडर-19 वर्ग में हरियाणा को प्रथम स्थान की ट्रॉफी प्रदान की गई। टीमों के प्रत्येक प्रतिभागी को उनके स्थान के आधार पर मेडल भी प्रदान किए गए। खेल, विद्यार्थी को सर्वांगीण विकास करने में मुख्य भूमिका का निर्वाह करते हैं। प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अध्ययनशील होना तो आवश्यक है लेकिन साथ ही साथ अपने विकास के लिए किसी एक खेल से जुड़ना भी आज के समय के अनुसार आवश्यंभावी है।

डॉ.अल्पना शर्मा ने अपने संबोधन में विजेता टीमों को प्रोत्साहित करते हुए तथा उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उत्साह का वर्धन किया एवं उनके प्रयास की प्रशंसा की। डॉ.अल्पना शर्मा ने डीएवी परिवार की ओर से दो दिवसीय डी ए वी स्पोर्ट्स नेशनल लेवल, 2024 गर्ल्स में 21 राज्यों से आई प्रत्येक टीम प्रभारी का आभार व्यक्त किया तथा शीतकालीन प्रकोप को सहते हुए भी विद्यार्थियों के खेलों के उत्साह को देखते हुए उन्हें सुभाशीष प्रदान किया एवं मीडिया प्रभारियों का भी हृदय से आभार व्यक्त किया।




- 21 राज्यों से आई हैं डीएवी स्कूल की टीम
- अतिथियों ने विजेता टीमों को प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं दी

देशबन्धु नई दिल्ली, शनिवार, 6 जनवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# दुनिया रंग-बिरंगी

## रूबीना दिलैक ने अपने फैंस के साथ शेयर की 'ब्रंच' की झलक

**मुंबई,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। अभिनेत्री रुबीना दिलैक इन दिनों मातृत्व का आनंद ले रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने पौष्टिक ब्रंच की एक झलक शेयर की है। रूबीना और उनके पति अभिनव शुक्ला हाल ही में जुड़वां बेटियों जीवा और एधा के माता-पिता बने हैं। 'सास बिना ससुराल' की अभिनेत्री एक उत्साही सोशल मीडिया उपयोगकर्ता हैं और इंस्टाग्राम पर उनके 9.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं। अभिनेत्री ने ब्रंच लेते हुए अपनी खुशनुमा तस्वीरें शेयर की। रूबीना ने फ्लोरल ड्रेस पहनी हुई है, उन्होंने बिना मेकअप लुक को चुना, और बाल खुले रखे। 27 दिसंबर, 2023 को जोड़े ने अपनी छोटी सी खुशियों की पहली तस्वीरें शेयर की थी, साथ ही अपने बच्चों के नाम का भी खुलासा किया था।

# शिशुओं और छोटे बच्चों में अचानक होने वाली मौतों का कारण दौरे हो सकते हैं: स्टडी



**न्यूयॉर्क,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। एक स्टडी से पता चला है कि मांसपेशियों में ऐंठन के साथ दौरे छोटे बच्चों में अप्रत्याशित मौतों का एक संभावित कारण हो सकते हैं, जो आमतौर पर नींद के दौरान होते हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि अमेरिका में हर साल 3,000 से ज्यादा परिवार अप्रत्याशित रूप से एक बच्चे को खो देते हैं।

स्टडी में, शोधकर्ताओं ने 1 से 3 साल की उम्र के बीच सात बच्चों की बिना कारण मौतों का दस्तावेजीकरण करने के लिए परिवारों द्वारा दिए गए व्यापक मेडिकल रिकॉर्ड विश्लेषण और वीडियो साक्ष्य का उपयोग किया, जो संभावित कारण दौरा था।

न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी (एनवाईयू) लैंगोन हेल्थ के शोधकर्ताओं ने कहा कि ये दौरे 60 सेकंड से भी कम समय तक चले और प्रत्येक बच्चे की मृत्यु से ठीक पहले 30 मिनट के भीतर हुए। स्टडी में शामिल सभी बच्चों का पहले शव परीक्षण किया गया, जिसमें मृत्यु का कोई निश्चित कारण सामने नहीं आया।

**न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी (एनवाईयू) लैंगोन हेल्थ के शोधकर्ताओं ने कहा कि ये दौरे 60 सेकंड से भी कम समय तक चले और प्रत्येक बच्चे की मृत्यु से ठीक पहले 30 मिनट के भीतर हुए।**

एनवाईयू लैंगोन में अनुसंधान सहायक प्रोफेसर और प्रमुख अन्वेषक लौरा गोल्ड ने कहा, 'हमारा स्टडी, हालांकि छोटा, लेकिन पहली प्रत्यक्ष प्रमाण प्रस्तुत करती है कि दौरे बच्चों में कुछ अचानक मौतों के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं, जो आमतौर पर नींद के दौरान होते हैं, जिनका पता नहीं चलता।' गोल्ड ने 1997 में 15 महीने की उम्र में अपनी बेटी मारिया को अचानक मृत्यु (एसयूडीसी) में खो दिया था। वह बताती हैं कि अगर वीडियो साक्ष्य नहीं होते, तो मौत की जांच में दौरे का कारण पता नहीं चलता।

एनवाईयू लैंगोन में न्यूरोलॉजी विभाग के प्रोफेसर, अन्वेषक और न्यूरोलॉजिस्ट ओरिन डेविंस्की ने कहा, 'इस स्टडी के निष्कर्षों से पता चलता है कि मरीजों के चिकित्सीय इतिहास से पता चलता है कि दौरे बहुत अधिक आम हैं और यह निर्धारित करने के लिए आगे शोध की आवश्यकता है कि क्या बच्चों और संभावित रूप से शिशुओं, बड़े बच्चों और वयस्कों में नींद से संबंधित मौतों में दौरे अक्सर होते हैं।' डेविंस्की ने कहा कि ऐंठन वाले दौरे शायद 'स्मोकिंग गन' हो सकते हैं जिसे चिकित्सा विज्ञान यह समझने के लिए तलाश रहा है कि ये बच्चे क्यों मर रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'इस घटना पर स्टडी करने से एसआईडीएस और मिर्गी से होने वाली मौतों सहित कई अन्य मौतों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है'



# यूपी में नौ माह में 32 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे, काशी सबसे पसंदीदा स्थल

**लखनऊ,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर उत्तर प्रदेश साल दर साल नये रिकॉर्ड के साथ अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। 2022 में यूपी आने वाले पर्यटकों की संख्या जहां 31.85 करोड़ थी तो वहीं 2023 के शुरुआती 9 महीने में ही 32 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने यूपी को एक्सप्लोर किया है। इसमें बड़ी संख्या विदेशी पर्यटकों की भी है।

प्रदेश में सर्वाधिक पर्यटकों ने काशी का रुख किया। प्रयागराज और अयोध्या आने वाले सैलानियों की संख्या भी करोड़ों में रही। पर्यटन विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार साल 2023 में जनवरी से लेकर सितंबर तक उत्तर प्रदेश आने वाले देसी सैलानियों की संख्या 31,91,95,206 रही। वहीं, 9,54,866 विदेशी पर्यटक भी यूपी पहुंचे। इनमें भी सर्वाधिक संख्या वाराणसी पहुंचने वाले पर्यटकों की रही।

जनवरी से सितंबर तक वाराणसी में कुल 8,42,04,814 पर्यटक वाराणसी पहुंचे। इनमें देसी पर्यटकों की संख्या 8,40,71,726। जबकि, विदेश पर्यटकों की संख्या 1,33,088 रही।

पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि काशी के बाद सैलानियों की दूसरी पसंद प्रयागराज रही। यहां कुल 4,49,95,996 पर्यटक साल 2023 में जनवरी से सितंबर तक पहुंचे। इनमें देसी पर्यटकों की संख्या 4,49,93,289 रही। वहीं, 2,707 विदेशी पर्यटक भी प्रयागराज पहुंचे। इसी प्रकार तीसरे नंबर पर अयोध्या आने वाले पर्यटकों की संख्या रही। जनवरी 23 से सितंबर 23 तक कुल 2,03,64,347 पर्यटक अयोध्या पहुंचे। इनमें देसी पर्यटकों की संख्या 2,03,62,713 रही। जबकि, विदेशी पर्यटकों की संख्या 1,634 दर्ज की गई। यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश आने वाले पर्यटकों की सर्वाधिक संख्या जनवरी और जुलाई माह में दर्ज की गई है, जो कि 5.56 से 5.80 करोड़ के बीच रही।

# अनन्या पांडे ने अपना हॉलिडे एल्बम किया जारी, कहा, 'यह रीबूट का समय था'



**मुंबई,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस अनन्या पांडे, जो नए साल का जश्न मनाने के लिए यूके में थीं, ने शुक्रवार को अपना हॉलिडे एल्बम जारी किया। अनन्या अपने कथित बॉयफ्रेंड आदित्य रॉय कपूर के साथ छुट्टियां मनाने गई थीं। एक वायरल तस्वीर में दोनों यूके में आइस स्केटिंग का आनंद लेते दिख रहे हैं।

अनन्या ने अपने हॉलिडे एल्बम में आदित्य की फोटो शेयर नहीं की। एक तस्वीर में अनन्या ने लंदन की झीलों और पक्षियों की फोटो शेयर की हैं। दूसरे स्नैप में अनन्या को लंदन के फूड्स का आनंद लेते हुए दिखाया गया है। इसमें खूबसूरती से सजाए गए क्रिसमस ट्री, दिल के शेप की चॉकलेट की भी झलक है। एक तस्वीर में 25 वर्षीय अभिनेत्री को आइस-स्केटिंग का आनंद लेते हुए भी दिखाया गया है।

पोस्ट पर लंदन का जियोटैग दिया गया और कैप्शन में लिखा, 'मुझे पता है कि मुझे थोड़ी देर हो गई है, लेकिन जैसा कि अहाना ने 'खो गए हम कहां' के अंत में कहा था, यह रीबूट का समय है और हर साल कुछ संकल्प लेकर हम खुद को बदलने की कोशिश करते हैं, लेकिन इस साल मुझे उम्मीद है कि आप पूरी तरह से अपने जैसे हो सकते हैं।'

अनन्या हाल ही में रिलीज हुए ड्रामा 'खो गए हम कहां' में अहाना के अपने किरदार का जिक्र कर रही थीं। अर्जुन वरैन सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव भी हैं। फिल्म तीन दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। फैंस ने कमेंट में पूछा, 'तो, कैमरा मैन आदित्य हैं?' एक्ट्रेस की अगली फिल्म 'कंट्रोल' और सी. शंकरन नायर की अनकही कहानी है।

## सुष्मिता सेन ने एक्स ब्वॉयफ्रेंड रोहमन शॉल के बर्थडे पर लुटाया प्यार, शेयर की बेहद प्यारी तस्वीर



**मुंबई,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने अपने एक्स ब्वॉयफ्रेंड रोहमन शॉल को जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया पर जमकर प्यार लुटाया। सुष्मिता और रोहमन 2018 से 2021 तक रोमांटिक रिलेशनशिप में रहे, पर 23 दिसंबर 2021 को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए उन्होंने अपने ब्रेकअप की घोषणा की। अब, रोहमन के जन्मदिन पर एक्ट्रेस ने एक मिरर सेल्फी शेयर की, जिसमें दोनों को विंटर आउटफिट में देखा जा सकता है। सुष्मिता ने ब्लैक कलर के जॉगर और मैचिंग लेदर जैकेट पहनी हुई है और ग्रे बीनी कैप और ग्रे बूट्स के साथ पेयर किया है। वहीं रोहमन ने ब्लैक जॉगर्स और मैचिंग जैकेट पहनी हुई है। जन्मदिन की पोस्ट में एक्ट्रेस ने लिखा है, 'हैप्पी बर्थडे बाबूशाह, ऐसे ही हमेशा खुश रहो...तुम्हारे लिए ढेर सारा प्यार और ब्लेसिंग्स।' रोहमन ने पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'थैंक यू बाबू' सुष्मिता की बेटी रेनी ने लिखा, 'आई लव दिस पिक्चर।' सुष्मिता की दो गोद ली हुई बेटियां रेनी और अलीसा हैं।

# गोल्डन साड़ी में जान्हवी कपूर ने अपनाया ट्रेडिशनल लुक, मंदिर के दर्शन कर शुरू किया नया साल



**मुंबई,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने दक्षिण भारत के एक मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने शुक्रवार को ट्रेडिशनल आउटफिट में अपनी कुछ तस्वीरें साझा की और कहा, 'अब यह 2024 जैसा लग रहा है।' जान्हवी दिवंगत दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी और फिल्म निर्माता बोनी कपूर की बेटी हैं। जान्हवी ने कई तस्वीरें साझा की, जिसमें जान्हवी फ्रेश और हैप्पी नजर आ रही हैं। 'धड़क' फेम एक्ट्रेस ने गोल्डन कलर की साड़ी पहनी हुई है और सर्दियों की धूप का आनंद ले रही हैं। एक्सेसरीज के लिए उन्होंने डायमंड नेकपीस और मैचिंग ईयररिंग्स को चुना। जान्हवी ने न्यूड पिंक शेड की लिपिस्टक के साथ मिनिमल मेकअप लुक अपनाया। लुक को पर्पल बिंदी से पूरा किया गया। आखिरी तस्वीर में एक मंदिर की सीढ़ियां दिखाई दे रही हैं। 'रूही' अभिनेत्री ने पोस्ट को कैप्शन दिया, 'और अब ऐसा लगता है जैसे 2024 शुरू हो गया है।' हालांकि, उन्होंने तस्वीरों में लोकेशन का जिक्र नहीं किया। वर्कफ्रंट की बात करें तो, उनकी अगली फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' और 'उलझ' है। जान्हवी कोराताला शिवा द्वारा निर्देशित तेलुगु एक्शन ड्रामा 'देवरा' में भी नजर आएंगी। इसमें एनटीआर जूनियर और सैफ अली खान हैं।

# बारिश व बर्फबारी न होने से पहाड़ से लेकर मैदान तक सूखे जैसे हालात



- **बागवानों व किसानों के चेहरे पर बढ़ी चिंता की लकरें**
- **सूखा पाला पड़ने से चलने लगी फसलें**

**देहरादून,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश में लंबे समय से बारिश और बर्फबारी न होने से किसानों और बागवानों की चिंता बढ़ गई है। पूरे प्रदेश में सूखे जैसे हालात पैदा हो गए हैं ऐसे में कृषि विभाग ने सभी कृषि अधिकारियों को एडवाइजरी जारी की है। किसानों की बागवानी के साथ-साथ गेहूं, तिलहन और दलहन की फसल खेतों में लगी हुई है। लेकिन समय से बरसात नहीं होने के चलते किसानों के सामने संकट पैदा हो गया है। सबसे ज्यादा हालत पहाड़ के असिंचित क्षेत्रों में देखा जा रहा है।

जानकारों की मानें तो आगामी दो सप्ताह तक बारिश नहीं होती है तो सूखे से गेहूं की फसल को नुकसान होगा। पहाड़ों में खेती के लिए किसानों को बारिश पर निर्भर रहना पड़ता है। लेकिन उधमसिंह नगर, हरिद्वार व देहरादून के अलावा मैदानी क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा होने से फसल पर कम असर पड़ेगा। लेकिन पर्वतीय क्षेत्रों में गेहूं व अन्य फसलों के लिए बारिश जरूरी है। संयुक्त कृषि निदेशक कुमाऊं मंडल प्रदीप कुमार सिंह के मुताबिक इस सीजन में कुमाऊं मंडल में 1 लाख 75 हजार हेक्टेयर में गेहूं की बुआई, जबकि 20 हजार 500 हेक्टेयर में दलहन, 6 हजार 7000 हेक्टेयर में दलहन की बुआई हुई है।

बारिश नहीं होने के चलते वर्तमान समय में मैदानी क्षेत्रों में फसल पर उतना असर नहीं देखा जा रहा है। लेकिन पहाड़ पर बारिश और बर्फबारी नहीं होने से इसका असर दिखने लगा है। लेकिन अभी तक कहीं से सूखे जैसे हालात सामने नहीं आई हैं। फिर भी जिले के सभी कृषि विभाग के अधिकारियों और फील्ड कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। सभी को किसानों के फसलों की निगरानी करने और उसका सर्वे कर विभाग को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

# क्षय रोगी नियमित रूप से दवा और पौष्टिक आहार का सेवन करें : डा. राजेश तेवतिया

## क्षय रोगी मास्क का इस्तेमाल करें और अपने परिजनों की टीबी की जांच अवश्य कराएं



**गाजियाबाद,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. भवतोष शंखधर के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), मुरादनगर पर क्षय रोगी एडॉप्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आरएचएएम संस्था की ओर से दो सौ क्षय रोगियों को गोद लेकर पुष्टाहार प्रदान किया गया। संस्था पूर्व में भी क्षय रोगियों को गोद ले चुकी है। इस मौके पर मुरादनगर सीएचसी प्रभारी डा. राजेश तेवतिया ने कहा-संस्था के द्वारा उपलब्ध कराए गए पुष्टाहार का क्षय रोगी स्वयं सेवन करें और नियमित रूप से अपनी दवाएं लेते रहें। अपनों के बचाव के लिए बंद स्थान पर क्षय रोगी मास्क का इस्तेमाल करें, साथ ही अपने परिजनों को कहें टीबी संक्रामक बीमारी है जो सांस के जरिए फैलती है इसलिए वह भी अपनी जांच अवश्य कराएं।

उन्होंने क्षय रोगियों को बताया- टीबी की दवाओं के साथ पौष्टिक भोजन लेना जरूरी है। खासकर उच्च प्रोटीन युक्त पुष्टाहार लेने से क्षय रोगियों को जल्दी आराम आता है। एडॉप्शन कार्यक्रम के दौरान डा. रवि शर्मा, डा. अनुज और क्षय रोग विभाग से पीपीएम समन्वयक दीपाली गुप्ता, पीके दुबे, हरीश कुमार और ओमकार आदि मौजूद रहे। आरएचएएम संस्था की ओर से डा. धीरज भार्गव ने कहा - गोद लिए गए क्षय रोगियों को उपचार जारी रहने तक संस्था हर माह पुष्टाहार उपलब्ध कराएगी। वह चिकित्सक के बताए अनुसार नियमित रूप से दवाएं खाते रहें।

**नोटिफिकेशन के मामले में पांचवें नंबर पर आया जिला**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. भवतोष शंखधर ने बताया - जिले में पब्लिक और प्राइवेट, दोनों ही क्षेत्रों में टीबी नोटिफिकेशन बढ़ा है। इससे अधिक क्षय रोगियों को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सकेगा और वह जल्दी ठीक हो सकेंगे। इसके साथ संक्रमण की चेन तोड़ने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने बताया - वर्ष -2023 में सूबे में निक्षय पोर्टल पर कुल 6.26 लाख क्षय रोगियों का नोटिफिकेशन हुआ है। इनमें से 4.05 लाख क्षय रोगी पब्लिक और 2.20 लाख निजी क्षेत्र से नोटिफाई किए गए हैं। क्रमशः लखनऊ, आगरा, कानपुर-नगर और अलीगढ़ जनपद के बाद गाजियाबाद जनपद का नोटिफिकेशन में पांचवां स्थान है। जनपद में वर्ष-2023 में कुल 19,211 क्षय रोगियों का नोटिफिकेशन किया गया है, इनमें से 11,642 रोगी पब्लिक और 7,569 निजी क्षेत्र से नोटिफाई किए गए हैं। सीएमओ ने जनपद के सभी क्षय रोगियों का आह्वान किया है कि वह अपने आफिस या दुकान आदि पर संपर्क में आने वाले लोगों और परिजनों को टीबी की जांच कराने के लिए प्रेरित करें।

# गूगल ने उन्नत रोबोट विकसित करने के लिए नए एआई तरीके किए पेश



**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। गूगल डीपमाइंड रोबोटिक्स टीम ने हमारे दैनिक उपयोग के लिए बेहतर मल्टी-टास्किंग रोबोट विकसित करने में मदद करने के लिए बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) पर आधारित नए एआई-आधारित सिस्टम पेश किए हैं।

तकनीकी दिग्गज ने वास्तविक दुनिया के रोबोट डेटा संग्रह, गति और सामान्यीकरण को बेहतर बनाने के लिए ऑटोआरटी, सारा-आरटी और आरटी-ट्रैजेक्टरी सिस्टम का अनावरण किया। 'हम रोबोटिक्स अनुसंधान में प्रगति की एक श्रृंखला की घोषणा कर रहे हैं जो हमें इस भविष्य के एक कदम करीब लाती है। गूगल डीममाइंड टीम ने एक बयान में कहा, ऑटोआरटी, एसएआरए-आरटी और आरटी-ट्रैजेक्टरी हमारे ऐतिहासिक रोबोटिक्स ट्रांसफॉर्मर पर आधारित हैं, जो रोबोटों को तेजी से निर्णय लेने और उनके वातावरण को बेहतर ढंग से समझने और नेविगेट करने में मदद करते हैं।

ऑटोआरटी बड़े फाउंडेशन मॉडल की क्षमता का उपयोग करता है जो ऐसे रोबोट बनाने के लिए महत्वपूर्ण है, जो व्यावहारिक मानव लक्ष्यों को समझ सकते हैं। टीम ने कहा, अधिक अनुभवात्मक प्रशिक्षण डेटा एकत्र करके ऑटोआरटी वास्तविक दुनिया के लिए रोबोट को बेहतर प्रशिक्षित करने के लिए रोबोटिक सीखने में मदद कर सकता है।

ऑटोआरटी एलएलएम या विजुअल लैंग्वेज मॉडल (वीएलएम), और रोबोट कंट्रोल मॉडल (आरटी-1 या आरटी-2) जैसे बड़े फाउंडेशन मॉडल को जोड़कर एक सिस्टम बनाता है जो नए वातावरण में प्रशिक्षण डेटा इकट्ठा करने के लिए रोबोट तैनात कर सकता है। टीम ने सूचित किया कि सात महीनों में व्यापक वास्तविक दुनिया के मूल्यांकन में, सिस्टम ने विभिन्न कार्यालय भवनों में एक साथ 20 रोबोट और कुल मिलाकर 52 अद्वितीय रोबोटों को सुरक्षित रूप से व्यवस्थित किया, जिसमें 6,650 अद्वितीय कार्यों में 77,000 रोबोट परीक्षणों से युक्त एक विविध डेटासेट एकत्र किया गया। रोबोटिक्स ट्रांसफार्मर (एसएआरए-आरटी) प्रणाली के लिए सेल्फ-एडेप्टिव रोबस्ट अटेंशन रोबोटिक्स ट्रांसफार्मर (आरटी) मॉडल को अधिक कुशल संस्करणों में परिवर्तित करता है।

डीपमाइंड टीम ने कहा, 'छवियों का संक्षिप्त इतिहास प्रदान किए जाने के बाद सर्वश्रेष्ठ एसएआरए-आरटी-2 मॉडल आरटी-2 मॉडल की तुलना में 10.6 प्रतिशत अधिक सटीक और 14 प्रतिशत तेज़ थे। हमारा मानना है कि यह बिना किसी गुणवत्ता हानि के कम्प्यूटेशनल सुधार प्रदान करने वाला पहला स्केलेबल ध्यान तंत्र है।' जब टीम ने एसएआरए-आरटी को अरबों मापदंडों के साथ अत्याधुनिक आरटी-2 मॉडल में लागू किया, तो इसके परिणामस्वरूप तेजी से निर्णय लेने और रोबोटिक कार्यों की एक विस्तृत श्रृंखला पर बेहतर प्रदर्शन हुआ।

## गूगल जेमिनी अल्ट्रा द्वारा संचालित उन्नत एआई चैटबॉट बार्ड पर कर रहा काम

*सैन फ्रांसिस्को। गूगल कथित तौर पर बार्ड नामक अपने एआई चैटबॉट के उन्नत संस्करण पर काम कर रहा है, जो सशुल्क सदस्यता के माध्यम से उपलब्ध होगा। चैटजीपीटी और माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट प्रतिद्वंद्वी का उन्नत संस्करण, जिसे 'बार्ड एडवांस्ड' कहा जाता है, स्पष्ट रूप से जेमिनी अल्ट्रा, गूगल के नए बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) द्वारा संचालित है। डेवलपर डायलन रूसेल ने सबसे पहले उन्नत बार्ड संस्करण को देखा और एक्स पर पोस्ट किया कि 'बार्ड एडवांस्ड' गूगल वन पर सशुल्क सदस्यता के साथ उपलब्ध होगा। उन्होंने गुरुवार देर रात पोस्ट किया, 'गूगल आपको गूगल वन के माध्यम से उन पर तीन महीने का 'बार्ड एडवांस्ड' प्राप्त करने की अनुमति देगा। बार्ड एडवांस्ड जेमिनी अल्ट्रा का उपयोग करेगा। 'हालांकि सुविधा अभी तक समाप्त नहीं हुई है, लेकिन इससे आपको 'विभिन्न विषयों का पता लगाने की अनुमति मिलेगी कि आप बार्ड के साथ क्या कर सकते हैं। 'बार्ड एडवांस्ड' एक 'उन्नत गणित और तर्क कौशल के साथ अधिक सक्षम बड़ा भाषा मॉडल है।'*

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टीसीएस | 1.93 प्रतिशत |
| एलटी | 1.62 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.37 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.16 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.13 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.65 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.06 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.83 प्रतिशत |
| सन फ़ार्मा | 0.78 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.71 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5600-5700 |
| दाल चना | 6600-6700 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9300-9400 |
| अरहर दाल | 12000-12100 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## वर्ष 2024 में भारत की विकास दर 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमानः यू एन रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। जबरदस्त घरेलू मांग के साथ ही विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में तीव्र बढोतरी को ध्यान में रखते हुये संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक स्थिति एवं सम्भावनाएँ रिपोर्ट में भारत की वृद्धि दर 2024 में 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है।



पिछले वर्ष की इस रिपोर्ट में भारत की वृद्धि दर के 2023 में 6.3 प्रतिशत रहने की बात कही गयी थी। इसमें कहा गया है कि दक्षिण एशिया में आर्थिक वृद्धि 2024 में 5.2 प्रतिशत की दर से मज़बूत रहने का अनुमान है, हाँलाकि यह 2023 की 5.3 की अनुमानित दर से कुछ कम है। इसका श्रेय भारत में ज़बरदस्त विस्तार को दिया गया है जो विश्व में सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पूर्वी और दक्षिण एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के सामने चुनौतियाँ बढ़ रही हैं। बाहरी माँग में मन्दी, वित्तीय शर्तों में कठोरता और लागातर कर्ज़ अदायगी में चूक के जोखमि, क्षेत्र के आर्थिक सम्भावनाओं एवं सतत् विकास पर भारी पर सकता है। इसमें अनुमान जताया गया है कि वित्तीय शर्तों में कसावट, राजकोषीय साधनों की तंगी और विदेशी माँग में मन्दी के कारण पूर्व एवं दक्षिण एशिया के देशों में आर्थिक वृद्धि धीमी हो रही है।

संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख आर्थिक रिपोर्ट में निकट भविष्य के लिए आर्थिक स्थिति की निराशाजनक तस्वीर पेश की गयी है। निरन्तर ऊँची ब्याज दर, भूराजनैतिक तनाव, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में मन्दी और बढ़ती जलवायु आपदाएँ वैश्विक वृद्धि के लिए भारी चुनौतियाँ हैं। विश्व की आर्थिक वृद्धि की दर 2023 की अनुमानित 2.7 प्रतिशत से मन्द होकर 2024 में 2.4 प्रतिशत रहने की बात कही गयी है जो वैश्विक महामारी पूर्व 3 प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है।

इसमें कहा गया है कि लम्बे समय तक ऋण की तंगी और ऋण की ऊँची लागत, कर्ज़ में डूबी विश्व अर्थव्यवस्था के लिए सुखद संकेत नहीं है जबकि उसे वृद्धि में जान डालने, जलवायु परिवर्तन का सामना करने और सतत् विकास लक्ष्यों की दिशा में तेज़ गति से बढ़ने के लिए पहले से अधिक निवेश की आवश्यकता है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेश के अनुसार, 2024 में हमें इस मकड़जाल से निकलना होगा। बड़ी मात्रा में साहसिक निवेश के ज़रिए हम सतत् विकास और जलवायु कार्रवाई का ख़र्च उठा सकते हैं और विश्व अर्थव्यवस्था को सबके हित में मज़बूत वृद्धि के रास्ते पर ले जा सकते हैं। हमें सतत् विकास और जलवायु कार्रवाई में निवेश हेतु उचित लागत पर दीर्घकालिक वित्त पोषण में कम से कम 500 अरब डॉलर वार्षिक के सतत् विकास लक्ष्य प्रोत्साहन पैकेज की दिशा में पिछले वर्ष की प्रगति के सहारे आगे बढ़ना होगा।

पूर्व एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में कुछ मन्दी की आशंका है। इनका सकल घरेलू उत्पाद 2023 के 4.9 प्रतिशत की तुलना में घटकर 2024 में 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## गेल ने किया फ्यूल एग्रीग्रेटर प्लेटफॉर्म नवगति में निवेश

**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र की प्राकृतिक गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने अपनी पंख पहल के तहत भारत में प्रमुख फ्यूल एग्रीग्रेटर स्टार्टअप नवगति में एक करोड़ रुपये का निवेश किया है।



कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि आने वाले वर्ष में यह साझेदारी नवगति के विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस निवेश से डिजिटाइजेशन किया जाएगा। पंप ऑपरेटरों, कंपनियों और उपभोक्ताओं के ईंधन लेने के पूरे सफर को सुखद बनाया जाएगा। कुल मिलाकर इससे इंडस्ट्री को शानदार अनुभव होगा। इसके अलावा इस पहल से नवगति को इंडस्ट्री से मूल्यवान सुझाव, जानकारी और मार्गदर्शन भी मिलेगा। गेल की महत्वपूर्ण पहल पंख के तहत निवेश का लक्ष्य देश में उभरते हुए बेहतरीन स्टार्टअप को अपना समर्थन प्रदान करना और ऊर्जा क्षेत्र में आविष्कारों को बढ़ावा देना है। यह नवगति को अपनी तकनीक को सुधारने और विकास के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए सशक्त बनाएगा। इस महत्वपूर्ण निवेश से न केवल नवगति की क्षमता में गेल का विश्वास उजागर होता है, बल्कि इससे फ्यूल सेक्टर के डिजिटाइजेशन की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने, संपूर्ण फ्यूलिंग सिस्टम को बेहतर बनाने और ईंधन के लिए बड़े पैमाने पर होने वाली भीड़-भाड़ और आपाधापी को कम करने में सरकार की गहरी दिलचस्पी का पता चलता है।

इस स्टार्टअप ने इस निवेश को अपने विस्तार के प्रयास के लिए इस्तेमाल करने की योजना बनाई है। नवगति का पूरा ध्यान 2000 से ज्यादा पेट्रोल पंपों को अपने रिटेल ऑपरेशंस प्लेटफॉर्म आवेग के तहत लाने पर है। यह एक तरह का सॉफ्टवेयर और सर्विस सोल्यूशन है, जिससे डैशबोर्ड पर हर फ्यूल स्टेशन या पेट्रोल पंप की स्थिति का डिस्प्ले होता है। स्टॉक की वास्तविक स्थिति का पता चलता है। संसाधनों के कम या ज्यादा इस्तेमाल की जानकारी मिलती है। इससे उपभोक्ताओं को आंकड़ों के आधार पर सोच-समझकर फैसला लेने की इजाजत मिलती है।

## एलएंडटी के नाम पर फर्जी पेमेंट आईडी बना सरकार से ले लिया 1.32 करोड़ का पेमेंट, जांच करेगी हाई लेवल कमिटी

**रांची,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लिए लार्सन एंड टूब्रो ने काम किया, लेकिन इसके एवज में किसी और ने कंपनी के नाम पर फर्जी पेमेंट आईडी बनाकर एक करोड़ 32 लाख का भुगतान उठा लिया। मामला वर्ष 2019-20 का है, जो अब पकड़ में आया है। विभाग की ओर से इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही इस मामले की जांच के लिए विभाग ने हाई लेवल कमेटी गठित की है। फर्जीवाड़े का यह मामला तब पकड़ में आया, जब लार्सन एंड टूब्रो कंपनी ने विभाग के लिए किए गए काम के एवज में भुगतान नहीं होने की शिकायत की।

विभाग ने शिकायत की जांच शुरू की तो यह जानकारी सामने आई कि वर्ष 2020 में 23 मार्च एवं 30 मार्च की तिथि को दो चेक के जरिए कुल एक करोड़ 32 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। जांच में इसका खुलासा हुआ कि यह राशि एलएंडटी के नाम पर बनाए गए फर्जी पेमेंट आईडी पर भेजी गई है। इस तरह के कुल पांच फर्जी आईडी बनाये जाने की जानकारी सामने आई है। विभाग ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच के लिए अपर सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित की है। इसमें चीफ इंजीनियर मुख्यालय शिशिर कुमार सोरेन, प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी श्यामानंद झा और लिपिक अमरेश कुमार शामिल हैं। समिति इस मामले की जांच कर दोषी पदाधिकारियों और कर्मियों को चिन्हित करते हुए विभाग को रिपोर्ट सौंपेगी।

## सेवा क्षेत्र ने दिसंबर 2023 में दर्ज की जबरदस्त वृद्धि

**मुंबई,** 5 जनवरी (आईएएन)। एचएसबीसी सर्वेक्षण के अनुसार, मजबूत मांग और सकारात्मक परिदृश्य के कारण भारत के सेवा क्षेत्र ने दिसंबर 2023 में मजबूत वृद्धि दर्ज की। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स नवंबर के 12 महीने के निचले स्तर 56.9 से बढ़कर दिसंबर में 59.0 पर पहुंच गया। सर्वेक्षण में 50 अंक वह सीमा है, जो विकास को संकुचन से अलग करती है।



एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत के सेवा क्षेत्र ने तीन महीने के उच्चतम नए ऑर्डर सूचकांक के कारण व्यावसायिक गतिविधि में बढ़ोतरी के साथ साल का अंत उच्च स्तर पर किया। सेवा कंपनियों को उम्मीद है कि इस साल गति मजबूत बनी रहेगी, जो नवंबर के चार महीने के निचले स्तर की तुलना में भविष्य की गतिविधि उप-सूचकांक में बढ़ोतरी से संकेत मिलता है। हालांकि, महीने के दौरान नियुक्ति की गति धीमी रही, लेकिन यह पिछले महीने की तुलना में अधिक थी।

मुद्रास्फीति कम होने से कंपनियों को कुछ राहत मिली, इसस परिचालन लागत में वृद्धि धीमी हो गई। उन्होंने अतिरिक्त लागत का भार भी त्वरित गति से ग्राहकों पर डाला, जो कि अधिक मुनाफ़े को दर्शाता है।

हालांकि बुधवार को जारी विनिर्माण क्षेत्र सूचकांक दिसंबर में गिरकर 54.9 पर आ गया, लेकिन मजबूत सेवा गतिविधि ने समग्र एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स को 58.5 तक बढ़ा दिया है, जो तीन महीनों में सबसे अधिक है।

## शेयर बाजार में तेजी जारी


**मुंबई** 5 जनवरी (एजेंसियां)। विश्व बाजार में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर आईटी, कैपिटल गुड्स, टेक और इंडस्ट्रियल्स समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में आज लगातार तीसरे दिन भी तेजी जारी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 178.58 अंक मजबूत होकर 72 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 72,026.15 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 52.20 अंक चढ़कर 21,710.80 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.19 प्रतिशत की बढ़त लेकर 37,706.55 अंक और स्मॉलकैप 0.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 43,819.39 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3936 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2223 में तेजी जबकि 1612 में गिरावट रही वहीं 101 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी 23 कंपनियां हरे जबकि 27 लाल निशान पर रही।

बीएसई के 15 समूहों में लिवाली हुई। इस दौरान सीडी 0.35, ऊर्जा 0.18, वित्तीय सेवाएं 0.07, इंडस्ट्रियल्स 0.97, आईटी 1.29, दूरसंचार 0.59, ऑटो 0.47, बैंकिंग 0.07, कैपिटल गुड्स 1.27, तेल एवं गैस 0.26, पावर 0.09, रियल्टी 0.47, टेक 1.03 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.53 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.88, जर्मनी का डैक्स 0.80, हांगकांग का हैंगसेंग 0.66 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.85 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि जापान के निक्केई में 0.27 प्रतिशत बढ़त रही।




शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 169 अंक की तेजी के साथ 72,016.71 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 72,156.48 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, लगातार जारी बिकवाली के दबाव में यह कारोबार के अंतिम चरण में 71,779.83 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 71,847.57 अंक के मुकाबले 0.25 प्रतिशत चढ़कर 72,026.15 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी 47 अंक बढ़कर 21,705.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,749.60 अंक के उच्चतम जबकि 21,629.20 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,658.60 अंक की तुलना में 0.24 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 21,710.80 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों के शेयर लाभ में रहे उनमें टीसीएस 1.93, एलटी 1.62, इंफ़ोसिस 1.37, एक्सिस बैंक 1.16, एचसीएल टेक 1.13, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.08, विप्रो 0.93, आईसीआईसीआई बैंक 0.78, बजाज फिनसर्व 0.40, रिलायंस 0.36, अल्ट्रासिमको 0.10, टेक महिंद्रा 0.09, मारुति 0.03, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.02 और बजाज फाइनेंस 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, नेस्ले इंडिया 1.65, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.06, कोटक बैंक 0.83, सन फ़ार्मा 0.78, एशियन पेंट 0.71, एनटीपीसी 0.66, टाटा मोटर्स 0.64, इंडसइंड बैंक 0.56, एचडीएफ़सी बैंक 0.45, टाटा स्टेल 0.45, आईटीसी 0.40, टाइटन 0.30, भारती एयरटेल 0.22, एसबीआई 0.13 और पावरग्रिड के शेयर 0.06 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## मोदी ग्रुप 5 साल में 6 हजार करोड़ रुपए का करेगा निवेश



नई दिल्ली 5 जनवरी (एजेंसियां)। मोदी ग्रुप, जिसे पहले बीके मोदी ग्रुप के नाम से जाना जाता था, ने शुक्रवार (5 जनवरी, 2024) को नई दिल्ली के ताज महल होटल में आयोजित कार्यक्रम में मोदी ब्रांड के भव्य लॉन्च के साथ एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया। इस कार्यक्रम में समूह के संस्थापक राजर्षि भूपेन्द्र मोदी के दूरदर्शी आदर्शों के साथ ब्रांड के तालमेल को देखने के लिए प्रतिष्ठित हस्तियों और हितधारकों को एक जुट किया गया। मोदी ग्रुप ने विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में अगले 5 वर्षों में 6000 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की। यह निवेश प्रधानमंत्री मोदी के 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था हासिल करने के लक्ष्य पर निर्धारित है। पहले से ही 1000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं शुरू करने के बाद मोदी ग्रुप आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इन महत्वाकांक्षी विकास योजनाओं से भारत के शहरों में हजारों लोगों के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। मोदी ग्रुप का विकास को बढ़ाते हुए स्थायी रोजगार के माध्यम से जीवन को सशक्त बनाकर देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देना प्रमुख लक्ष्य है। कार्यक्रम में संस्थापक राजर्षि भूपेन्द्र मोदी ने प्रिवेंटिव हेल्थकेयर, वेलनेस और प्रौद्योगिकी-आधारित बुनियादी ढांचे पर ग्रुप के मुख्य फोकस के बारे में बात की। मोदीपुर, रामपुर में 2000 करोड़ के महत्वपूर्ण निवेश के साथ, शहर अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ एक वैश्विक स्मार्ट शहर बनने की ओर अग्रसर है, जिसमें मल्टीप्लेक्स, मॉल, लक्जरी होटल, शहरी निवास और एआई तकनीकी पर आधारित भविष्य के विनिर्माण उद्योग शामिल हैं। संस्थापक राजर्षि भूपेन्द्र मोदी ने हाल ही में मोदीपुर में मोदी एयरक्रेट एवं सहायक कारखाने के लिए भूमि पूजन समारोह आयोजित किया था।

## सार संक्षेप

### माइक्रो एसयूवी पंचडॉटईवी की अनावरण के साथ बुकिंग शुरू

**मुंबई।** इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रही टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) ने आज अपना पहला आधुनिक प्योर ईवी आर्किटेक्चर एक्टिडॉटईवी पर आधारित माइक्रो एसयूपी पंचडॉटईवी का अनावरण के साथ ही इसकी बुकिंग की घोषणा की। कंपनी ने यहां कहा कि एक्टिडॉटईवी का अर्थ एडवांस्ड कनेक्टेड टेक-इंटेलिजेंट इलेक्ट्रिक व्हीकल है। यह टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के पोर्टफोलियो में शामिल आगे आने प्रोडक्ट्स के विकास में योगदान देगा। पंचडॉटईवी इस प्योर इलेक्ट्रिक आर्किटेक्चर पर आधारित पहला प्रोडक्ट होगा। ये कई बॉडी स्टाइल और साइज के साथ तमाम तरह के प्रोडक्ट बनाने में योगदान करेगा। आज से ग्राहक 21,000 हजार रुपये का भुगतान करके ईवी बिक्री के लिए अधिकृत टाटा मोटर्स शोरूम या कंपनी की वेबसाइट पर बुक कर सकते हैं।

### स्कोडा ऑटो इंडिया ने दो सालों में 1,00,000 से ज्यादा कारों की बिक्री दर्ज की

**नोएडा।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी कारों की बिक्री की तेज रफ्तार बरकरार रखी है। इसने पिछले दो सालों में 1,00,000 से ज्यादा कारों की ब्रिक्री की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। यह भारत को ध्यान में रखकर प्रॉडक्ट्स बनाने की कंपनी की रणनीति का अहम हिस्सा है। इसके तहत भारतीय बाजार के लिए बनाए गए दो विश्वस्तरीय प्रॉडक्ट्स कुशाक और स्लाविया लॉन्च किए गए थे। इन दोनों मॉडल की कारों की बिक्री से कंपनी को दो साल में ही यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हो गई। इससे पहले कंपनी को 1 लाख कारों की बिक्री के आंकड़े तक पहुंचने में छह साल से ज्यादा समय लगा था।

### गेल ने एलएनजी के आयात के लिए विटोल के साथ किया 10 साल का समझौता

**सिंगापुर।** गेल (इंडिया) लिमिटेड और विटोल एशिया पीटीई लिमिटेड ने शुक्रवार को से 2026 भारत में प्रति वर्ष लगभग 10 लाख मीट्रिक टन एलएनजी की आपूर्ति के लिए दीर्घकालिक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) सौदे पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। इस सौदे के तहत, विटोल अपने वैश्विक एलएनजी पोर्टफोलियो से अखिल भारतीय आधार पर गेल को एलएनजी वितरित करेगा। गेल के सीएमडी संदीप कुमार गुप्ता ने कहा, गेल द्वारा विटोल के साथ यह दीर्घकालिक एलएनजी सौदा इसके बड़े एलएनजी पोर्टफोलियो को बढ़ाएगा और देश की प्राकृतिक गैस की मांग और आपूर्ति के अंतर को पाटने में योगदान देगा। विटोल के सीईओ रसेल हार्डी ने कहा, हमें विटोल और गेल के बीच मौजूदा संबंधों को आगे बढ़ाने और इस दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति सौदे को एक साथ पूरा करने पर खुशी है। भारत एक महत्वपूर्ण और बढ़ता हुआ एलएनजी बाजार है और हम भारत में प्राकृतिक गैस की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने वैश्विक एलएनजी पोर्टफोलियो से एलएनजी आपूर्ति लाने के लिए उत्साहित हैं।

## खाद्य तेलों में टिकाव, दालें महंगी

**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकालने से दालें महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जनवरी का पाम ऑयल वायदा 14 रिंगिट गिरकर 3670 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.23 सेंट की तेजी लेकर 48.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान चना 50, दाल चना 50, मसूर दाल 50, मूंग दाल 100 और अरहर दाल 500 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई वहीं उड़द दाल के भाव पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 5500-5600, दाल चना 6500-6600, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 12500-12600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## 165 एकड़ में विकसित हो रहे 40 मेगावाट सौर ऊर्जा प्लांट के जरिए अयोध्या बनेगा स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन का रोल मॉडल

**अयोध्या,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। नव्य अयोध्या के माझा रामपुर हलवारा ग्राम में 40 मेगावाट बिजली उत्पादन करने में सक्षम सोलर पावर प्लांट के विकास व संचालन का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार 200 करोड़ रुपये की लागत से 165 एकड़ में सोलर पावर प्लांट का विकास व संचालन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) को 30 साल की लीज पर जमीन उपलब्ध कराई गई है। इस भूक्षेत्र पर यूपीनेडा द्वारा एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड से प्लांट संचालन के लिए अनुबद्ध किया गया है तथा प्लांट के संचालन व विकास के लिए एनटीपीसी द्वारा पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) के तहत जैक्सन सोलर को आबद्ध किया गया है, जो कि सोलर पैनल उत्पादनकर्ता होने के साथ ही देश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कार्यरत बड़ी कंपनियों में शुमार है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के हेड ऑफ प्रोजेक्ट व अपर महाप्रबंधक रतन सिंह ने इस परियोजना के बारे में बताया कि इस सौर ऊर्जा प्लांट की कुल क्षमता 40 मेगावाट बिजली उत्पादन की होगी और इससे प्रति वर्ष 8.65 करोड़ यूनिट बिजली का उत्पादन होगा।



इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 200 करोड़ है तथा 165 एकड़ में अवस्थित प्लांट के विकास का कार्य जैक्सन सोलर को सौंपा गया है। इस प्लांट में कुल मिलाकर 550 व 555 वॉट बिजली उत्पादन से युक्त 1,04,580 सोलर पैनल्स इंपैनल्ड हैं। प्लांट का 22 जनवरी को उद्घाटन प्रस्तावित है। यह 10 मेगावॉट बिजली उत्पादन के शुरुआती प्रतिमान के अनुरूप कार्य करने में सक्षम हो गया है। उद्घाटन के बाद इसे जल्द ही पूरी क्षमता के साथ भी संचालित कर दिया जाएगा। पूरी क्षमता से संचालित होने पर यह प्लांट अयोध्या की कुल विद्युत खपत का 10 प्रतिशत पूरा कर सकेगा। प्लांट से बनने वाली विद्युत ऊर्जा को दर्शननगर सब स्टेशन तक 132-33 केवी ओवरहेड पावर लाइन के जरिए प्रवाहित किया जाएगा। फिलहाल प्लांट में चलते कार्यों के दृष्टिगत करीब 300 लोगों के वर्क फोर्स को डिप्लॉय किया गया है, वहीं एक बार पूर्ण हो जाने पर प्लांट के संचालन के लिए केवल 15-20 लोगों की ही जरूरत होगी, जिसमें टेक्निकल स्टाफ व हैंडलिंग स्टाफ मुख्य होगा। यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि सीएम योगी के नव्य-भव्य अयोध्या विजन को साकार करने के साथ ही यह प्रोजेक्ट किफायती तथा पर्यावरण अनुकूल भी होगा। उनके अनुसार, कोयले से होने वाले बिजली उत्पादन की अपेक्षा यहां बिजली उत्पादन के जरिए प्रति वर्ष 47,000 हजार टन कार्बन डाईऑक्साइड एमीशन रोकने में मदद मिलेगी। इस परियोजना के जरिए 17 लाख पेड़ों के कार्बन डाईऑक्साइड सोखने बराबर कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन को रोकने में मदद मिलेगी।

# खेल जगत

## पोटापोवा के रिटायर होने के बाद रिबाकिना सेमीफाइनल में



**ब्रिस्बेन,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। कजाकिस्तान की एलेना रिबाकिना शुक्रवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में पहुंच गईं, जब उनकी रूसी प्रतिद्वंद्वी अनस्तासिया पोटापोवा चोट के कारण बीच में ही रिटायर हो गईं। पहले पांच मैचों में कड़े मुकाबले के बाद पोटापोवा को 4-1 से पिछड़ने पर मेडिकल टाइमआउट मिला। पोटापोवा के 40-15 से आगे होने के बाद रिबाकिना के 3-1 से आगे होने से पहले पहले तीन गेम सर्विस के साथ चले। आगामी बदलाव पर, रूसी खिलाड़ी कोर्ट पर लेट गई और फिजियो ने उसके पेट की देखभाल की। रिबाकिना ने उसे शुभकामनाएं देते हुए कहा, मैं अनस्तासिया के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं, क्योंकि उसे कल (कुदेरमेतोवा के खिलाफ) बहुत कड़ी लड़ाई का सामना करना पड़ा। मैं खुश हूं कि मुझे एक और मैच खेलने का मौका मिला, लेकिन निश्चित रूप से उस तरह से नहीं जिस तरह से मैं जीतना चाहती थी।

# रोहित ने आईसीसी के दोहरे मानकों के लिए आलोचना की

**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (देशबन्धु)। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी टीम के न्यूलैंडस, कैपटाउन की बेहद मुश्किल पिच पर दूसरा व आखिरी क्रिकेट टेस्ट सात विकेट से जीतने के बावजूद पिचों की रेटिंग में आईसीसी और मैच रेफरी के कथित दोहरे मानकों के लिए आलोचना की। सीम गेंदबाजों के लिए पूरी तरह मुफीद पिच इतिहास का सबसे छोटा टेस्ट में जीतने के बाद भारत के कप्तान रोहित ने कहा कि उन्हें भारत में पिचों को लेकर बेवजह कड़ी आलोचना पर ऐतराज है।

भारत के कप्तान रोहित ने कहा, %हमने देखा कि कैपटाउन के टेस्ट मैच में क्या हुआ। पिच कैसा खेली। सच कहूं मुझे इस तरह की पिचों पर खेलने पर तब तक कोई ऐतराज नहीं है जब तक हर कोई भारत में अपना मुंह बंद रखे और भारतीय पिचों के बारे में ज्यादा बात नहीं करे। मेरा मानना है कि आप टेस्ट क्रिकेट में खुद को चुनौती देने आते हैं और दक्षिण अफ्रीका में खेलना खतरनाक और चुनौतीपूर्ण था। ऐसे में जब बाकी टीमें भारत खेलने आती है तो उनके लिए स्थिति खासी चुनौतीपूर्ण होती है। जब हम दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट खेलने आते हैं तो चर्चा यह होती टेस्ट क्रिकेट सबसे बड़ा इम्तिहान है। भारत में ऐसा ही होता है और भारत में यदि गेंद पहले ही दिन घूमने लगी है तो लोग कहने लगते हैं%धूल का गुबार, धूल का गुबार'। कैपटाउटन की पिच पर बहुत ज्यादा दरार थी और इस पर किसी ने गौर तक नहीं किया। हमारी कैपटाउन टेस्ट की यह जीत हमारी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट जीतों में से होगी। हर टेस्ट की अपनी अहमियत है, अपनी



- हमारी कैपटाउन की टेस्ट जीत ठीक गाबा टेस्ट जैसी
- उम्मीद मैच रेफरी आंख-कान खुले रख कर खेल के उन सभी पहलुओं पर गौर करेंगे

प्रासंगिकता और इसीलिए आपके द्वारा खेले टेस्ट की तुलना करना कठिन है। हमने गाबा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जो टेस्ट जीता उसकी अपनी अहमियत और प्रासंगिकता। ऑस्ट्रेलिया इससे पहले ब्रिस्बेन में आखिरी टेस्ट 1988 में हारी थी। हमने 0-1 से पिछड़ने के बाद हमने मेलबर्न में टेस्ट जीता और सिडनी का टेस्ट ड्रॉ कराया और फिर ब्रिस्बेन कर टेस्ट दिया। आप इसी लिए टेस्ट मैच में जीत को रैंकिंग नहीं दे सकते । हमारी कैपटाउन की टेस्ट जीत ठीक गाबा टेस्ट की तरह है क्योंकि हम इससे पहले कैपटाउन में कभी टेस्ट नहीं जीते थे।

रोहित ने भारत में आईसीसी वन डे विश्व कप के दौरान मैच रेफरियों और कुछ पिचों की रेटिंग को उनके दी रेटिंग पर निशाना साधा। रोहित ने कहा, %मेरा मानना है अहम यह है कि मैच रेफरी हर जगह तटस्थ रहे।

जरूरत इस बात की है कुछ मैच रेफरियों को इस नजर रखने की जरूरत है वे पिचों को कैसे आंकते हैं। मुझे अभी भी विश्वास नहीं होता कि अहमदाबाद में आईसीसी वन डे विश्व कप फाइनल की पिच को रेटिंग में औसत से नीचे आंका गया। भारत के खिलाफ इस फाइनल में एक बल्लेबाज (ट्रेविज हेड) ने शतक जड़ा। ऐसे में फाइनल की यह पिच घटिया कैसे हो सकती है? ये ऐसी बाते हैं जिन पर आईसीसी और मैच रेफरी को गौर करने की जरूरत है। यह बेहद अहम है कि मैच रेफरी जो देखते हैं पिचों की रेटिंग पिच के आधार पर करें न की देशों के आधार पर। मैं उम्मीद करता हूं कि मैच रेफरी अपनी आंख और कान खुले रख कर खेल के उन सभी पहलुओं पर गौर करेंगे। सच कहूं मैं एकदम इस तरह की पिचों पर खेलने के हक में हूं। मुझे गर्व है कि हम खुद को इस तरह की पिचों पर खेलने की चुनौती देना चाहते हैं। मैं बस यह चाहूंगा कि तटस्थ रहे।'

## केपटाउन जीत सर्वश्रेष्ठ टेस्ट जीतो में से एक : रोहित

**केपटाउन।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि केपटाउन में मिली जीत हमारी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट मैच जीत में से एक है। उन्होंने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के गेंदबाजी आक्रमण का सराहना की। भारत को कल सात विकेट से मिली जीत के बाद रोहित ने कहा, यह हमारी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट मैच जीत में से एक है। केपटाउन में इससे पहले कोई भी टेस्ट नहीं जीत पाने के कारण अन्य टेस्ट जीत की तुलना में यह काफी खास है। ऐसे तो हर टेस्ट मैच का अपना अलग महत्व होता है और उनकी तुलना करना भी काफी कठिन है। गाबा में भी हमने जो टेस्ट मैच जीता था, वह भी काफी खास था। उस मैदान पर उससे पहले ऑस्ट्रेलिया को हरा पाना काफी कठिन था। वहां उन्हें आखिरी बार 1988 में किसी टेस्ट में पराजय मिली थी। 23, 24 साल (32 साल) बाद हमने वहां टेस्ट मैच जीता। यह एक प्रकार से उनका किला बन गया। वे वहां कभी कोई टेस्ट मैच नहीं हारते। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमने वह टेस्ट मैच जीता वह काफी महत्वपूर्ण था। उस सीरीज में हम 0-1 से पीछे चल रहे थे। इसके बाद हम मेलबर्न में जीते और फिर हमने सिडनी में टेस्ट मैच ड्रा कराया। फिर अंत में ब्रिस्बेन में जीत हासिल की। यह जरूर है कि हम टेस्ट जीत की रैंकिंग नहीं कर सकते लेकिन केपटाउन में मिली जीत बहुत ही ज्यादा खास है, क्योंकि इससे पहले हमने कभी भी यहां पर कोई टेस्ट मैच नहीं जीता था। उन्होंने कहा, हमें पता था कि यह बड़े स्कोर वाला मैच नहीं होगा। इसी कारण से हम अपनी गेंदबाजी में अनुशासित रहना चाह रहे थे। हम ज्यादा प्रयोग नहीं करते हुए चीजो को आसान रखने का प्रयास कर रहे थे। एक बार जब हमने उन्हें 55 रन पर ऑलआउट कर दिया, तो हमने बल्लेबाजों से बात की और उन्हें बताया कि हमें इस मैच में छोटे-छोटे योगदान की जरूरत है। ईमानदारी से कहूं तो शीर्ष चार या पांच बल्लेबाजो ने काफी धैर्य दिखाया। हम जानते थे कि यहां पहली पारी की बढ़त महत्वपूर्ण होने वाली थी। उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि हम बिना रन बनाये छह विकेट खो देंगे। यह थोड़ा निराशाजनक था लेकिन क्रिकेट में ऐसा होता रहता है। हालांकि जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने हमारी गेंदबाजी आक्रमण का बेहतरीन नेतृत्व किया। उन्होंने गेंद को सही क्षेत्र में डाला और पिच को बाकी काम करने दिया और उन्हें इसका इनाम भी मिला। रोहित ने कहा, उस पिच पर कोई भी स्कोर बनाना चुनौतीपूर्ण था। यशस्वी जयसवाल ने काफी खुलकर खेला। हमने इस बारे में चर्चा भी की थी कि अगर गेंद हमारे पाले में रही तो हमें अपने शॉट खेलने हैं। उन्होंने कहा, जब हम आज मैदान पर आए तो हमें पता था कि अगर हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया तो दक्षिण अफ्रीका की टीम अच्छे स्कोर तक पहुंच सकती है। हालांकि हमने अच्छी शुरुआत की और हमें पहले ही ओवर में विकेट मिल गया। इसके बाद हमारे पास एडेन मारक्रम के खिलाफ कुछ योजना थी लेकिन उन्होंने शानदार पारी खेली। उन्होंने कहा, हम बुमराह के क्लास को जानते हैं। हमें पता है कि वह टीम में किस प्रकार की गुणवत्ता लेकर आते हैं। उन्होंने छह विकेट हासिल करते हुए हमें मैच में बनाये रखने का काम किया।

## ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के 68 रन पर सात विकेट चटकाते हुए तीसरे टेस्ट मैच पर पकड़ की मजबूत



**सिडनी** 5 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच तीन मैचों की श्रृंखला के तीसरे और आखिरी टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड की घातक गेंदबाजी की बदौलत शुक्रवार को पाकिस्तान के दूसरी पारी में 68 रन पर सात विकेट चटकाते हुए मैच पर मजबूत पकड़ बना ली है।

तीसरे दिन पहली पारी में कल के दो विकेट पर 116 रन के स्कोर से आगे खेलने उतरी ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम पहली पारी में 299 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान द्वारा पहली पारी में बनाये 313 रन के आधार पर उसे 14 रन की बढ़त मिली थी। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मार्नश लाबुशेन ने 60 और मिचेल मार्श ने 54 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के अंतिम चार बल्लेबाजों में से मिचेल स्टार्क एक रन और लेथन लायन ने पांच रन बनाये।

पाकिस्तान के लिए आमिर जमाल ने छह विकेट लिये। आगा सलामान को दो विकेट मिले। वहीं साजिद खान और मीर हमजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

दूसरी पारी में पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और पहले ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक शून्य का विकेट गंवा दिया। इसके बाद दूसरे ओवर में कप्तान शान मसूद भी शून्य पर पवेलियन लौट गये। सईम अयूब 33रन, बाबर आजम ने 23 रन बनाकर आउट हुये। पाकिस्तान के चार बल्लेबाज शून्य पर आउट हुये। पाकिस्तान ने

तीसरे दिन खेल समाप्त होने तक 26 ओवर में सात विकेट पर 68 रन बना लिए हैं। मोहम्मद रिजवान छह रन और आमिर जमाल शून्य पर नाबाद हैं। पाकिस्तान के पास 82 रन की बढ़त है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड ने चार विकेट लिये। वहीं मिचेल स्टार्क, नेथन लायन और ट्रैविस हेड ने एक - एक बल्लेबाज को आउट किया।

## आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए अश्विन व ट्रेविस हेड हुए नामांकित

**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन, ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा, ट्रेविस हेड और इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज जो रूट ने आईसीसी पुरुष टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2023 के शॉर्टलिस्ट में जगह बनाई है। अश्विन ने इससे पहले 2016 में यह पुरस्कार जीता था और 2021 में वो इस होड़ में शामिल थे। साल 2023 में जून में द ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारत के लिए चयन से चूकने के बावजूद, अश्विन ने सात मैचों में 41 विकेट लिए। घरेलू सरजमीं पर 2023 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में अश्विन के प्रभावशाली प्रदर्शन ने उन्हें चार मैचों में 25 विकेट दिलाकर भारत को प्रतिष्ठित खिताब बरकरार रखने में मदद की।



इस प्रक्रिया में वह टेस्ट क्रिकेट में 114 विकेट के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए और अनिल कुंबले के 111 विकेट को पीछे छोड़ दिया। उनके हरफनमौला प्रयास जिसमें कम स्कोर वाली श्रृंखला में बल्ले से 86 रन बनाना शामिल था। सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिलाया, जिसे उन्होंने रवींद्र जडेजा के साथ साझा किया। डब्ल्यूटीसी 2023 फाइनल के बाद शीर्ष क्रम के टेस्ट गेंदबाज अश्विन को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच के लिए टीम में वापस बुलाया गया था और उन्होंने 12 विकेट लेकर दिखाया कि भारत उन्हें लेने से कैसे चूक गया था, इसके बाद उन्होंने अगले मैच में एक अर्धशतक बनाया और तीन विकेट लिए। दूसरी ओर ट्रेविस हेड ने 2018 में डेब्यू के बाद से टेस्ट क्रिकेट में अपने सबसे शानदार वर्ष का आनंद लिया। 12 मैचों में 919 रन बनाए, जिसमें डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में मैच जीतने वाली 163 रन की पारी भी शामिल है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नए साल के टेस्ट मैच में अर्धशतक के साथ शुरुआत की। यहां तक कि चुनौतीपूर्ण बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में भी जहां कई ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को संघर्ष करना पड़ा। नागपुर में शुरुआती टेस्ट के लिए आश्चर्यजनक रूप से बाहर किए जाने के बाद हेड 200 से अधिक रन बनाने वाले केवल तीन मेहमान खिलाड़ियों में से एक के रूप में उभरे। उन्होंने उस फॉर्म को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल तक पहुंचाया, जहां उनके तूफानी शतक ने मैच को भारत से छीन लिया और ऑस्ट्रेलिया को प्रतिष्ठित गदा दिला दी। इंग्लैंड में हेड का शानदार सफर पहले तीन एशेज मैचों में एक-एक अर्धशतक के साथ जारी रहा और पाकिस्तान के खिलाफ चल रही श्रृंखला सहित वर्ष के शेष खेलों में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## टेस्ट में ओपनिंग करने को तैयार स्मिथ

**सिडनी**, 5 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने पुष्टि की है कि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में पाकिस्तान के खिलाफ चल रहे टेस्ट के अंत में डेविड वार्नर के प्रारूप से संन्यास लेने के बाद वह टेस्ट में सलामी बल्लेबाजी करने में रुचि लेंगे। स्टीव स्मिथ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सलामी बल्लेबाज़ी की चर्चा में शामिल होने वाला नवीनतम नाम है, जिसमें कैमरून ग्रीन, मार्कस हैरिस, कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मैट रेनशॉ जैसे बल्लेबाज वार्नर की भूमिका निभाने के संभावित उम्मीदवार हैं। स्टीव स्मिथ ने कहा, मैं वास्तव में शीर्ष पर जाकर खुश हूं। अगर वे ऐसा करना चाहते हैं तो मैं काफी उत्सुक हूं। मुझे यकीन है कि चयनकर्ता, मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड्स और कप्तान पैट कमिंस के बीच इस मुद्दे को लेकर बातचीत होगी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज साइमन कैटिच का मानना है कि वार्नर के बाद की दुनिया में स्मिथ द्वारा ऑस्ट्रेलिया के अगले टेस्ट ओपनर बनने की होड़ में खुद को चुनौती देने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। जब आप स्टीव स्मिथ के टेस्ट करियर और उनके नंबरों को देखते हैं, तो वह



तीसरे और चौथे नंबर पर अच्छा खेलते हैं। दोनों स्थानों पर उनका औसत 60 से अधिक है। कैटिच ने एसईएन रेडियो पर कहा, अगर स्टीव स्मिथ इसे एक चुनौती के रूप में देखते हैं जिसे वह लेना चाहते हैं, तो मुझे इससे कोई समस्या नहीं है। वह शायद सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं है लेकिन वो जल्द अपनी लय हासिल कर लेंगे। उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ता 17 जनवरी से एडिलेड में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम का चयन करने से पहले इस बात पर निर्णय लेंगे कि वार्नर की जगह कौन लेगा।

## सार संक्षेप

### यूनाइटेड कप : जर्मनी के लिए अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बराबरी की

**सिडनी।** केन रोजवेल एरेना में जर्मनी और ग्रीस के बीच रोमांचक यूनाइटेड कप क्वार्टर फाइनल मुकाबले में, अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मारिया सकारी की 6-0, 6-3 की शानदार जीत के बाद स्टेफानोस सितसिपास पर महत्वपूर्ण जीत हासिल की और जर्मनी के लिए मुकाबला बराबर कर दिया। भारी भीड़ का सामना करते हुए, ज्वेरेव की 6-4, 6-4 से जीत ने उनके लचीलेपन और रणनीतिक खेल का प्रदर्शन किया। मैच पर विचार करते हुए, ज्वेरेव ने सितसिपास के खिलाफ आक्रामकता की आवश्यकता पर जोर देते हुए यूनाइटेड कप से कहा, मुझे आक्रामक होना पड़ा क्योंकि मैं जानता था कि स्टेफानोस खेल में सर्वश्रेष्ठ आक्रामक खिलाड़ियों में से एक है, अगर सर्वश्रेष्ठ आक्रामक खिलाड़ी नहीं है। अब बराबरी के साथ, क्वार्टरफाइनल का भाग्य मिश्रित युगल मैच पर निर्भर था, जहां ज्वेरेव और लौरा सीगमुंड मिलकर स्टेफानोस सितसिपास और टीम के कप्तान पेट्रोस सितसिपास की मजबूत जोड़ी का सामना करेंगे। विजयी जोड़ी सेमीफाइनल में मेजबान देश ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। इससे पहले शुक्रवार को, मारिया सकारी की पूर्व विश्व नंबर 1 एंजेलिक केर्बर पर 6-0, 6-3 की शानदार जीत ने ग्रीस को शुरुआती 1-0 की बढ़त दिला दी। सकारी के क्लिनिकल प्रदर्शन ने उनके प्रभुत्व को प्रदर्शित किया, और उन्होंने अपनी टीम के लिए पहला अंक हासिल करने पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा, मुझे पता था कि एंजी को वापस आने का रास्ता मिल जाएगा और वह हार नहीं मानने वाली थी।

### डेविड वार्नर की लापता बैगी ग्रीन मिली

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज डेविड वार्नर ने शुक्रवार को कहा कि उनकी खोई हुई 'बैगी ग्रीन कैप' (टेस्ट कैप) उन्हें मिल गई है। वार्नर ने आज सुबह सोशल मीडिया पर अपने असली बैगी ग्रीन को पकड़े हुए एक वीडियो पोस्ट किया और इसे ढूंढने के लिए इसमें शामिल लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, नमस्कार, आप सभी को यह बताते हुए मुझे बहुत खुशी और राहत महसूस हो रही है कि मेरी बैगी ग्रीन मिल गई हैं, जो बहुत अच्छी खबर है। उन्होंने कहा, इसमें शामिल सभी लोगों को धन्यवाद और मैं बेहद आभारी हूं। क्वांटास, माल ढुलाई कंपनी, हमारे होटल और टीम प्रबंधन। आपको धन्यवाद। वीडियो में उन्होंने कहा, कोई भी क्रिकेटर जानता है कि उनकी टोपी कितनी खास है और मैं इसे जीवन भर संजो कर रखूंगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रवक्ता ने बताया कि जिस बैग में बैगी ग्रीन रखा था वह टीम होटल (सिडनी में) में पाया गया जिसमें सारा सामान था। हालांकि यह उन्हें कैसे मिला यह अब भी एक रहस्य है।

## ऑस्ट्रेलिया आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन टीम बनी

**दुबई** 5 जनवरी (एजेंसियां)। केपटाउन में भारत के दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से टेस्ट में हराने के बाद सीरीज एक-एक से बराबर कराने के बावजूद, ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में लगातार दो टेस्ट मैच जीतने के बाद आईसीसी रैंकिंग में 3534 अंकों और 118 की रेटिंग के साथ शुक्रवार को पहले पायदान पर पहुंच गयी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की विज्ञप्ति के अनुसार, आस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर चल रही श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन ने एक बार फिर नंबर वन टेस्ट टीम बनने में मदद की। पिछली बार आस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी फाइनल की जीत के बाद थोड़े समय के लिये शीर्ष पर रहा था। रैंकिंग में पिछले अपडेट में भारत के पास आस्ट्रेलिया के साथ 118 रेटिंग अंक बराबर होने के बावजूद ज्यादा अंक थे। लेकिन दक्षिण अफ्रीका से दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर रहने के कारण भारतीय टीम 3746 अंक और 117 रेटिंग के साथ दूसरे पायदान पर खिसक गई है। इसी के साथ तीनों प्रारूपों में नंबर वन टीम के रूप में भारत की बादशाहत खत्म हो गई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया एकदिवसीय मुकाबलों में भी शीर्ष दो स्थानों पर काबिज हैं। भारत 121 रेटिंग के साथ नंबर 1 पर है और ऑस्ट्रेलिया 117 रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर है। टी-20 में भारत 265 रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड (256) पर नौ की बढ़त बना ली है। जब खिलाड़ी रैंकिंग में केन विलियमसन, बाबर आजम और सूर्यकुमार यादव क्रमशः टेस्ट, एकदिवसीय और टी-20 में नंबर एक बल्लेबाज हैं। गेंदबाजों में तीन स्पिनर - टेस्ट में आर अश्विन, एकदिवसीय में केशव महाराज और टी-20 में आदिल राशिद शीर्ष स्थान पर हैं।

International Cricket Council

## खराब पिचें भारतीय टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने लाती हैं : आकाश

**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि भारतीय टीम को कभी भी कठिन पिचों पर खेलने के बारे में शिकायत करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। उनका कहना है कि खराब पिचों ने हमेशा रोहित शर्मा एंड कंपनी से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराया है। सेंचुरियन में तीन दिन के भीतर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक पारी और 32 रन से हार झेलने के बाद भारत ने केपटाउन में दूसरे टेस्ट में एक मुश्किल पिच पर सात विकेट की जीत के साथ वापसी की जिसमें हमेशा अधिक उछाल और सीम मूवमेंट होती थी। यह जीत सात मैचों में केपटाउन में भारत की पहली जीत भी है। इस कमबैक के दम पर भारत दो मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में कामयाब रहा।

चोपड़ा ने कहा, जब एक टेस्ट मैच डेढ़ दिन तक चलता है, तो कुछ अलग नतीजे आते हैं। पिच को लेकर कुछ बातें हो रही हैं। कुछ प्रश्न पूछे गए हैं, भारत ने प्रस्तावित पिचों की गुणवत्ता के बारे में कभी शिकायत नहीं की है।




पिछली बार वांडरर्स की पिच वाकई ख़राब थी। ईमानदारी से कहूं तो इस पर किसी खिलाड़ी को चोट लग सकती थी।

केपटाउन की यह पिच भी खराब थी। चोपड़ा ने जियो सिनेमा पर आकाशवाणी शो में कहा, भारत ने अभी भी खेल पर ध्यान केंद्रित किया और कोई शिकायत नहीं की। मुझे पर्थ ऑस्ट्रेलिया की वह पिच भी याद है और यह सचमुच बहुत बुरा था।

उन्होंने सिर्फ प्रतिस्पर्धा की और लड़ाई का जज्बा दिखाया। जब पिच खराब होती है तो वह किसी न किसी तरह भारतीय टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराती है। मुझे लगता है कि भारत के लिए न तो ऐसी पिचें और न ही धूल भरी पिचें अच्छी हैं। यह क्रिकेट के खेल के लिए सही नहीं है।

# ओलंपिक महिला हॉकी क्वालिफायर की चुनौती के लिए हम हैं तैयार : सविता

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 5 जनवरी (देशबन्धु)। किले की मजबूत दीवार गोलरक्षक सविता की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम रांची में 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर्स रांची, 2024 में शीर्ष तीन में रहकर लगातार तीसरी बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का मकसद लिए रांची पहुंच चुकी है। अनुभवी स्ट्राइकर उपकप्तान वंदना कटारिया का गाल की हड्डी में अभ्यास के दौरान फ्रैक्चर के चलते बाहर ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर होना भारत को जरूर अखरेगा और उनकी जगह भारत ने बलजीत कौर को टीम में शामिल किया है। रांची में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर्स में आठ टीमें शिकरत करेंगी और इनमें से तीन शीर्ष टीमें 2024 में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। अभी ओलंपिक क्वालिफायर्स के शुरू होने में एक हफ्ता बाकी है और इसमें शिरकत करने के लिए मेजबान भारत, अमेरिका और इटली की महिला हॉकी टीमें रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के एस्ट्रो टर्फ खेलने के लिए पहुंच चुकी हैं। भारत की महिला टीम पूल बी में , अमेरिका न्यूजीलैंड व इटली के साथ है। वहीं ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी, पूर्व एशियन गेम्स चैंपियन जापान, चिली और चेक रिपब्लिक की टीमें हैं। भारत की महिला टीम अपने अभियान का आगाज 13 जनवरी को अमेरिका के खिलाफ करने के बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड और



16 जनवरी को इटली से भिड़ेगी। भारत का पहला मकसद अपने पूल बी में शीर्ष दो में स्थान बनाकर सेमीफाइनल में स्थान बनाना होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम ने सविता की अगुआई रांची में ही हाल ही में एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी और इससे

- अमेरिका के खिलाफ पहला मैच खासा रोचक रहने की उम्मीद

उसके हौसले बुलंद हैं। भारत की कप्तान सविता ने कहा, %हमारी टीम रांची में इसी स्टेडियम में महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने से बढ़िया प्रदर्शन को बेताब हैं। ओलंपिक क्वॉलिफायर्स के लिए हमारी तैयारियां बढ़िया रही हैं। हमारी टीम में पिछले ओलंपिक क्वालीफायर्स में शिरकत करने वाली कई खिलाड़ी शामिल हैं और वे जानती हैं कि इस स्तर के बड़े टूर्नामेंट से ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए कैसे प्रदर्शन की जरूरत होती है। हमारे लिए ओलंपिक क्वालिफायर्स करो व मरो का सा टूर्नामेंट है और हम इस चुनौती के लिए तैयार हैं। हमारा पहला मैच अमेरिका से है और हम उसके खिलाफ भुवनेश्वर में भी पिछले ओलंपिक क्वालीफायर्स में खेले थे और इस बार उसके खिलाफ मैच खासा रोचक रहने की उम्मीद है। हम अपने अभियान के बढ़िया आगाज पर निगाहें लगाए हैं।

भारत की चीफ कोच यांकी शॉपमैन ने कहा, यह हमारी बदकिस्मती है कि अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया चोट के लिए महिला ओलंपिक क्वॉलिफायर्स से बाहर हो गई। अभ्यास के दौरान वंदना के गाल की हड्डी में फ्रेक्चर आ गया और उन्हें आराम की सलाह दी गई है और हमें बेशक उनके अनुभव की कमी अखरेगी। हमने वंदना की जगह बलजीत कौर को टीम में शामिल किया जो की टीम के लिए बढ़िया प्रदर्शन कर रही है। भारत की उपकप्तान झारखंड की निकी प्रधान ने कहा, हमारी टीम की हर खिलाड़ी 2024 के पेरिस ओलंपिक में शिरकत करना चाहती है और यही हम सभी का सपना है। इस हफ्ते के शुरू में रांची पहुंचने के बाद हमने इस मैदान पर कुछ अच्छे अभ्यास सत्र में शिरकत की। हमारी टीम की खिलाडियों के झारखंड के हॉकी प्रेमी भी बहुत उत्साहित हैं।

भारत को अपने पूल में अमेरिका से कड़ी टक्कर मिलेगी। भारत ने 2019 में अमेरिका को ओलंपिक हॉकी क्वॉलिफायर्स में पहले मैच में 5-1 से हराया के बाद उससे दूसरे में 1-4 से हारने के बाद कुल 6-5 के स्कोर से जीत के साथ 2020 के टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई किया था।